सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:29

आज का तापमान


| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 25 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83606 |
| निफ्टी | 25517 |
| सोना | 95,886 |
| चांदी | 1,05,510 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

दलाईलामा का मनाया 90वां जन्मदिन

पृष्ठ 5 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 1 जुलाई 2025 | 17 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 183, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# शिमला में 5 मंजिला भवन ढहा, रामपुर में फटा बादल

## कांगड़ा के लंबागांव में ब्यास नदी में फंसी तीन महिलाएं की रेस्क्यू, 9 जिलों में फिर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बीते 48 घंटे में मानसून का कहर बरपा। मूसलाधार बारिश ने प्रदेशभर में भारी तबाही मचाई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राजधानी शिमला के भट्टाकुफर इलाके में सोमवार सुबह एक पांच मंजिला मकान चंद सेकंड में भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि इस घटना से ठीक पहले मकान को खाली करा लिया गया था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। यह पांच मंजिला मकान फोरलेन निर्माण के चलते पहले से ही खतरे में था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गलत खुदाई के कारण ही यह हादसा हुआ है। प्रशासन ने तत्काल मकान मालिक को 50,000 रुपए की राहत राशि दी है और आसपास के पांच अन्य खतरनाक मकानों को भी खाली करा लिया गया है।

**प्रदेश के सात जिलों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी**

वहीं, रामपुर उपमंडल के अंतर्गत सरपारा पंचायत में रविवार रात करीब दो बजे अचानक बादल फटने से सिकासेरी गटूला जगह पर काफी नुकसान हुआ है। बादल फटने की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है और नुकसान का आकलन करने में जुटी है। कांगड़ा जिले के लंबागांव पंचायत के दसलूं गांव में ब्यास नदी के तेज बहाव में फंसी तीन महिलाओं का सफल रेस्क्यू किया गया। वहीं, मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलोट से पहले टनल नंबर 13 के छोर पर लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के भीतर 5 घंटे तक वाहन फंसे रहे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए प्रदेश के 9 जिलों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शिमला में भी भारी बारिश को लेकर चेतावनी दी गई है। ऊना, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर, सोलन, हमीरपुर, शिमला और कुल्लू जिले में भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। 7 जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और सोलन में फ्लैश फ्लड की चेतावनी दी गई है। बता दें कि राज्य में अब तक मानसून से संबंधित घटनाओं में 39 लोगों की मौत हो चुकी है।



### तीन एनएच और 129 से अधिक सड़कें बंद

**बारिश** के कारण राज्य के तीन नेशनल हाइवे और 129 से अधिक सड़कें बाधित हो गई हैं। सिरमौर और कांगड़ा जैसे जिलों में भू-स्खलन और सड़कों के धंसने की घटनाएं आम हो गई हैं। शिमला में जगह-जगह भू-स्खलन से पांच गाड़ियां मलबे में दब गईं, जबकि संजौली में एक मकान में मलबा घुसने से मां-बेटी घंटों घर के अंदर फंसी रहीं।

### प्रदेश में जून में असामान्य रूप से भारी बारिश

**भारतीय** मौसम विभाग के अनुसार जून,2025 में हिमाचल प्रदेश में असामान्य रूप से भारी बारिश हुई, जिसने राज्य के छह जिलों मंडी, हमीरपुर, सिरमौर, सोलन, शिमला और कांगड़ा में अत्यधिक वर्षा दर्ज की। यह वर्षा इतनी अधिक थी कि कुल मासिक औसत 1901 के बाद से 21वें उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। पूरे हिमाचल प्रदेश में संचयी वर्षा 135 मिमी तक पहुंच गई, जो दीर्घकालिक सामान्य 101.1 मिमी से 34 फीसदी अधिक है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, जून में 30 में से 24 दिन राज्य में बारिश हुई, जिसमें 29 जून को जोरदार बारिश की गतिविधि दर्ज की गई और आठ अन्य दिनों में सक्रिय मानसून चरण देखे गए। महीने का उत्तरार्ध विशेष रूप से तीव्र था, जिसमें व्यापक वर्षा के कारण स्थानीय बाढ़, भू-स्खलन और कई जिलों में छोटे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### ट्रेन निकलने से आठ घंटे पहले कंफर्म होगा टिकट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अब ट्रेनों का रिजर्वेशन चार्ट ट्रेन निकलने से 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा। अभी तक यह चार्ट सिर्फ 4 घंटे पहले बनता था। इससे यात्रियों को टिकट कंफर्म नहीं होने पर वैकल्पिक यात्रा या दूसरा टिकट बुक करने के लिए ज्यादा वक्त मिलेगा। यह फैसला हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद लिया गया है। रेलवे बोर्ड जल्द ही इन बदलावों को फेज वाइज लागू करेगा। (अनंत ज्ञान)

### राजौरी में जैश से जुड़ा पाकिस्तानी गाइड काबू

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में केरी सेक्टर में रविवार को नियंत्रण रेखा के पास एक बड़ी घुसपैठ को सेना ने नाकाम कर दिया। इस ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक पाकिस्तानी गाइड को पकड़ लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान 22 वर्षीय मोहम्मद आरिब अहमद के रूप में हुई है, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के कोटली जिले के निकियाल इलाके के डेटोटे गांव का रहने वाला है। (अनंत ज्ञान)

### अमरनाथ यात्रा: जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण शुरू



**एजेंसी, जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए सभी इंतजाम लगभग पूरे हो गए है। इस साल अब तक करीब 3.5 लाख श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। जिन श्रद्धालुओं ने अभी तक ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है, उनके लिए जम्मू में ऑफलाइन पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को तीन नए रजिस्ट्रेशन सेंटर वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू हो जाएंगे। ये सेंटर सुबह 7 बजे खुल जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### बाड़मेर में बॉर्डर के समीप 60 किलो हेरोइन बरामद

**एजेंसी, चंडीगढ़।** अमृतसर पुलिस ने बीएसएफ और राजस्थान पुलिस के सहयोग से पाक स्थित तस्कर तनवीर शाह और कनाडा स्थित हैंडलर जोबन कलेर द्वारा संचालित एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल को ध्वस्त किया है। राजस्थान के बाड़मेर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से 60.302 किलोग्राम हेरोइन की एक बड़ी खेप बरामद की है। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा एयरपोर्ट पर नहीं पहुंचा कोई विमान

**अनंत ज्ञान, गगल।** मौसम विभाग द्वारा जारी हुए रेड अलर्ट के चलते सोमवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पर सभी उड़ाने रद्द कर दी गईं। जानकारी देते हुए एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि आज मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए रेड अलर्ट के चलते कोई भी विमान दिल्ली से कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर सका।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कांग्रेस नेताओं और टैक्सी यूनियन ने रखी टैक्सी स्टैंड की मांग -पेज 2
- न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग करने पर सचिव और पंचायत प्रधान तलब -पेज 3
- शिक्षा मंत्री ने 89 लाख से बने पीएचसी बम्टा का किया लोकार्पण -पेज 6
- धार्मिक लोकपरंपरा व सामाजिक समरसता का अद्भुत उत्सव -पेज 9
- परवाणू से शिमला तक दरकती पहाड़ियां बनी खतरा -पेज 12


# डॉ. बिंदल तीसरी बार बनेंगे भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष

## एक ही नॉमिनेशन होने से निर्विरोध चुना जाना तय, आज होगी आधिकारिक घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में भाजपा अध्यक्ष को चुनने के लिए शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीपकमल में सोमवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। डॉ. राजीव बिंदल की ओर से केवल एक ही नामांकन सेट प्राप्त हुआ, जिसे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित समस्त विधायक दल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित समस्त लोकसभा और राज्यसभा सांसदों, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों, पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर और भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों ने अनुमोदित किया।

ऐसे में डॉ. राजीव बिंदल का निर्विरोध तीसरी बार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुना जाना तय हो गया है। अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को होगी। भाजपा के चुनाव अधिकारी डॉ. राजीव भारद्वाज ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया दोपहर 12 बजे शुरू होकर 2 बजे संपन्न हुई। इस प्रक्रिया के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे, साथ ही भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और सह प्रभारी संजय टंडन भी विशेष रूप से मौजूद थे। सह चुनाव अधिकारी के रूप में संजीव कटवाल और डॉ. राजीव सहजल ने कार्य किया।



हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल करते डॉ. राजीव बिंदल।

### राष्ट्रीय परिषद के पदेन सदस्य भी निर्वाचित

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, कंगना रनौत, राजीव भारद्वाज, इंदु गोस्वामी, डॉ. सिकंदर कुमार और हर्ष महाजन राष्ट्रीय परिषद के पदेन सदस्य निर्वाचित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय परिषद के सदस्य हेतु आठ नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद ठाकुर, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, महामंत्री त्रिलोक कपूर, पवन काजल, रश्मिधर सूद, पायल वैद्य, डॉ. राजीव सहजल और संजीव कटवाल शामिल हैं।

# देश की सभी विधानसभाएं एआई तकनीक से होंगी लैस: ओम बिड़ला



धर्मशाला के तपोवन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला।

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सोमवार को संसाधनों के प्रबंधन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे नवाचारों को अपनाकर विधानमंडलों को अधिक कुशल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों की विधानसभाओं को एआई से लैस किया जाएगा। धर्मशाला के तपोवन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि विधानमंडलों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं, नवाचारों और प्रौद्योगिकी को साझा करने से लोकतांत्रिक संस्थाएं सशक्त होती हैं। एआई के प्रयोग से विधायी निकाय जनता के और करीब आएंगे तथा लोगों की अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से पूरा कर पाएंगे।

**भविष्य में सभी विधानमंडलों के लिए बनेगा एक साझा मंच**

बिड़ला ने कहा कि यदि प्रत्येक जनप्रतिनिधि सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाए तथा प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग करे, तो वह अपने निर्वाचन क्षेत्र की चुनौतियों का बेहतर ढंग से समाधान कर सकता है और जनाकांक्षाओं को पूरा कर सकता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विधायी कार्यों में दक्षता तथा पारदर्शिता बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सकारात्मक चर्चा तथा सुविचारित तर्क प्रस्तुत करने से व्यक्ति और संस्था-दोनों की प्रतिष्ठा बढ़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक राष्ट्र-एक विधायी मंच' पहल का उल्लेख करते हुए बिड़ला ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत की संसद निकट भविष्य में सभी राज्य विधानमंडलों के लिए एक साझा मंच तैयार करेगी, जिससे विधायी चर्चा, बजट तथा अन्य विधायी पहलों संबंधी जानकारी का आदान-प्रदान सुचारु रूप से हो पाएगा।

### हिमाचल प्रदेश विधानसभा अन्य राज्यों के लिए आदर्श: सुक्खू

**हिमाचल** के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह सम्मेलन लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने, विधायी प्रक्रियाओं को बढ़ाने, लोकतांत्रिक संवाद को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने का प्रयास किया गया। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष ने विधिसम्मत रुख अपनाते हुए संबंधित विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श बन गया है, खासकर डिजिटल लोकतंत्र के मामले में। वर्ष 2014 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा देश की पहली पूर्ण रूप से कागज रहित विधानसभा बनी, जिसमें सभी कार्यवाही डिजिटल रूप से संचालित की गई।

### क्या भाजपा की तरह कांग्रेस में प्रतिभा की निर्विरोध ताजपोशी संभव?

# डॉ. बिंदल के निर्विरोध चयन से बने समीकरण, कांग्रेस पर बढ़ा दबाव

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में इन दिनों नेतृत्व का मुद्दा गरमाया हुआ है। जहां भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में एक नई परिपाटी स्थापित करते हुए डॉ. राजीव बिंदल को निर्विरोध चुनकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया है, वहीं कांग्रेस के भीतर भी अब इसी तरह की रणनीति अपनाने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस भी भाजपा की तर्ज पर अपनी वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को निर्विरोध चुनकर संगठन में स्थिरता लाएगी?



भाजपा ने डॉ. राजीव बिंदल को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुनकर एक स्पष्ट संदेश दिया है कि पार्टी के भीतर कोई गुटबाजी नहीं है और सभी नेता एक मंच पर हैं। यह रणनीति न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाती है, बल्कि विपक्ष को भी यह दिखाने का प्रयास करती है कि भाजपा संगठनात्मक रूप से मजबूत है।

जाहिर तौर पर निर्विरोध चुनाव से आंतरिक कलह से बचा जा सकता है, जो अक्सर चुनावी रणनीति को कमजोर करती है। भाजपा ने यह भी सुनिश्चित किया कि एक अनुभवी और सर्वमान्य नेता को कमान सौंपी जाए, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को लाभ मिल सके। जानकारों का मानना है कि भाजपा के इस कदम ने निश्चित रूप से कांग्रेस पर दबाव बढ़ा दिया है।

वर्तमान में हिमाचल कांग्रेस की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह है और उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपने दूसरे कार्यकाल के लिए इच्छा व्यक्त की है। कांग्रेस के भीतर एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत पर भी विचार किया जा सकता है, लेकिन प्रतिभा सिंह के मामले में यह उतना बड़ा मुद्दा नहीं होगा, क्योंकि वह वर्तमान में लोकसभा सांसद नहीं हैं।

### पार्टी आलाकमान को आंतरिक चुनौतियों से निपटने की चुनौती

**हिमाचल** कांग्रेस इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। भाजपा द्वारा स्थापित 'निर्विरोध' अध्यक्ष चुनने का चलन कांग्रेस पर भी इस तरह का कदम उठाने का दबाव बना रहा है। प्रतिभा सिंह के अध्यक्ष पद पर बने रहने की संभावना प्रबल है, विशेषकर जब मुख्यमंत्री का भी उन्हें समर्थन प्राप्त है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस हाईकमान आंतरिक चुनौतियों से कैसे निपटता है और क्या वह भाजपा की तर्ज पर निर्विरोध चुनाव के माध्यम से प्रतिभा सिंह को दोबारा कमान सौंपकर अपनी संगठनात्मक मजबूती का प्रदर्शन कर पाता है या नहीं। आने वाले दिन हिमाचल कांग्रेस के भविष्य की दिशा तय करेंगे।

# दवा फैक्टरी में धमाका 12 की मौत, 34 घायल



**एजेंसी, संगारेड्डी।** तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह दवा बनाने वाली फैक्टरी की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट होने से 12 मजदूरों की मौत हो गई। मल्टी जोन 2 के आईजी वी. सत्यनारायण ने बताया कि घटना में कुल 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें से छह शव घटनास्थल से बरामद हुए, जबकि 6 की इलाज के दौरान मौत हुई। इसके अलावा 34 अन्य घायल हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों के साथ ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौजूद हैं।

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। साथ ही मलबे में कई लोगों के फंसे होने की खबर है। हादसा पाशमिलारम स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह करीब 9:30 बजे हुआ। विस्फोट की असली वजह सामने नहीं आई है। हालांकि, रिएक्टर में अचानक तेजी से केमिकल रिएक्शन होने की वजह से विस्फोट होने की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि वहां काम कर रहे मजदूर करीब 100 मीटर दूर जाकर गिरे। विस्फोट की वजह से रिएक्टर यूनिट तबाह हो गई है। मलबे के नीचे कुछ मजदूरों के दबे होने की आशंका है। आग पर काबू पाने के लिए दो फायर रोबोट और डिजास्टर रिस्पॉन्स यूनिट को भी तैनात किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में भांग की खेती को वैध बनाने के लिए कदमताल तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में भांग की खेती को वैध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जनशिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में शिमला में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें भांग की खेती को कानूनी मान्यता देने के नियमों पर विमर्श हुआ। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अगली समीक्षा बैठक अगले दो सप्ताह के भीतर आयोजित की जाएगी। बैठक में उद्योग विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे, जिससे इस मुद्दे के औद्योगिक पहलुओं पर भी चर्चा की जा सके। बैठक में प्रधान सचिव आबकारी एवं कराधान देवेश कुमार, प्रधान सचिव विधि शरद कुमार लगवाल, विशेष सचिव आबकारी एवं कराधान हरबंस ब्रसकोन, अतिरिक्त आयुक्त आबकारी एवं कराधान डॉ. राजीव डोगरा और वरिष्ठ निजी सचिव तुलसी राम शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

**मंत्री नेगी की अध्यक्षता में शिमला में हुआ मंथन**







## न्यूज ब्रीफ

### मझोट में संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थाना सदर हमीरपुर में सूचना प्राप्त हुई अक्षय कुमार पुत्र ब्यास देव निवासी गांव करेटी डाकखाना ग्वाल पत्थर तहसील नादौन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अक्षय कुमार, रोहित सोनी पुत्र राजेंद्र कुमार गांव मझोट तहसील के पास ड्राइवर के तौर पर काम करता था। इस सूचना के आधार पर थाना सदर हमीरपुर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची व नियमानुसार कार्रवाई की गई। इस मामले में आरएफएसएल की टीम ने भी मौका का निरीक्षण करके महत्वपूर्ण साक्ष्य संरक्षित किए गए है। सदर थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम डॉ. आरकेजीएमसी हमीरपुर में करवाकर शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस द्वारा हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

### तकनीकी विवि काउंसिलिंग फॉर्म में संशोधन का मौका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीफार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री), बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) व बीएससी एचएमसीटी में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग फॉर्म में त्रुटियां सुधारने का मौका दिया है। उपरोक्त तीनों विषयों के अभ्यर्थी अपने काउंसिलिंग फॉर्म में पहली जुलाई से पांच जुलाई तक सुधार कर सकते हैं। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि कुछ अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग फॉर्म में अपनी प्राथमिकताएं और अन्य जानकारी ठीक नहीं डाली है, जो कि काउंसिलिंग फॉर्म में तय तिथि में बदलाव कर सकते हैं।

### कबड्डी प्रतियोगिता में झरोल टीम बनी विजेता



**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में युवक मंडल लदरौर की तरफ से एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 8 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गलवान अमर शहीद सिपाही अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा रानी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने अपने बेटे अंकुश की याद में युवक मंडल को 16000 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। इस प्रतियोगिता में नेहरू युवा मंडल झरोल ने बाजी मारी, वहीं दूसरे स्थान पर पट्टा की टीम रही। समापन अवसर पर गैस एजेंसी के मालिक अजय चंदेल मुख्यातिथि रहे। उन्होंने युवक मंडल को 5100 की राशि प्रदान की। उन्होंने विजेता टीमों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मदन को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित



प्रदेश विवि की मेरिट सूची में जगह बनाने वाले विद्यार्थी कॉलेज प्रिंसिपल के साथ।

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के तरेटी गांव के निवासी मदन चौधरी प्रदेश आबकारी एवं कराधान विभाग के ईटीओ कार्यालय नादौन से सेवानिवृत्त हो गए हैं। उन्होंने करीब 33 साल तक इस विभाग में बतौर क्लास फोर कर्मचारी अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आबकारी एवं कराधान विभाग के ईटीओ अरविंद शर्मा व सटाफ के अलावा समाजसेवी सुधीर ठुकराल सहित काफी लोग उपस्थित रहे। सेवानिवृत्ति के बाद उनके निवास गांव तरेटी में एक समारोह व प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया।

### एचपीयू की मेरिट सूची में नादौन कॉलेज के 3 छात्र

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की बीबीए व बीसीए मेरिट सूची में महाविद्यालय निधन के तीन विद्यार्थियों ने जगह बनाकर कॉलेज व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल कुमार गौतम ने बताया कि बीबीए अंतिम वर्ष में शिवानी कौंडल ने छठा स्थान, बीसीए अंतिम वर्ष में कविता ने छठा स्थान तथा आशीष ठाकुर ने नौवां स्थान प्राप्त किया है। इन विद्यार्थियों की सफलता पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने न केवल विद्यार्थियों को, बल्कि उनके अभिभावकों और बीबीए तथा बीसीए संकायों को भी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### किस में कितना है दम में अश्मिता सेकेंड रनरअप बनीं




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के साईं पब्लिक स्कूल की चौथी कक्षा की छोटी सी बच्ची अश्मिता पटियाल ने ग्लैमर की दुनिया में अपना दम दिखाया है। अश्मिता पटियाल ने 'किस में कितना है दम सीजन 11' में सेकेंड रनरअप बनी है। अश्मिता हमीरपुर विस क्षेत्र की बरोहा पंचायत के गांव पंजाहली की रहने वाली है। अश्मिता के पिता विजय, माता आरती तथा सभी उसकी इस उपलब्धि से बहुत खुश हैं। बता दें कि 'किसमें कितना है दम सीजन-11' के चार राउंड हिमाचल में हुए और इनमें अश्मिता पटियाल ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित हुई। ग्रैंड फिनाले लुधियाना के संगरूर में हुआ। इसमें हिमाचल, पंजाब, हरियाणा व उत्तराखंड इत्यादि चार राज्यों के प्रतियोगियों ने भाग लिया। इन चार राज्यों की प्रतियोगिता में सेकंड रनरअप बनी। अश्मिता पटियाल ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापिकाओं व माता-पिता को दिया है। अश्मिता को पढ़ाई के साथ-साथ डासिंग में बहुत दिलचस्पी है।

## सीटू ने फिलिस्तीन की जनता के जनसंहार के विरोध में भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने हमीरपुर में इसराइल द्वारा फिलिस्तीन की जनता के जनसंहार के विरोध में जिलाधीश के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि दो सालों से इसराइली हमलों में 60 हजार से ज्यादा फिलिस्तीन के लोग मारे गए हैं, जिनमें अधिकतर बच्चे और महिलाएं हैं। इसराइली सेनाओं ने गाजा की इस कदर घेराबंदी करके रखी है जिसमें बिना इसराइल की अनुमति से भोजन, दवाएं, पानी तक नहीं जा सकता है और उसकी इस नाकेबंदी से बच्चे भूख से मर रहे हैं।

भूख और प्यास से तड़पते निहत्थे लोगों पर खाने की कतारों में गोलियां बरसाई जा रही हैं। पूरी दुनिया में पे जघन्य अपराध के लिए भारी रोष जनता में पनप रहा है परंतु इसराइली सरकार खासकर उनके प्रधानमंत्री बेंजामिन नितिन याहू जो खुद भ्रष्टाचार के आरोप में संलग्न हैं, अपनी कुर्सी बचाने के लिए अंतहीन युद्ध का सहारा ले रहे हैं।

पार्टी भारत सरकार से आग्रह करती है कि इजराइल पर दबाव बनाए ताकि मानवता के खिलाफ होने वाले इस जघन्य अपराध को रोका जा सके। इस प्रतिनिधिमंडल में पार्टी राज्य सचिवालय सदस्य डॉ. कश्मीर ठाकुर, जोगिंदर कुमार पार्टी सचिव प्रताप सिंह राणा, ब्रह्मदास, कमल, दीप चंद, सुरिन्दर कुमार व मनोज आदि शामिल रहे।

# 6 महीने से पक्की नहीं हो पाई सड़क

## बढार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क की अब बरसात के बाद होगी टारिंग

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** उपमंडल भोरंज के तहत बढार से झनिकर वाया कैहरवीं सड़क एफडीआर फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से बनाने का कार्य अब अधर में लटकता नजर आ रहा है। बरसात शुरू हो चुकी है और अभी तक सड़क की टारिंग नहीं हो पाई है। विभाग ने दावा किया था कि इस 9 किलोमीटर सड़क को 29 जून तक हर हालत में टारिंग कर पक्का कर देंगे, लेकिन टारिंग का कार्य 30 जून समाप्त होने के बाद भी शुरू नहीं किया गया है।

लोगों का कहना है कि एफडीआर तकनीक लोगों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। सड़क की खराब हालत के कारण वाहन ले जाना भी मुश्किल हो गया है, वहीं इस सड़क पर जगह जगह बारिश का पानी होने की वजह से कीचड़ फैला हुआ है। बता दें कि एफडीआर तकनीक से इस सड़क का कार्य दिसंबर माह से शुरू किया गया था, पहले इस सड़क की टारिंग को उखाड़ा गया, उसके साथ ही जलशक्ति विभाग ने पेयजल पाइपों को गहराई से दबाने के लिए काफी समय लगा दिया। अब जबकि एफडीआर तकनीकी से कार्य शुरू किया गया है तो मौसम के खराब होने के कारण सड़क को पक्का करने का कार्य दिन-प्रतिदिन लेट होता गया।




बढार से झनिकर सड़क पर जगह-जगह बने पानी के गड्ढे व सड़क की खस्ताहालत।

**सड़क के दलदल में तब्दील होने से दोपहिया वाहन झेल रहे परेशानी**

अब हालात यह हैं कि जब तक बारिशें नहीं थमतीं, तब तक इस सड़क पर टारिंग करना मुश्किल है। बताया जा रहा है कि जो मशीनरी लगाई गई है, उसे सड़क से उखाड़े जा रहे मटीरियल में सीमेंट और केमिकल मिलाकर पक्का किया जा रहा है। इसके लिए काफी समय लग गया और जब टारिंग करने की बात आई तो बारिशें शुरू हो गईं।

यही नहीं बस्सी से तताहर सड़क भी इसी तकनीक से बनाई जा रही है। यह सड़क 8 किलोमीटर जिसे पक्का किया जाना है। इस सड़क पर भी आधी सड़क पर टारिंग की गई, जबकि आधी सड़क पर टारिंग करना बाकी है। दोनों ही सड़कों पर कीचड़ फैला हुआ है, जिससे लोगों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत दोपहिया वाहन चालकों के साथ छोटे चौपहिया वाहनों को हो रही है। गौर रहे भोरंज उपमंडल में इस तरह की दो सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि इस तरह सड़क के निर्माण में पैसा और समय अधिक लग रहे हैं और यह कितने समय तक खराब नहीं होगी। इसके बारे में अभी सड़क के पक्का होने के बाद ही पता चलेगा। बारिश होने के कारण सड़क पर टारिंग करने का कार्य थम गया है।

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता केके भारद्वाज ने बताया कि बढार से झनिकर सड़क को 30 जून तक पक्का करने का टारगेट रखा था, लेकिन समय से पहले बरसात से टारिंग करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि बस्सी से तताहर सड़क पर भी आधा पर टारिंग हो पाई है। उन्होंने बताया कि अब बरसात के बाद ही टारिंग का कार्य शुरू हो पाएगा।

## कोल्हूसिद्ध और दरकोटी ठाणा नेशनल हाईवे पर खतरा बरकरार

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** बरसात शुरू होते ही एनएच 03 निर्माण कर रही कंपनी की सांसे फूलना शुरू हो गई हैं। काम में लेट लतीफी और गुणवत्ता को लेकर शुरू से ही विवादों में रही गावर एवं सूर्य कंस्ट्रक्शन कंपनी जहां लोगों के आक्रोश का सामना कर रही है, वहीं लोगों की बढ़ती दिक्कतें जिम्मेदार अधिकारियों, पॉलिटिशियंस एवं निरीक्षण एजेंसियों पर भी सवाल उठा रही है। करीब साढ़े तीन साल से बन रहे हमीरपुर से मंडी नेशनल हाईवे के कई हिस्से खतरनाक रूप धारण कर चुके हैं।

**कोल्हूसिद्ध और दरकोटी ठाणा के बीच हालत चिंताजनक :** नेशनल हाईवे पर कोल्हूसिद्ध और दरकोटी ठाणा के बीच हालत चिंताजनक बने हुए हैं। कोल्हूसिद्ध में कई जगह पत्थर गिर रहे हैं। एक जगह भारी मलबा गिरने से वाहन मुश्किल से निकल रहे हैं। दरकोटी ठाणा के बीच मलबे के ढेर पर बिना डंगा लगाए बन रहे हाईवे पर कई जगह दरारें आ चुकी हैं। दरकोटी में मलबे पर बनी हाईवे की एक लेन बंद पड़ी है जबकि दूसरी लेन पर भी वाहन मुश्किल से निकल रहे हैं।

**टौणी देवी में उहल-कक्कड़ सड़क रुक-रुककर गिर रहा मलबा :** वहीं हाईवे के टौणी देवी जंक्शन पर उहल कक्कड़ रोड पर रुक-रुक कर मलबा गिर रहा है। रविवार के अलावा सोमवार सुबह हुई तेज बारिश से टौणी देवी जंक्शन पर फिर मलबा गिरा। छोटे वाहनों का इस पॉइंट पर निकलना खतरनाक बना हुआ है।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** इस बारे नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी के इंजीनियर अंकित कुमार ने बताया कि फिलहाल हमीरपुर से सरकाघाट तक नेशनल हाईवे चालू है। खतरनाक स्पॉट पर मशीनरी तैयार खड़ी है। टूटे हुए जंक्शन पॉइंट ठीक किए जा रहे हैं।



टौणी देवी-उहल-कक्कड़ सड़क जंक्शन पर भी रुक-रुककर मलबा गिर रहा है।

## लोनिवि की लापरवाही : सेफ्टी टैंक की दीवार क्षतिग्रस्त

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** लोक निर्माण विभाग द्वारा नादौन के कस्बा लाहड़ से मंडू धनपुर पथरियां द नाल संपर्क सड़क पर चलेटा नामक स्थान पर पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न करने पर तेज पानी के बहाव से चलेटा निवासी राकेश कुमार पुत्र जसबंत सिंह के सेफ्टी टैंक की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे पीड़ित का लगभग एक लाख से ऊपर नुक्सान हो गया है। राकेश कुमार का कहना है कि अगर लोक निर्माण विभाग ने सड़क के निर्माण के दौरान बहां बारिश के पानी की उचित निकासी की व्यवस्था की होती तो आज उसके सेफ्टी टैंक की दीवार क्षतिग्रस्त नहीं होती।

राकेश कुमार ने लोनिवि पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस दौरान इस संपर्क सड़क का निर्माण किया जा रहा था, उस समय विभाग के अधिकारियों ने उन्हें पूरा आश्वासन दिया था कि सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां पर पानी की निकासी के लिए नाली बनाई जाएगी ताकि आपके सेफ्टी टैंक को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचे, बाबजूद इसके लोक निर्माण विभाग द्वारा आज दिन तक यहां पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं किया। राकेश कुमार ने बताया कि अगर विभाग ने यहां पानी निकासी के लिए नाली बनाई होती तो आज उनका सेफ्टी टैंक क्षतिग्रस्त नहीं होता।



बारिश के पानी के कारण राकेश कुमार का क्षतिग्रस्त हुआसेफ्टी टैंक।

**पीड़ित ने न्याय प्राप्ति के लिए सीएम सुक्खू से लगाई गुहार**

पीड़ित ने यह भी बताया कि लोक निर्माण विभाग की नजरअंदाजगी के चलते आज उनका लगभग 1 लाख से ऊपर नुक्सान हुआ है। पीड़ित राकेश कुमार ने मुख्यमंत्री सुक्खू एवं जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए लोक निर्माण विभाग के खिलाफ इस लापरवाही के प्रति कड़ा संज्ञान लेने की जोरदार मांग की है। इस बारे में बड़ा पंचायत के उपप्रधान अशोक कुमार ने राकेश कुमार के सेफ्टी टैंक के क्षतिग्रस्त होने की पूर्ण रूप से पुष्टि की है। वहीं, इस बारे में इस क्षेत्र के हलका पटवारी अनिल कुमार ने बताया कि उन्होंने पीड़ित राकेश कुमार के घर जाकर मौके पर सेफ्टी टैंक के क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट बना दी है और उस रिपोर्ट को भी राकेश कुमार को दे दिया है।

**क्या कहते हैं लोनिवि के अधिकारी**

इस बारे में लोनिवि के अधिकारी (एसडीओ) पंकज कौशल का कहना है कि यह समस्या आज ही उनके ध्यान में आई है। अतिशीघ्र इसका मौका देखकर समाधान किया जाएगा।

## आसमानी बिजली से गोशाला जलकर राख, गाय की मौत

**अनंत ज्ञान, टौणी**

समीरपुर पंचायत के संगरोह खुर्द गांव में रविवार रात को तेज बारिश के साथ आसमानी बिजली गिरने से गोशाला जलकर राख हो गई। गांव की निवासी सीता देवी पत्नी स्व. अमर सिंह की गोशाला पर बिजली गिरने से आग लग गई, जिससे गोशाला पूरी तरह जलकर राख हो गई और अंदर बंधी एक गर्भवती गाय की झुलसने से मौके पर ही मौत हो गई।

इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान आंका जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सीता देवी को जब आग का पता चला, तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी। उन्होंने गाय को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्यवश उसी समय गोशाला की छत ढह गई और गाय की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हालांकि सीता देवी खुद भी आग की लपटों में आ गईं, लेकिन वे बाल-बाल बच गईं। उन्हें मामूली झुलसने से चोट आई है।

पंचायत प्रधान चंद्रमोहन ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस, पटवारी और पशु चिकित्सक डॉ. अनिल ठाकुर को दी। पुलिस चौकी अवाहदेवी के प्रभारी संदीप अवस्थी ने घटना की पुष्टि की है। गांव वासियों ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि पीड़ित परिवार को राहत मिल सके।



समीरपुर पंचायत के संगरोह खुर्द गांव में घटित घटना में गर्भवती गाय झुलस गई।

## जिले में 10 दिन में 9.04 करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के सभी क्षेत्रों में हो रही बारिश से पिछले 10 दिनों में 9.04 करोड़ रुपए से अधिक का नुक्सान हुआ है। इनमें लोक निर्माण विभाग को सर्वाधिक 5.87 करोड़ रुपए, जलशक्ति विभाग को 2.92 करोड़ रुपए और बिजली बोर्ड को 7.04 लाख रुपए की क्षति हुई है। जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में सोमवार दोपहर तक प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार जिले भर में पिछले 24 घंटों के दौरान सरकारी और निजी संपत्ति का लगभग 11.65 लाख रुपए का नुक्सान हुआ है। इस दौरान एक कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसमें लगभग 70 हजार रुपएके नुक्सान का अनुमान है। इसके अलावा चार डंगे भी ध्वस्त हुए हैं, जिससे लगभग नौ लाख रुपये की क्षति हुई है। दो गोशालाओं को भी लगभग 1.95 लाख रुपएकी क्षति पहुंची है। जबकि, आसमानी बिजली गिरने से एक पशु की भी मौत हुई है। अमरजीत सिंह ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे नुकसान की रिपोर्ट तुरंत भेजें, ताकि प्रभावितों की मदद की जा सके।

## पहली से छह जुलाई को हैदराबाद में होगी राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** 24वीं राष्ट्रीय लड़के व लड़कियों की जूनियर वुशू प्रतियोगिता पहली से छह जुलाई को तेलेंगाना राज्य के हैदराबाद में होगी। इसमें हिमाचल प्रदेश वुशू खेल संघ ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है और खिलाड़ी प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश वुशू खेल संघ के महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 40 खिलाड़ी सांसू व तालू इवेंट में भाग लेंगे। इसमें 13 लड़कियां और 27 लड़के हैं।

हिमाचल प्रदेश की टीम में विश्वास चौहान, उतनक्षित, दीपंकज ठाकुर, अनिल डोगरा, ध्रुव, अक्षय कुमार, पंकज ठाकुर, आर्यन, लक्की, शिवाली, सानिया ठाकुर, भूमिका, नीलमा देवी, कशिश, ऐंजल, ईशा देवी, हिमांशी, शगुन, आदित्य चौधरी, मुकेश कुमार, आदि, अंशुल चौधरी, अनिकेत चौहान, दिनेश, मन्नत शर्मा, सक्षम चौधरी, काव्य, सक्षम शर्मा, पंकज कुमार, सौर्य, अंशिका, आदित्य चौहान, शिवेन कपूर, विपुल कुमार, शुभम सौर्य, श्रेंजल, इशिता ठाकुर व परीक्षित शर्मा हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके अलावा खेम सिंह को कोच व लुद्दर को रेफरी नियुक्त किया है।

हिमाचल प्रदेश की टीम में सोलन जिला से एक, बिलासपुर से चार, कांगड़ा से एक, कुल्लू से दो, हमीरपुर से दो तथा मंडी से 30 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों को दल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए वुशू ऐक्सीलेंसी सेंटर कंसा चौक मंडी से रविवार रात्रि को रवाना हुआ। वुशू खेल संघ के पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना किया तथा हिमाचल प्रदेश के लिए मेडल जीत कर लाने की उम्मीद जताई।

## त्रिशा कॉलेज के मेधावी सम्मानित



**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन जोलसप्पड़ मे वार्षिक वितरण समारोह कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने शिरकत की। इस मौके पर सरस्वती वंदना के साथ ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कॉलेज उपप्राचार्य पूनम भारद्वाज ने वार्षिक गतिविधियों को प्रस्तुत किया। इस शैक्षणिक समारोह में वर्ष 2023 से 2025 तक शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु अध्यापकों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि अजायब सिंह बन्याल ने प्रशिक्षु अध्यापकों को आने वाले जीवन के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि हर व्यक्ति हर समय कुछ नया सीखता है। हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के लिए कुछ नया सीखना चाहिए। अंत में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा ने डॉ अजायब सिंह बन्याल का धन्यवाद किया और सभी प्रशिक्षु अध्यापकों को बधाई दी। प्रशिक्षु अध्यापकों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस कार्यक्रम में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा, कॉलेज प्राचार्य प्रेम शंकर अवस्थी, सभी स्टाफ सदस्य और बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।

## देश के विकास में डाटा एकत्रीकरण की एक बहुत बड़ी भूमिका : एडीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य पर जिला सांख्यिकीय अधिकारी कार्यालय ने हमीर भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें एडीसी अभिषेक गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए एडीसी ने कहा कि भारत में आधुनिक सांख्यिकी के जनक प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जन्म दिवस 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वर्ष 2007 में यह दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस वर्ष का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 'राष्ट्रीय सैंपल सर्वे के 75 वर्ष' थीम के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के चहुमुखी विकास के लिए नीतियां एवं योजनाएं तैयार करने और उन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सांख्यिकी की बहुत बड़ी भूमिका होती है। किसी भी तरह के आंकड़ों के सही एकत्रीकरण एवं विश्लेषण से ही हम देश और समाज की आवश्यकताओं के अनुसार योजना तैयार कर सकते हैं तथा उन्हें धरातल पर क्रियान्वित कर सकते हैं। इसलिए, आंकड़ों के एकत्रीकरण में शुद्धता, प्रमाणिकता और सटीकता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

एडीसी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ आंकड़ों का सही एकत्रीकरण एवं विश्लेषण करके इन योजनाओं के बारे में फीडबैक भी दें। इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त जिला सांख्यिकीय अधिकारियों राम सिंह परमार, पीसी शर्मा, त्रिलोक चंद और सुनील कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनुराग गुप्ता, जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

**वेलकम** कांग्रेस नेताओं और लोगों ने किया मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जगह-जगह जोरदार स्वागत

## कांग्रेस नेताओं और टैक्सी यूनियन ने रखी टैक्सी स्टैंड की मांग

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** सोमवार सुबह खराब मौसम के कारण सड़क मार्ग से शिमला से धर्मशाला जा रहे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हमीरपुर जिले की अलग-अलग जगहों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने स्वागत किया। जिला कांग्रेस के कई नेताओं और टैक्सी यूनियन हमीरपुर के प्रधान एवं अन्य सदस्यों ने पक्काभरो चौक पर मुख्यमंत्री सुक्खू का भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर टैक्सी यूनियन के प्रधान अश्वनी कुमार और अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री के समक्ष हमीरपुर में टैक्सी स्टैंड के निर्माण की मांग रखी। यूनियन के प्रधान ने बताया कि वे इस संबंध में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू से मिल चुके हैं और उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को टैक्सी स्टैंड का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यूनियन के सदस्यों ने सुक्खू से इस टैक्सी स्टैंड के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने टैक्सी यूनियन के सदस्यों की इस मांग को पर जल्द ही उचित निर्णय लेने का भरोसा दिया।



मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कांग्रेस के पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ता।

इस अवसर पर सुक्खू ने एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तेजनाथ डोगरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार, अनुसूचित जाति सैल के जिला अध्यक्ष होशियार सिंह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश रानी वर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश आनंद, शहरी इकाई अध्यक्ष देवीदास शहनशाह, मेडिकल कालेज अस्पताल रोगी कल्याण समिति के सदस्य मनोज शर्मा, युवा कांग्रेस नेता चंदन राणा, पूर्व पार्षद अनिल चौधरी, राकेश वर्मा, राजेश चौधरी, अश्वनी शर्मा, पार्षद नीना चौधरी, सुनील ठाकुर, पूर्व मीडिया पैनलिस्ट शगुन शर्मा, शशि शर्मा, रणजीत धीमान, राजकुमार चौहान, शशि मुहम्मद, सुनील चौहान, सुरेश रांगड़ा, सिद्धार्थ कौशल, युवा कांग्रेस महासचिव अखिलेश चौधरी, जमील खान, नेहा वर्मा, रमेश लॉर्ड, जसवंत राम, बासु, अवनीश हैप्पी, कांग्रेस के अन्य नेताओं, टैक्सी यूनियन के प्रधान अश्वनी कुमार और अन्य सदस्यों का

## मुख्यमंत्री सुक्खू नादौन पहुंचे

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का नादौन पहुंचने पर जगह-जगह आतिशबाजियों के साथ काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। नादौन शहर के इंद्रपाल चौक पर नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी के नेतृत्व में बलजीत संधु, अजय जैन, रविंद्र गद्दी, लाटा भाटिया, बलदेव चौधरी, सौरभ, गोरू, सिद्धू परमार, संजीव जोगी सेठी, मदन लाल, कर्म चंद, प्रवीण, साहिल सौंधी, मोहित विज, नीलम, सपना इंदू, वीना, तारा, निशा, राकेश, मधु सूदन, एसी सैणी, प्रकाश, संजय सहित काफी संख्या में लोगों ने सीएम सुक्खू का स्वागत किया।



नादौन पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

### धनेटा में आज लगेगा सरकार का दरबार

**नादौन** के धनेटा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन 1 जुलाई को किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लोगों की समस्याएं सुनेंगे तथा मौका पर ही निपटारा भी किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस मौका पर मनरेगा कामगारों के लिए कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा विशेष शिविर लगाया जाएगा। हेल्थ कैंप में स्वास्थ्य की जांच की जाएगी और दवाइयां भी निशुल्क दी जाएंगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों भी लगेंगी।

## बच्चों के लिए श्री भगवत गीता की शिक्षाएं महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में संकाय विस्तार व्याख्यान की शृंखला को जारी रखते हुए सुनीता दत्ता ने व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान का विषय श्री भगवत गीता के माध्यम से छात्रों को आधुनिक जीवन की शिक्षा रहा। सुनीता दत्ता ने बताया कि श्री भगवत गीता में 700 श्लोक हैं। यह 45 मिनट का श्री कृष्ण व अर्जुन के मध्य का संवाद है जो सुबह 8 बजे से 9 बजे के मध्य हुआ था, जिस दौरान समय पूरी तरह से रुक गया था। बच्चों के लिए श्री भगवत गीता की महत्वपूर्ण शिक्षाएं हैं ।

श्री भगवत गीता मनुष्य को आत्मा की मुक्ति का मार्ग बताता है तथा जीवन को सही दिशा देने वाला ग्रंथ है जो सांसारिक बंधनों से मुक्ति की तरफ अग्रसर करता है। यह बताता है कि मन को कैसे नियंत्रित करें, योग के माध्यम से हम इंद्रियों को वश में कर सकते हैं यह लोभ, मोह, क्रोध आदि से मुक्त करता है और जीवन में कर्तव्य की सर्वोत्तम को बताता है।

## न्यूज ब्रीफ

### गलू में पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** लहरी-सुन्नी मार्ग पर गलु में एक पिक के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर है। जानकारी के अनुसार एक पिकअप नं. एचपी 63सी-0807 देर रात हादसे का शिकार हो गई। इसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रेमचंद पुत्र भीमी राम और दिनेश पुत्र तेज राम बताई गई है। दोनों ही गडेरी गांव के निवासी थे। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तस्दीक करने पर पाया गया कि यह दुर्घटना रात के समय हुई है। घटनास्थल सुनसान है रात को इस दुर्घटना को होते हुए किसी भी व्यक्ति द्वारा देखा जाना नहीं पाया गया है। मौके पर तलाश करने पर प्रेमचंद पुत्र भीमीराम निवासी गांव गढ़ेरी तहसील सुननी जिला शिमला उम्र करीब 40 वर्ष व दिनेश पुत्र स्वर्गीय तेजराम निवासी गांव गढ़ेरी तहसील सुननी जिला शिमला उम्र करीब 36 वर्ष की लाशे बरामद की गई है। पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई व छानबीन जारी है।

### डेटा-आधारित निर्णय सतत विकास की आधारशिला : डॉ. जैन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने आज यहां 19वां सांख्यिकी दिवस मनाया, जो आधुनिक भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 132वीं जयंती को समर्पित था। इस वर्ष का यह आयोजन 'राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष' की थीम पर केंद्रित रहा, जिसने 1950 में अपनी स्थापना के बाद से देश के डेटा ढांचे में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि, सचिव वित्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी डॉ. अभिषेक जैन ने पारदर्शिता, उत्तरदायी प्रशासन और सूचित निर्णय लेने की दिशा में डेटा प्रणाली को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। डॉ. जैन ने कहा कि 'डेटा-आधारित निर्णय, सतत विकास की आधारशिला हैं।

### टांकरी लिपि और संस्कृत भाषा का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित त्रैमासिक टांकरी लिपि और संस्कृत भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। यह कार्यशाला गेयटी थिएटर के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई थी। कार्यशाला के समापन समारोह में भाषा एवं संस्कृति विभाग की निदेशक रीमा कश्यप ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि द्वारा टांकरी लिपि और संस्कृत भाषा के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

### डीएलएड प्रवेश परीक्षा की आंसर-की जारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष 29 मई को संचालित की गई दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन डीएलएड के कामन एंट्रांस टेस्ट की अस्थायी उत्तर कुंजी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा के मुताबिक प्रवेश परीक्षा से संबंधित उत्तर कुंजी में दर्ज उत्तरों के संबंध में यदि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्तियां तथ्यों सहित पांच जुलाई तक अनुभाग अधिकारी प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा की ई-मेल पर भेज सकते हैं।

# नगरोटा को 36 करोड़ की सौगातें

## सीएम सुक्खू ने किए आठ विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास

**राजन ढींगरा, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा बगवां।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के लिए 36 करोड़ रुपए लागत की आठ विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने नगरोटा बगवां में 3.10 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अग्निशमन केंद्र भवन का उद्घाटन किया।

इसके अलावा, 4.80 करोड़ रुपए की लागत से मलां से गुजरेहड़ा-पठियार-सकरेहड़ सड़क, 4.84 करोड़ रुपए की लागत से खरट-जंदराह-ऐरला-रोपा-करडियाणा सड़क की मैटलिंग व टारिंग कार्य और धरुं खड्ड पर 3.47 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 33.40 मीटर पुल का शुभारंभ किया जो कलेड को कराली दा बाग गांव को जोड़ेगा। उन्होंने रंगेहड़-सदू-माल्मू से नेरा सड़क के निर्माण और नेरा खड्ड पर पुल तथा नगरोटा बगवां क्षेत्र के लिए 10 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विद्युत अधोसंरचना विकास कार्यों की आधारशिला भी रखीं। इससे पूर्व, स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का नगरोटा बगवां आगमन पर स्वागत किया। आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा, हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली, विधायक संजय अवस्थी और कमलेश ठाकुर हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।


विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास करते सीएम सुक्खू व अन्य।

## सरकार ऊन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने पर कर रही विचार : सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू धर्मशाला पहुंचने पर हिमाचल प्रदेश राज्य ऊन महासंघ के अध्यक्ष मनोज कुमार तथा बड़ी संख्या में समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बकरियों और भेड़ों के नुकसान के लिए मुआवजे में वृद्धि करने पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है तथा निकट भविष्य में इस मुआवजे को यथासंभव बढ़ाने के लिए राहत नियमावली में संशोधन करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने गद्दी समुदाय के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई तथा कहा कि अगले राज्य बजट में ऊन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का प्रस्ताव शामिल किया जाएगा, जिससे ऊन उत्पादकों के लिए सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित होगी। सुक्खू ने कहा कि वन विभाग को समुदाय के भूमि चरागाह अधिकार में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया गया है, जो कि ऐसे चरागाहों पर उनका पारंपरिक विशेषाधिकार है। राज्य ऊन महासंघ के अध्यक्ष मनोज कुमार ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया और मुद्दों के समाधान के लिए आभार व्यक्त किया।

## संवाद देश में संसदीय संस्थानों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ वार्षिक सम्मेलन भारत क्षेत्र- II के अवसर अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि तपोवन विधानसभा परिसर में प्रथम बार राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के आयोजित होने से तपोवन के इतिहास में सुनहरा अध्याय जुड़ा है। उन्होंने कहा कि तपोवन में प्रथम बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में निर्धारित महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद देश में संसदीय संस्थानों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा जिसके दूरगामी व आशातीत परिणाम सामने आएंगे।


मुख्यमंत्री का स्वागत करते कुलदीप पठानिया।

## न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग करने पर सचिव और पंचायत प्रधान तलब

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग के आरोप से संबंधित एक याचिका में पंचायती राज विभाग के सचिव और कांगड़ा जिले की जयसिंहपुर तहसील की ग्राम पंचायत धनेरी के प्रधान को आचरण स्पष्ट करने के लिए अदालत में तलब किया है। यह आदेश ग्राम पंचायत धनेरी के उप प्रधान द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई के बाद आया।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि पंचायत प्रधान ने कानून की प्रक्रिया और अपने पद का दुरुपयोग किया है। प्रधान ने पहले डिविजनल कमिश्नर के 4 सितंबर, 2024 के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे हाईकोर्ट ने 14 अक्टूबर, 2024 को बरकरार रखा था। हालांकि, प्रधान ने इस तथ्य को छिपाकर डिविजनल कमिश्नर के उसी आदेश को पंचायती राज सचिव के समक्ष फिर से चुनौती दे दी। सचिव ने प्रधान की पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार कर लिया और डिविजनल कमिश्नर के आदेश को रद्द कर दिया।

सचिव के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई, तो उन्होंने अपने आदेश को वापस ले लिया। कोर्ट ने पंचायती राज सचिव और पंचायत प्रधान धनेरी को व्यक्तिगत हलफनामे दाखिल कर अपने आचरण को स्पष्ट करने का अवसर दिया है।

### पूर्ण कालिक आकस्मिक वेतनभोगी कर्मचारियों को मिले पेंशन का लाभ

**हिमाचल** प्रदेश हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि पूर्णकालिक आकस्मिक वेतनभोगी (फुल टाइम कंटीजेंट पेड वर्कर) के रूप में दी गई सेवा अवधि को नियमित सेवा के साथ गिनते हुए पेंशन का लाभ दिया जाए, जैसा कि अनुबंध सेवा के लिए होता है। न्यायाधीश सत्येन वैद्य ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मी द्वारा पूर्णकालिक आकस्मिक वेतनभोगी के तौर पर उसके नियमितीकरण तक दी गई सेवा को न्यूनतम पेंशन के योग्य मानना कानूनी रूप से सही है। अन्यथा, इस श्रेणी के कर्मियों के साथ पेंशन के मुद्दे पर भेदभाव होगा। कोर्ट ने प्रतिवादियों को निर्देश दिया कि वे इस निर्णय के पारित होने की तिथि से आठ सप्ताह के भीतर कर्मी की विधवा को पारिवारिक पेंशन प्रदान करने पर विचार करें और निर्णय लें। कोर्ट ने कहा कि कर्मचारी को 14 फरवरी, 2002 से पूर्णकालिक आकस्मिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में उसकी निरंतरता पर विचार करके नियमितीकरण का लाभ दिया गया था। कोर्ट ने यह भी माना कि अनुबंध, दैनिक भोगी और यहां तक कि कार्य प्रभार (वर्क चार्ज) पर नियोजित कर्मियों की नियमितीकरण से पूर्व निरंतर सेवाओं को न्यूनतम पेंशन में गिना गया है। पूर्णकालिक कर्मचारी के रूप में चतुर्थ कर्मी द्वारा की गई सेवा और उपरोक्त सभी श्रेणियों द्वारा की गई सेवाओं की तुलना में कोई विशेष अंतर नहीं है।

## व्यक्तित्व विकास में सांस्कृतिक उत्सवों का महत्व : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति जब मिलकर आगे बढ़ती हैं, तो न केवल व्यक्तित्व निर्माण होता है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। वह इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला के अटल सभागार में राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर विद्यालय महोत्सव 'इरप्शन-2025' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने डेंटल कॉलेज के प्रबंधन और छात्र परिषद को इस रचनात्मक आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की सजीव झलक दिखाई है और उनकी प्रतिभा ने भावुक कर दिया। उन्होंने इन उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर दो लाख रुपए देने की घोषणा भी की।


विजेताओं को सम्मानित करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

### उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए की दो लाख देने की घोषणा

राज्यपाल ने महोत्सव को केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रतिभा, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का मंच बताया।

राज्यपाल ने मुस्कान को वैश्विक भाषा बताते हुए कहा कि दंत चिकित्सक समाज में मुस्कान लौटाने वाले सच्चे सेवक होते हैं। उन्होंने दंत चिकित्सा को सेवा, संवेदना और जिम्मेदारी का क्षेत्र बताया और छात्रों से तकनीकी नवाचारों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1994 में अस्तित्व में आए इस कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता और सामाजिक सहभागिता सराहनीय रही है। आज इसकी प्रवेश क्षमता और सुविधाएं दोनों में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि आईटी के उपयोग और डिजिटलीकरण से दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

समारोह के दौरान राज्यपाल ने महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. आशु गुप्ता ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कॉलेज की उपलब्धियों की जानकारी दी। छात्र परिषद की अध्यक्ष डॉ. मुस्कान ने महोत्सव की रूपरेखा प्रस्तुत की और महासचिव डॉ. वैदेही शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

## आपदा से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करे सरकार : जयराम


**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शिमला से आज जारी एक बयान में, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेशभर में हुई जन-धन की क्षति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, सरकार और प्रशासन से अत्यधिक सतर्कता बरतने और आपदा से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम करने का आग्रह किया है।



मौसम विभाग द्वारा कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किए जाने के बाद, ठाकुर ने प्रदेशवासियों से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। जयराम ने बताया कि इस बार मानसून की शुरुआत में ही हिमाचल को भारी तबाही का सामना करना पड़ा है। नदी-नालों के उफान पर होने और बादल फटने की घटनाओं के चलते कई लोगों की दुखद मृत्यु हो गई है, जबकि जन-धन की भारी क्षति हुई है। उन्होंने सरकार से आपदा राहत और बचाव की तैयारी के साथ ही, आपदाओं से होने वाले जोखिम के न्यूनीकरण की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाने का निवेदन किया, ताकि भविष्य में होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

नेता प्रतिपक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश के संपूर्ण आपदा राहत तंत्र को अति सतर्कता और सक्रियता दिखानी होगी। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि जिन स्थानों पर भी किसी प्रकार के खतरे की संभावना हो, उन्हें तुरंत चिन्हित कर खाली करवाया जाए। साथ ही, प्रतिबंधित स्थानों पर स्थानीय लोगों और पर्यटकों को जाने से रोकने के लिए समुचित प्रबंध किए जाएं।




### 15 जुलाई तक कर सकेंगे टीजीटी अभ्यर्थी आवेदन

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**


**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने टीजीटी अभ्यर्थियों के आवेदन की आखिरी तारीख अब 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। इसकी मांग की जा रही थी, लेकिन इस बार पिछले तमाम आवेदनों के मुकाबले में नए आयोग में कम आवेदन हुए हैं।

यह आंकड़ा पहले 80,000 से ऊपर चला जाता था। अभ्यर्थियों की मांग थी कि आवेदन की तारीख बढ़ाई जाए, इसलिए आयोग ने 15 जुलाई तक वक्त दे दिया है। आयोग के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि अभी तक 52111 अभ्यर्थियों की फीस जमा हुई है।

## सड़कों के लिए केंद्र से 3667 करोड़ स्वीकृत : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की सड़कों और पुलों के निर्माण कार्यों के लिए केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 3667 करोड़ रुपए की वार्षिक योजना को मंजूरी दे दी है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि हाल ही में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रदेश के लिए अधिक वित्तीय सहायता का आग्रह किया था। कुल्लू जिले में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 पर जलोड़ी जोत के नीचे सुरंग निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान करते हुए 1452 करोड़ स्वीकृत किए है।



राष्ट्रीय उच्च मार्ग संख्या पांच पर ब्रोनी नाला में लगातार भू-स्खलन की समस्या से निपटने के लिए 135 करोड़ की लागत से एक पुल का निर्माण किया जाएगा। काला अंब-पांवटा साहिब-देहरादून सड़क के फोरलेन निर्माण और संबंधित गतिविधियों के लिए केंद्र ने 1385 करोड़ मंजूर किए है।

**तैयारी** मानसून तैयारियों की समीक्षा बैठक में नेगी ने दिए निर्देश, कहा-

# लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जनशिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में मानसून तैयारियों की एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति, बिजली बोर्ड, एसडीआरएफ, राजस्व सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मंत्री नेगी ने सभी विभागों से वर्तमान स्थिति की जानकारी हासिल की और जिला स्तर पर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में बताया गया कि कांगड़ा और मंडी जिलों में भारी बारिश हो रही है, जिसके मद्देनजर वहां सभी आवश्यक तैयारियां और मशीनरी तैनात कर दी गई है। प्रदेशभर में बारिश और भूस्खलन के कारण बाधित हुई 234 सड़कों को आज शाम तक बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है, हालांकि सभी नेशनल हाईवे अभी भी यातायात के लिए सुचारू हैं।


समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी।


बिजली बोर्ड के 968 ट्रांसफॉर्मर प्रभावित हुए हैं और बिजली बहाली के प्रयास युद्धस्तर पर जारी हैं। वहीं, जल शक्ति विभाग की 23 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं, जिन्हें शीघ्र ही बहाल करने का आश्वासन दिया गया ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। जगत सिंह नेगी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी क्षेत्र में आपदा की स्थिति में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तुरंत प्रतिक्रिया दें।

### पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए चेतावनी

**मंत्री** नेगी ने पर्यटकों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने नदी-नालों के आसपास न जाने की हिदायत भी दी। सभी उपमंडलाधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

### एसडीआरएफ को बजट जारी

**बैठक** में मंत्री ने बताया कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को आवश्यक बजट जारी किया जा चुका है। उन्होंने एसडीआरएफ को पूरी तैयारी के साथ मशीनरी तैनात रखने का निर्देश दिया।





# शिमला के मुकुट का नगीना

# जाखू मंदिर

## आस्था, प्रकृति व अद्भुत दृश्यों का संगम

**राजधानी शिमला के मनोरम पहाड़ों के बीच जाखू पहाड़ी की चोटी पर स्थित भगवान हनुमान को समर्पित जाखू मंदिर, न केवल एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, बल्कि प्रकृति प्रेमियों और इतिहास के जिज्ञासुओं के लिए भी एक अवश्य दर्शनीय स्थान है। 2,455 मीटर (8,054 फुट) की ऊंचाई पर स्थित यह प्राचीन मंदिर, अपने आध्यात्मिक महत्व, शानदार पैनोरमिक दृश्यों और भगवान हनुमान की 108 फुट ऊंची विशाल प्रतिमा के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है।**

**विशेष रिपोर्ट : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

## हनुमान जी ने जाखू पहाड़ी पर किया था विश्राम

**मान्यता** है कि जब हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने जा रहे थे उसकी समय रास्ते में उन्होंने नीचे पहाड़ी पर यक्ष नामक ऋषि को देखा तो वे नीचे पहाड़ी पर उतरे, जिस समय हनुमान पहाड़ी पर उतरे, उस समय पहाड़ी उनका भार सहन न कर सकी। परिणामस्वरूप पहाड़ी जमीन में धंस गई। मूल पहाड़ी आधी से ज्यादा धरती में समा गई। हनुमान जी ने याकू ऋषि को नमन कर विश्राम करने के साथ संजीवनी बूटी के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उन्हें वचन दिया कि वे संजीवनी लेकर आते समय उनके आश्रम पर जरूर आएंगे, लेकिन लौटते वक्त कालनेमि से युद्ध करना पड़ा और समय के आभाव के कारण हनुमान जी ऋषि याकू के आश्रम नहीं जा सके और छोटे मार्ग से होते हुए संजीवनी बूटी लेकर लौट गए। ऋषि याकू हनुमान जी के न आने से व्याकुल हो उठे। ऋषि याकू के व्याकुल होने से भगवान हनुमान इस स्थान पर स्वयंभू मूर्ति के रूप में प्रकट हुए और इस मंदिर में आज भी भगवान हनुमान की स्वयंभू मूर्ति और उनके उनकी चरण पादुकाएं मौजूद हैं, जिस स्थल पर हनुमान जी उतरे थे, वहां पर आज भी जाखू में उनके चरण चिन्हों को मंदिर में अलग से एक कुटिया बनाकर संगमरमर से निर्मित कर सुरक्षित रखा गया है।

### पौराणिक कथाओं में निहित जाखू का इतिहास

**जाखू** मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है और यह हिंदू पौराणिक कथाओं में गहराई से निहित है। लोक कथाओं के अनुसार, जब भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण, रावण के पुत्र मेघनाद द्वारा युद्ध में घायल हो गए थे, तब भगवान हनुमान ने उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए संजीवनी बूटी की तलाश में हिमालय की ओर उड़ान भरी थी। ऐसा माना जाता है कि इसी जाखू पहाड़ी पर भगवान हनुमान ने एक छोटा विश्राम किया था। उनकी उपस्थिति ने इस स्थान को एक पवित्र और पूजनीय स्थल बना दिया, जिससे यह मंदिर भक्तों के लिए असीम आस्था का केंद्र बन गया।

### बंदरों की पवित्र उपस्थिति व पर्यटकों के लिए सावधानी

**हनुमान** जी से उनके जुड़ाव के कारण, जाखू मंदिर में बंदरों की एक बड़ी आबादी निवास करती है। कई भक्त इन बंदरों को पवित्र मानते हैं और उन्हें भोजन अर्पित करते हैं। हालांकि, आगंतुकों को सलाह दी जाती है कि वे सावधान रहें और अपने सामान, विशेषकर भोजन या ढीली वस्तुओं को सुरक्षित रखें, क्योंकि बंदर आकर्षित हो सकते हैं और उन्हें छीनने का प्रयास कर सकते हैं।

### त्योहारों का उत्साह और आध्यात्मिक शांति

**जाखू** मंदिर में पूरे वर्ष कई त्योहार मनाए जाते हैं, जिनमें दशहरा विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। भगवान राम की रावण पर विजय का यह पर्व यहां बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, जिससे मंदिर का वातावरण भक्ति और उल्लास से भर जाता है। इन त्योहारों के अलावा मंदिर का शांत और निर्मल वातावरण इसे आध्यात्मिक साधकों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बनाता है, जहां वे शांति और आत्मचिंतन का अनुभव कर सकते हैं।



### 108 फुट ऊंची भव्य हनुमान प्रतिमाः एक विस्मयकारी दृश्य

**जाखू** मंदिर का एक मुख्य आकर्षण और पहचान का प्रतीक, यहां स्थापित भगवान हनुमान की 108 फुट ऊंची प्रभावशाली प्रतिमा है। यह विशाल प्रतिमा दूर से ही दिखाई देती है और इसे दुनिया में भगवान हनुमान की सबसे ऊंची प्रतिमाओं में से एक माना जाता है। इसकी भव्यता और शिल्प कौशल आगंतुकों को विस्मय में डाल देता है और यह मंदिर के आध्यात्मिक वातावरण को और भी बढ़ा देता है। जाखू मंदिर में हनुमान जी की 108 फुट विशाल मूर्ति 2008 में बननी शुरू हुई थी और 2010 में इसे स्थापित किया गया था।

### जाखू तक पहुंचने के विविध मार्ग

***जाखू मंदिर तक पहुंचना अपने आप में एक अनुभव है। आगंतुक कई तरीकों से मंदिर तक पहुंच सकते हैं***

**पैदल यात्रा :**
रिज से लगभग 2.5 किमी (1.6 मील) की पैदल यात्रा, प्रकृति का आनंद लेने वालों के लिए एक सुंदर और ताजा अनुभव प्रदान करती है।


**टैक्सी और घोड़े :**
जो लोग कम शारीरिक श्रम करना चाहते हैं, उनके लिए टैक्सी या घोड़े किराए पर लेने का विकल्प भी उपलब्ध है।

**जाखू रोपवेः**
**हाल** के वर्षों में जाखू रोपवे ने मंदिर तक पहुंच को और भी सुविधाजनक बना दिया है। यह रोपवे न केवल एक आरामदायक सवारी प्रदान करता है, बल्कि शिमला शहर और आसपास की घाटियों के लुभावने हवाई दृश्यों का भी आनंद लेने का मौका देता है। इसमें वयस्कों और बच्चों के लिए अलग-अलग टिकट दरें निर्धारित हैं।

### प्रकृति की गोद में शिमला का मनमोहक नजारा

**जाखू** मंदिर की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक यह है कि यहां से शिमला शहर और आसपास की राजसी शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं के शानदार मनोरम दृश्य दिखाई देते हैं। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय ये दृश्य विशेष रूप से मनमोहक होते हैं, जब पहाड़ों पर सुनहरी रोशनी पड़ती है। यह स्थान फोटोग्राफी के शौकीनों और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग है, जो उन्हें अविस्मरणीय यादें प्रदान करता है। जाखू मंदिर, अपनी आध्यात्मिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व, विशाल प्रतिमा के अद्भुत दृश्यों के साथ, वास्तव में शिमला का एक अमूल्य रत्न है, जो हर आगंतुक को एक अनूठा और यादगार अनुभव प्रदान करता है।

# प्राचीन और गूढ़ विद्या भारतीय ज्योतिष विज्ञान



**भारतीय** ज्योतिष विज्ञान एक अत्यंत प्राचीन और गूढ़ विद्या है, जिसका उद्देश्य मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं का मार्गदर्शन करना रहा है, परंतु वर्तमान समय में यह विद्या धीरे-धीरे अपनी मूल आत्मा से भटकती जा रही है। आजकल वर और कन्या के विवाह के लिए केवल गुण मिलान यानी अष्टकूट मिलान को ही मुख्य आधार मान लिया जाता है। यदि 36 में से 28 गुण मिल जाएं, तो इसे सफल विवाह का संकेत मान लिया जाता है, जबकि ग्रहों की स्थिति, दशा, अंतरदशा, शनि, राहु, मंगल जैसे ग्रहों के प्रभाव, भावों की स्थिति और योगों की गहन जांच नहीं की जाती। इसी कारण विवाह के पश्चात भी उन जोड़ों के जीवन में कलह, असंतोष और तनाव उत्पन्न होता है। इसका स्पष्ट उदाहरण भगवान श्रीराम और माता सीता का जीवन है, जिनकी जोड़ी को दिव्य माना गया, फिर भी विवाहोपरांत उन्हें अग्नि परीक्षा, वनवास और अंततः वियोग का सामना करना पड़ा। यह संकेत करता है कि मात्र गुण मिलान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि संपूर्ण कुंडली का समग्र और गहराई से अध्ययन आवश्यक है।

दुख की बात यह है कि आज ज्योतिष एक व्यापार का रूप लेता जा रहा है। मोबाइल एप्स पर कुंडली बनाकर, मात्र जन्म विवरण भरकर, स्वचालित तरीके से गुण मिलान करके लोग स्वयं को 'आचार्य' और 'शास्त्री' कहलवाने लगे हैं। इस तरह के अधकचरे ज्ञान वाले लोग समाज में भ्रम फैला रहे हैं और आम लोगों की भावनाओं का शोषण कर रहे हैं। यही कारण है कि वास्तविक, गूढ़ और वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाला भारतीय ज्योतिष धीरे-धीरे लोगों की आस्था खोता जा रहा है।



सुरेंद्र शर्मा, श्री शारदा ज्योतिष निकेतन, जोगिंद्रनगर

यदि इस पवित्र विद्या को पुनः सम्मान दिलाना है, तो इसके गहरे अध्ययन, साधना और सत्यनिष्ठा की आवश्यकता है। केवल गुण नहीं, बल्कि ग्रहों की संपूर्ण स्थिति, योगों, दोषों और कर्म सिद्धांत की सम्यक विवेचना ही किसी भी जीवन निर्णय के लिए मार्गदर्शक बन सकती है।



# देवशयनी एकादशी से चार मास तक पाताल लोक में निवास करेंगे श्रीविष्णु

**आषाढ़** माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी, हरिशयनी और पद्मनाभ के नाम से जाना जाता है। व्रतों में श्रेष्ठतम देवशयनी एकादशी का व्रत करने से सब पापों को नाश होता है। इसी दिन चातुर्मास व्रत पालन भी आरंभ हो जाता है। पुराणों में कहा है कि देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार मास के लिए पाताल लोक में निवास करते हैं। सूर्यवंशी मांधाता नाम के एक महाप्रतापी, सत्यवादी, महान और चक्रवर्ती राजा थे। वह अपनी प्रजा का पुत्र की तरह पालन करते थे। उनके राज्य में सर्वत्र खुशहाली थी, लेकिन एक समय राजा के राज्य में अकाल पड़ गया। प्रजा भूखी मरने लगी, जिससे राजा बहुत दुखी हुए। राजा जंगल की ओर चल दिए और ब्रह्मा के पुत्र अंगिरा ऋषि के आश्रम में पहुंच गए। राजा ने उन्हें सारी बात बताई, इस पर ऋषि उन्हें एकादशी व्रत करने को कहा। राजा ने विधिवत देवशयनी एकादशी का व्रत किया और उसके प्रभाव से राज्य में पुनः खुशहाली आ गई। एकादशी व्रत की शुरुआत दशमी तिथि की रात्रि से ही हो जाती है। गत रात्रि से ही भोजन में नमक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्रातः संकल्प लेकर भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा-अर्चना करनी चाहिए और दिनभर व्रत पालन करते हुए रात्रि को जागरण करते हुए हरि नाम का संकीर्तन करना चाहिए। अगले दिन प्रातः सूर्योदय के पश्चात पूजन आदि कर व्रत की पारणा करनी चाहिए।

**-अनिल शर्मा, नौबाही, मंडी।**

### चातुर्मास में न किए जाने वाले काम मांगलिक कार्यों पर रोक

**चातुर्मास** में भगवान विष्णु के निद्रावस्था में रहने के कारण मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। इस समय शादी-विवाह के मुहूर्त नहीं होते हैं। कार्तिक माह मे देवउठनी एकादशी पर प्रभु के जागने के बाद ही मांगलिक कार्य शुरू होते हैं।

**शुभ कार्यों पर रोकः** चातुर्मास के चार माह के दौरान भूमि पूजन, मुंडन संस्कार, तिलक समारोह, गृह प्रवेश, नामकरण जैसे संस्कार भी नहीं होते हैं। इस समय मांगलिक कार्य और शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

**नया कामः** चातुर्मास के चार माह के दौरान कोई नया काम शुरू नहीं करना चाहिए। इस समय दुकान खोलना, कारोबार शुरू करना शुभ नहीं होता है और उसके अच्छे परिणाम नहीं मिलते हैं।

**तामसिक भोजनः** चातुर्मास के चार माह के दौरान सात्विक भोजन करना चाहिए और तामसिक चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए. इस समय मांस, मछली, अंडा, प्याज और लहसुन नहीं खाना चाहिए। इसके साथ ही दही, मूली और साग खाने की भी मनाही होती है।

**छल कपट से दूरः** चातुर्मास के चार माह के दौरान झूठ बोलने, छल कपट का व्यवहार करने से बचना चाहिए। इस समय नशा और अन्य बुरी आदतों से भी दूर रहना चाहिए। चातुर्मास में भूलकर भी इन पांच चीजों को नहीं करना चाहिए।

# ...इसलिए नहीं मिलता व्रत-उपवास का फल



**शास्त्रों** में मानसिक शांति और सुख समृद्धि व मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए व्रत उपवास की बड़ी महिमा कही गई है। चिकित्सा शास्त्र में व्रत को स्वास्थ्यवर्धक बताया गया है। व्रत करने से पाचन तंत्र को आराम मिलता है और शरीर विपरीत परिस्थिति में भी काम करना सीखता है। व्रत समाप्त करने पर एक साथ अधिक भोजन नहीं करना चाहिए। संकल्प सहित किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए अनेकों प्रकार के व्रत बताए गए हैं। व्रतराज में 365 दिनों में 500 से अधिक व्रत बताए गए हैं। मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए अलग-अलग व्रत बताए गए हैं, लेकिन व्रत बड़ी सावधानी से करने चाहिए। यानी दशमी विद्धा एकादशी का व्रत करने से अनिष्ठ होने की संभावना रहती है, एकादशी का व्रत दशमी विद्धा न करके भले ही द्वादशी विद्धा करना पड़े तो भी ग्राह्य है। व्रत करने से अंतः करण की शुद्धि होती है। व्यक्ति की संकल्प शक्ति बढ़ती है और व्रत सभी प्रकार के पापों का शमन करने वाले हैं। व्रत करने पर तिथि आदि का विचार बड़ी सूक्ष्मता से करना चाहिए, क्योंकि तिथि के विपरीत व्रत करने से गांधारी को 101 जन्म बाद 100 पुत्रों की मौत देखनी पड़ी थी, इसलिए व्रत करना बच्चों का खेल न समझ कर तिथि और शास्त्रीय विधि से व्रत करने चाहिए।

# त्रिग्रह-योग

## रवि, चंद्र, मंगल

*सारावली-निर्लज्जः पापरतो यंत्रज्ञः शत्रुदारणे शुरः अश्मक्रियासु कुशलः सहस्थितैः सूर्यशशिभौमैः ॥1॥*


*अर्थ- निर्लज्ज, हमेशा पाप कर्मरत रहता हैं। यंत्र शास्त्रज्ञ, हमेशा शत्रुओं का पराभव करने में शूर तथा पाथरवट होकर पत्थर काम करने में कुशल रहता हैं।*

*मानसागरी-यंत्राश्वकूटकुशलो ऽसृग्वेदना पीडितोऽतिशूरश्च आदित्यचन्द्र भौमैकेकस्यैजयिते सुत विहीनः ॥1 ॥*

*अर्थ- यंत्रशास्त्रज्ञ, घोडे की परीक्षा करने में प्रवीण, रक्तदोष से पीडित, अति शूर तथा पुत्रहीन होता हैं।*



*जातक पारिजात-सूर्येन्दु क्षितिनन्दनैररिकुल ध्वंसी धनी नीतिमान ॥1॥*
*शुत्रओं का निर्मूलन करने वाला, धनवान तथा नीतिमान होता हैं।*



विभा शर्मा
श्री शारदा ज्योतिष निकेतन
जोगिंद्रनगर, मंडी

**मेरा अनुभव-** ये लोग अव्वल दर्जे के चंडुखाने की गप्प उड़ाने वाले, झूठ बोलने वाले, जीवन में स्थिरता से रहित, कल्पक, सुपीक बुद्धि के, अनेक धंधे करने वाले, विषयासक्त, डरपोक, परस्त्रीरत, द्विभार्यायोगी, बडे-बडों के साथ मित्रता करने वाले, दूसरों के काम करा देने वाले, थोडे दयालु होते हैं। परस्त्रियां हमेशा इनके पीछे-पीछे आती हैं। मातृ-पितृ सुख कम मिलता हैं। पूर्वायुष्य में भाग्योदय कम होता हैं, उत्तरायुष्य में सुख प्राप्त होता हैं। धन दौलत बनती हैं। दीर्घायुयोग हैं। यह योग मेष, सिंह तथा धनु लग्न को राजयोग करता है। अन्य लग्न को अशुभ फल देता हैं। जब इसकी साडेसाती आरंभ हो जाती हैं तब अशुभ फलों की भरमार कर देता है। शायद मृत्यु भी संभव होती हैं।

# सच्ची सरकार मंदिर में होती हर मनोकामना पूरी

***हमीरपुर जिला स्थित समैला सच्ची सरकार मंदिर देश-विदेश में विख्यात है। यहां आने वाले हर भक्त की मन्नत पूरी होती है। यह मंदिर पिछले कई वर्षों से श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।***



**मंदिर** में वर्षभर सैकड़ों श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है। विशेषकर मंगलवार और शनिवार को इस मंदिर में काफी भीड़ रहती है। आमजन श्रद्धा भाव के साथ अपनी फसल के अनाज की छमाही बाबा के दरबार में चढ़ाने के उपरांत ही अपने लिए प्रयोग करते हैं, जो लोग नई फसल आने पर नहीं पहुंचते हैं, वह छमाही निकाल कर रख लेते हैं। बाबा के दरबार में जब भी आते हैं अनाज को चढ़ाते हैं।

### श्रद्धालुओं की हर सुविधा का

**श्रद्धालुओं** को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं। श्रद्धालुओं के लिए लंगर व ठहरने के लिए व्यवस्था की गई है। वर्तमान में मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न निर्माण कार्य भी संचालित किया जा रहे हैं। श्रद्धालु अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। सच्ची सरकार का राजनीतिक परिवेश के लोग यहां आकर हाजिर लगते हैं।

**प्रस्तुति : एसके ठाकुर, बड़सर**



*चमन महाराज संस्था के संचालक एवं महंत।*

# न्यूज ब्रीफ

## पंचरुखी की आशवी धीमान को किया सम्मानित



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** देवभूमि हिमाचल संस्था के संस्थापक कोमल शर्मा की ओर से अनाया इवेंट्स हिमाचल के सौजन्य से टांडा ऑडिटोरियम में मिस एंड मिसेज देवभूमि हिमाचल कार्यक्रम करवाया गया। इसमें पंजाब के प्रसिद्ध कलाकार निशा बानो व पंजाबी गायक कप्तान ने पंचरुखी के रहने वाली आशवी धीमान को पहाड़ी संस्कृति को प्रमोट करने और बढ़ावा देने के लिए सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आशवी ने सभी बच्चों को संदेश दिया कि बुरी संगत व नशे से दूर रहें तथा अपनी संस्कृति को बढ़ावा देते रहें। माता-पिता व गुरुओं को समर्पित इस सम्मान को पाकर आशवी ने कहा कि वह हमेशा अपनी संस्कृति को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करती रहूंगी।

## लंज कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि बीए, बीएससी तथा बी कॉम में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 7 जुलाई कर दिया गया है। जो विद्यार्थी अभी तक प्रवेश नहीं ले पाए हैं, वे निर्धारित तिथि तक कॉलेज में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। सभी इच्छुक विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे समय पर प्रवेश सुनिश्चित करें, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा का सुनाया प्रसंग



**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के तहत नौरा में सिद्धपीठ श्री पिण्डेश्वरी माता जी के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सरला देवी धर्मपत्नी स्व. संसार चंद के निजी निवास में 26 से लेकर 2 जुलाई तक चल रही है। पांचवें दिन सोमवार को कथा व्यास विपिन चंद्र शर्मा उर्फ पंडित बबलू शर्मा ने भागवत प्रेमियों को विष्णु भगवान के पार्षद जय और विजय की कथा पर प्रकाश डालते हुए जड़ भरत की कथा, कश्यप होलिका दहन, परशुराम जी की कथा तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के कथा का प्रसंग सुनाया। 2 जुलाई को हवन-यज्ञ के बाद पूर्णाहुति दी जाएगी, तदोपरांत दोपहर को श्रद्धालुओं के लिए लंगर का प्रबंध भी है।

## लंज कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** लंज कॉलेज का बी.कॉम तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 14 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें सभी ने सफलता प्राप्त की। 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। रोहित ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए प्रथम रहे। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्व. संतराम की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद चैरिटेबल ट्रस्ट बैजनाथ-पपरोला की ओर से सोमवार को पूर्व मंत्री स्व. संतराम की पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान करने वाले 19 स्वयंसेवियों को सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर भी प्रदान किए। ट्रस्ट सचिव उदय सिंह राणा ने बताया कि सिविल हॉस्पिटल बैजनाथ में भर्ती रोगियों के मध्य फल वितरित किए गए। इससे पहले शाखा के सदस्यों ने पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के प्रांगण में स्थित संतराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## टीक देहरू में दुकान से देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत टीक देहरू में अनिल कुमार निवासी सिंबललाहड़ डाकघर काहनपट्ट तहसील धीरा की दुकान से 6,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 17.55 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार



**गगल।** गगल पुलिस ने दो युवकों को रविवार देर रात को 17.55 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान 23 वर्षीय करण पुत्र दीपक और 34 वर्षीय गुरप्रीत पुत्र बलदेव सिंह तरनतारन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मसरेड़ के लगते कनेड़ गांव में पुलिस टीम ने पेट्रोलियम के दौरान पैदल जा रहे दो युवकों को शक के आधार पर तलाशी के लिए रोका, जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास 17,55 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। गगल पुलिस के थाना प्रभारी उधम सिंह राजपूत व जांच अधिकारी एएसआई कमल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीन दिन का पुलिस रिमांड पर भेजा है।

# विकास खंड नगरोटा सूरियां ऑफिस को जल्द करवाएं खाली : चंद्र कुमार

## कृषि मंत्री ने डीएसपी जवाली को दिए आदेश, संघर्ष समिति को भी लगाई लताड़

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** विकास खंड नगरोटा सूरियां को जवाली शिफ्ट करने की अधिसूचना के विरोध में गठित विकास खंड बचाओ संघर्ष समिति की ओर से कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार का वनतुंगली में घेराव करने की योजना को प्रशासन ने नाकाम कर दिया। प्रशासन ने वनतुंगली को पुलिस छावनी में बदल दिया और पंचायत में आने जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस तैनात कर पूरी पंचायत को सुरक्षा के घेरे में ले लिया था।

चंद्र कुमार सोमवार को वनतुंगली में मॉडर्न सामुदायिक भवन का शिलान्यास करने आए थे। उन्होंने वनतुंगली में पंचायत भवन का शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित किया। वहीं, संघर्ष समिति का कोई भी सदस्य




वनतुंगली में मॉडर्न सामुदायिक भवन का शिलान्यास करते कृषि मंत्री चंद्र कुमार।

**वनतुंगली में पंचायत भवन का किया शिलान्यास**

**पुलिस ने की संघर्ष समिति की घेराव की योजना फेल**

कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाया। चंद्र कुमार ने संघर्ष समिति को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये सभी विकास के विरोधी हैं और राजनीतिक ठग हैं, जो केवल मात्र अपनी राजनीति चमका रहे हैं। चंद्र कुमार ने जवाली के डीएसपी को आदेश देते हुए कहा कि विकास खंड नगरोटा सूरियां परिसर में धारा 144 लगाकर खाली करवाया जाए। उन्होंने इशारों ही इशारों में कहा कि विकास खंड कार्यालय अभी तक नगरोटा सूरियां में ही है और बीडीओ भी अभी वहीं बैठ रहा है। संघर्ष समिति अपनी राजनीति चमकाने के लिए ड्रामेबाजी कर रही है और उनके साथ कुछ कांग्रेसी भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने संघर्ष समिति से जुड़े कांग्रेसियों को आगाह किया कि वे सुधर जाएं या फिर लताड़ खाने से पहले भाजपा में शामिल हो जाएं।

### बोले- संघर्ष समिति कर रही लोगों को गुमराह

**चंद्र** ने कहा कि संघर्ष समिति का काम ही ड्रामेबाजी करना है और जनता को गुमराह कर विकास से भटकाना है, जबकि भाजपा के कार्यकाल में एक भी कार्य नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति के नुमाइंदे भाजपा के एक विशेष गुट से संबंधित हैं और इनका विरोध ही एक मात्र उद्देश्य है। 1977 में जब वनतुंगली में भूमिहीन गरीबों को जमीन आवंटित की गई थी, तब भी इन्होंने विरोध किया था और बंदूकें तानकर खड़े हो गए थे और तब भी प्रशासन ने पुलिस बल तैनात कर भूमिहीनों को भूमि आवंटित की।

## राष्ट्रीय परिषद का सदस्य मनोनीत होने पर त्रिलोक कपूर को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए हिमाचल से आठ सदस्यों में त्रिलोक कपूर को चुने जाने पर भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर की अध्यक्ष रागनी रकवाल ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर बहुत समय से संगठन के लिए ईमानदारी और कर्मठता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि त्रिलोक कपूर का राष्ट्रीय परिषद का सदस्य मनोनीत होना पालमपुर के लिए खुशी की बात है। इस मौके पर पालमपुर जिला के महामंत्री राजेश राणु, अभिमन्यु भट्ट, गोपेश शर्मा, सुरेश पठानिया, सुरेंद्र कपूर, सुरेंद्र राणा, चंद्रवीर आदि ने बधाई दी है।

## हैप्पी बर्थडे



टक्का गांव की उपासिका शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 12 पदों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बाल विकास परियोजना देहरा के तहत उपमंडल ज्वालामुखी की विभिन्न पंचायतों में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 12 पद भरे जाएंगे, जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी देहरा ने दी। थिल पंचायत के थिल में टिहरी पंचायत के कंडा टिहरी में, सलिहार पंचायत के काई, डोहग देहरियां पंचायत के ठाना, जखोटा पंचायत के वोहल जागीर, कमलोटा पंचायत के कमलोटा, हिरन पंचायत के हिरन, नाहरबन पंचायत के पंजयाड़ा, हडोली पंचायत के बाह, अलूहा पंचायत के भौरन, अधबाणी पंचायत के जटेहड़, गाहलियां पंचायत के बल्ला में पद भरे जाएंगे। इच्छुक महिला उम्मीदवार 15 जुलाई को शाम 5:00 बजे तक साधारण कागज पर अपना आवेदन पत्र जमा कर सकती हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, तथा उनकी आयु सीमा 18 से 35 वर्ष वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## ठंडोल गांव की परिधि ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** ठंडोल गांव की परिधि जरयाल ने हाल ही में मॉडलिंग रियलिटी शो 'किसमें कितना है दम' सेशन-11 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। टीवी रियल्टी शो का आयोजन हाल ही में पंजाब के संगरूर में किया गया। इसमें देशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया।



**'किसमें कितना है दम' रियलिटी शो में प्रथम**

इस मंच पर पालमपुर तहसील के ठंडोल गांव की 9 वर्षीय बेटी परिधि जरयाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रदीप जरयाल की पुत्री परिधि न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना में पढ़ाई कर रही है।

# दलाईलामा का मनाया 90वां जन्मदिन

## 6 जुलाई पर चीन की नजरें, धर्मगुरु दलाईलामा कर सकते हैं अपने उत्तराधिकारी की घोषणा

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मंदिर में सोमवार को तिब्बती चंद्र कैलेंडर के अनुसार, तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाईलामा का 90वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर भारी संख्या में तिब्बती लोग, विदेशों से आए उनके अनुयायी उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान उन्हें केक भेंट किया गया। इस मौके पर दलाईलामा की लंबी आयु के लिए विशेष पूजा की गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। हालांकि, दलाईलामा का जन्मदिन 6 जुलाई को है, लेकिन तिब्बत के कैलेंडर के हिसाब से दलाई लामा 30 जून को 90 साल के



मैक्लोडगंज में 90वें जन्मदिन पर अनुयायियों के साथ धर्मगुरु दलाईलामा।

हो गए हैं। 6 जुलाई को मुख्य तिब्बती मंदिर में दलाईलामा के 90वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में समारोहों और दीर्घायु अर्पण समारोहों का लाइव वेबकास्ट होगा। वेबकास्ट तिब्बती, चीनी, वियतनामी, हिंदी, कोरियाई, स्पेनिश, जर्मन, रूसी, इतालवी, नेपाली, लद्दाखी, फ्रेंच, इंडोनेशियाई, पुर्तगाली, जापानी और मंगोलियन में भी उपलब्ध हैं। तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा द्वारा धर्मगुरुओं की बुलाई गई बैठक को लेकर चीन टेंशन में है। संभावना जताई जा रही है कि दलाईलामा अपने उत्तराधिकारी की घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल, 6 जुलाई को धर्मशाला के मैक्लोडगंज में दलाईलामा के जन्मदिन को मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चीन समेत कई अन्य देशों की नजरें यहां के घटनाक्रम पर टिकी हैं। बता दें कि केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के कई मंत्री पहले ही दलाईलामा के उत्तराधिकारी की घोषणा उनके जन्मदिन पर किए जाने की बात कह चुके हैं। इस सूची में तिब्बती प्रशासन के निर्वाचन प्रमुख पेनपा त्सेरिंग के साथ ही उपसभापित डोलमा त्सेरिंग के नाम शामिल हैं। इस दौरान काफी संख्या तिब्बती बौद्ध लीडर्स का एकत्र होंगे। दलाईलामा ने अपनी किताब वॉयस फॉर वायसलेस में लिखा था कि उनका उत्तराधिकारी चीन के बाहर जन्म लेगा। साथ ही उन्होंने लिखा था कि संभव है कि वो देश भारत होगा।

## मैक्लोडगंज पहुंचे रिंपोछे क्याब्जे मेनलिंग खेंचेन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** रिंपोछे क्याब्जे मेनलिंग खेंचेन अपने साथियों के साथ सोमवार को धर्मशाला पहुंचे। कांगड़ा के होटल ग्रैंड राज में पहुंचने पर रिंपोछे का स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल (न्यिंगमा परंपरा से सांसद), सांसद लोबसंग थुप्टेन (डोमे घोटन आयोजन समिति के सदस्य), लोकसेवा आयोग के सचिव तेनजिन लेकडुप और खेन रिंपोछे के साथ शुकसेब ननरी के कर्मचारी उनसे मिले। इसके बाद में मैक्लोडगंज पहुंचे, जहां उनका डोमे घोटन आयोजन समिति के अध्यक्ष और अन्य संबंधित अधिकारियों ने स्वागत किया। रिनपोछे की धर्मशाला यात्रा 15वें तिब्बती धार्मिक सम्मेलन में भाग लेने के साथ-साथ धर्मगुरु दलाईलामा के लिए दीर्घायु प्रार्थना और परम पावन के 90वें जन्मदिन के उत्सव के सिलसिले में है।

# टंबर की प्रधान ने लगाए प्रताड़ित करने के आरोप

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**जयसिंहपुर** कांग्रेस में आंतरिक कलह खुलकर सामने आ गई है। टंबर पंचायत की प्रधान नेहा वर्मा और पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल के बीच सोशल मीडिया पर जुबानी जंग तेज हो गई है। नेहा वर्मा ने डढवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।



नेहा का आरोप है कि डढवाल शुरू से उनके खिलाफ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव के दौरान भी डढवाल ने खुलकर विरोध किया और मुझे हराने का पूरा प्रयास किया। चुनाव जीतने के बाद भी डढवाल ने उनके खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाकर पंचायत को गिराने की कोशिश की। नेहा ने आरोप लगाया कि पंचायत भवन निर्माण के लिए डोनेट की गई जमीन पर भी अड़चनें खड़ी की गईं और उन्हें फोन पर धमकाया गया। नेहा ने स्पष्ट किया कि उनके बयान को मंत्री यादविंद्र गोमा के खिलाफ न समझा जाए। उन्होंने कहा कि मंत्री जी ने हमेशा सहयोग किया है और टंबर स्कूल का काम उन्हीं की पहल पर हुआ। डढवाल द्वारा स्कूल भवन के लिए जमीन के मामले में अड़चनों की बात भी उन्होंने उजागर की। वहीं, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने नेहा वर्मा के सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। डढवाल ने कहा कि वे तीन बार ब्लॉक अध्यक्ष रह चुके हैं और हमेशा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है। उन्होंने नेहा द्वारा लगाए आरोपों को निराधार और झूठा बताया। इस विवाद ने जयसिंहपुर कांग्रेस में अंदरूनी मतभेद को उजागर कर दिया है।

# सीएम सुक्खू के प्रयासों से कांगड़ा जिला नई बुलंदियों पर : मोंगरा

## जनता के सामने रखा रिपोर्ट कार्ड, बोले- एपीएमसी ने वित्त वर्ष में तक अब कमाए करोड़ों रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एपीएमसी** के जिला व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष निशु मोंगरा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनता के साथ बैठक की। इसमें मोंगरा ने जिला व अपने विधानसभा क्षेत्र कांगड़ा का रिपोर्ट कार्ड रखा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कांगड़ा जिले की जनता से खास लगाव है। यही कारण है कि आबादी में हिमाचल के सबसे बड़े जिले में अरबों रुपए के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। सीएम सुक्खू के प्रयासों से कांगड़ा जिला पर्यटन राजधानी बनने की ओर है।

बनखंडी चिड़ियाघर, डे-बोर्डिंग स्कूल, फोरलेन, एयरपोर्ट, स्मार्ट सिटी सरीखे प्रोजेक्ट आगे बढ़ रहे हैं। जिले में आईटी पार्क के अलावा कृषि, बागवानी, उद्योग पर खास फोकस किया जा रहा है। कांगड़ा में राजस्व विभाग के कामों को स्पीडअप किया गया है। इसमें राजस्व अदालतों में शानदार काम



एपीएमसी के जिला व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष मोंगरा ने जनता के साथ बैठक भी की।

हुआ है। मोंगरा ने कहा कि बरसाती आपदा के समय अधिकारी व्यवस्था परिवर्तन को चरितार्थ करते हुए शानदार काम कर रहे हैं। सबसे पहले फौरी राहत पहुंचाई जा रही है और बंद सड़कों को खोला जा रहा है।

बिजली, पानी की आपूर्ति को भी सुचारु किया गया है। उन्होंने कहा कि साल 2022-23 से 24-25 तक एपीएमसी ने कांगड़ा जिले में दो करोड़ 61 लाख से ज्यादा की कमाई की है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हलके में पेयजल योजनाओं पर अरबों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। कांगड़ा शहर से सटी कछियारी, जोगीपुर, आदि पंचायतों को सीवरेज योजना से जोड़ा जा रहा है।

### शिमला से ऑफिस शिफ्ट करना स्मार्ट मूव

**मोंगरा** ने कहा कि राजधानी शिमला से वाइल्ड लाइफ विंग, रेरा समेत कुछ ऑफिस धर्मशाला शिफ्ट किए जा रहे हैं। यह मुख्यमंत्री का कांगड़ा जिले से लगाव का सबसे बड़ा उदाहरण है। एक तो शिमला शहर से वर्कलोड कम होगा, दूसरा धर्मशाला को दूसरी राजधानी कहने का सपना साकार होगा।

# ज्वालामुखी शहर में खुले में बह रही सीवरेज की गंदगी



खुले में बहते सीवरेज के गंदे पानी से लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना।

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी नगर परिषद के मार्ग 3 में बीते एक सप्ताह से खुले में सीवरेज की गंदगी बह रही है, जो गंभीर बीमारियों को न्योता दे रही है। नगर परिषद ज्वालामुखी के अधीन आने वाले क्षेत्र में सीवरेज की समुचित देखरेख न होने के कारण स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

शहर के अधिकतर हिस्सों में सीवरेज चैंबरों की नियमित सफाई न होने के चलते गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे हर कोई परेशान है। सोमवार को मार्ग-3 के मुख्य द्वार पर स्थित सीवरेज चैंबर के लीक होने से गंदा पानी नानी में भर गया। वहीं, दुकानों के सामान को भी क्षति पहुंची। राहगीरों को गंदगी और बदबू के बीच से होकर गुजरना पड़ा, जिससे आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या सिर्फ एक दिन की नहीं, बल्कि कई सालों से बनी हुई है। हर दूसरे-तीसरे दिन सीवरेज टैंक ओवरफ्लो हो जाते हैं और गंदा पानी शहर के मुख्य मार्गों पर फैल जाता है। मानसून सीजन में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। बारिश के चलते जब जलभराव की स्थिति बनती है, तो सीवरेज का पानी और अधिक मात्रा में सड़कों पर फैल जाता है। इसके चलते तीर्थयात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने की उठाई मांग

**स्थानीय** लोगों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा यह भी अपील की गई है कि स्थानीय निवासी और बाहर से आने वाले लोग नालियों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। नगर परिषद अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा का कहना है की मामला ध्यान में है और उचित कार्रवाई की जा रही है।

## बाबा मुक्तेश्वर में रावी नदी में डूबा युवक नहीं लगा कोई सुराग

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** बाबा मुक्तेश्वर मंदिर के नीचे बहने वाली रावी में सोमवार को पठानकोट के लमीनी से चार लोगों में से 15 वर्षीय साहिल नहाते हुए डूब गया। अभी तक साहिल का कोई पता नहीं लग सका है। शाहपुर कंडी पुलिस टीम साहिल की तलाश करने में जुट गई है। हालांकि, बाबा मुक्तेश्वर मंदिर कमेटी की ओर से विशेषकर बरसात के मौसम रावी नदी के पास जाने के लिए मनाही है, लेकिन लोग बिना बताए रावी नदी के पास नहाने के लिए चले गए। कमेटी ने सीढ़ियों तक जाने के लिए लगाए गए गेट को भी बंद किया हुआ था। वहीं, साहिल की डूबने की सूचना मिलते ही साहिल की माता रश्मी, पिता तिरलोक व अन्य परिजन बाबा मुक्तेश्वर मंदिर में रावी नदी के पास पहुंच गए हैं। एसएचओ शाहपुर कंडी सब इंस्पेक्टर अमनप्रीत कौर ने बताया कि युवक की तलाश जारी है। पानी का बढ़ने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# ब्यास से तीन महिलाओं को किया रेस्क्यू

## भैंसों को गई थीं ढूंढने; जलस्तर बढ़ने से टापू में फंसीं, नाव से सुरक्षित निकाला



दसलूं गांव में सोमवार को ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से टापू में फंसी महिलाओं को नाव से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल की लंबागांव पंचायत के दसलूं गांव में सोमवार को ब्यास नदी में फंसी तीन महिलाओं को जयसिंहपुर प्रशासन की टीम की ओर से रेस्क्यू किया गया। लंबागांव पंचायत के दसलूं गांव की सुरेखा देवी, अनु देवी व कमलेश देवी ने अपनी भैंसों को चराने के लिए ब्यास नदी में छोड़ा था। सुबह दस बजे के करीब तीनों महिलाएं अपनी भैंसों को ब्यास नदी में ढूंढ रही थीं तो उस समय ब्यास नदी में एक तरफ ही पानी था, लेकिन थोड़ी ही देर में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे ये महिलाएं बीच टापू में फंस गईं। गांव के किसी व्यक्ति ने इन्हें देख लिया और पटवारी व प्रशासन को जानकारी दी।

सूचना मिलते ही उपमंडलाधिकारी जयसिंहपुर टीम के साथ मौके पर पंहुचे। कुदुआर के पत्तन से नाव को लाकर तीनों महिलाओं को नाव से सुरक्षित बाहर निकाला गया। उपमंडलाधिकारी जयसिंहपुर संजीव ठाकुर ने कहा कि लोगों को बार-बार ब्यास नदी के किनारे न जाने की चेतावनी दी जा रही, लेकिन लोग फिर भी नहीं मान रहे हैं। अब अगर लोग नहीं माने तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एनएच 154 पर नाल्टी पुल के पास डंगा ढहा

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** नेशनल हाईवे 154 मुख्य सड़क पर नाल्टी पुल के पास सोमवार को भारी बारिश होने के चलते डंगा ढह गया। इस बार लगातार हो रही बारिश से काफी नुकसान हो रहा है।

जगह-जगह लैंडस्लाइड होने के कारण बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, सड़क में दरारें पड़ गई हैं और सड़क का अंदर का भाग खोखला हो गया है। इस कारण वाहनों के यातायात के लिए खतरा बना हुआ है। कोई दुर्घटना न हो इसलिए लोगों द्वारा यहां पर पत्थर लगा दिए थे। एनएचएआई विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेड लगा दिए गए हैं। वाहनों की आवाजाही एक तरफा कर दी है। एनएचएआई के अधिकारी राहुल राय ने बताया कि मुख्य सड़क को एक साइड से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया है, ताकि कोई दुर्घटना न हो। जल्द मरम्मत का कार्य शुरू हो जाएगा।



नेशनल हाईवे 154 पर नाल्टी पुल के पास ढहा डंगा।

# माढु कॉलोनी में बहुमंजिला इमारत ढहने से दहशत

## राजधानी में बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त, कई जगह गिरे डंगे

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** मानसून की लगातार बारिश ने हिमाचल प्रदेश में कहर बरपाना शुरू कर दिया है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है। सोमवार सुबह राजधानी शिमला के पास चम्याणा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल जाने वाली सड़क पर माढु कॉलोनी में एक बहुमंजिला इमारत भरभराकर ढह गई। रंजना वर्मा की यह इमारत पूरी तरह ध्वस्त हो गई, हालांकि गनीमत रही कि घटना के वक्त यह खाली थी, जिससे किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

अधिकारियों ने पुष्टि की कि इमारत में कोई नहीं रहता था, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। यह घटना शिमला के शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हो रहे अत्यधिक निर्माण, कमजोर ढलानों और लगातार भारी बारिश के कारण बुनियादी ढांचे पर बढ़ते खतरे को उजागर करती है।



राजधानी शिमला में भारी बारिश के कारण गिरा डंगा।



स्थानीय लोगों ने बताया कि हाल ही में इमारत में दरारें देखी गई थीं, लेकिन ढहने के सटीक कारणों का आकलन अभी जिला प्रशासन कर रहा है।

वहीं दक्षिण-पश्चिम मानसून सीजन 2025 की शुरुआत के साथ ही भारतीय मौसम विभाग ने भारी बारिश और लंबे समय तक मानसून रहने की चेतावनी जारी की है। इसी के मद्देनज़र, आम जनता की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ने एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में सुरक्षित यात्रा के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। यात्रा से पहले मौसम के नवीनतम अपडेट की जांच करने की सलाह दी गई है।

### आपात स्थिति के लिए टोल फ्री नंबर 108 पर करें संपर्क

**किसी** भी आपात स्थिति के लिए टोल फ्री नंबर 108 पर संपर्क करने का आग्रह किया गया है। व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सूखे रहने और फंगल संक्रमण को रोकने के लिए वाटरप्रूफ जूते और रेन कोट पहनने की सलाह दी गई है। गीले कपड़े और जूते तुरंत बदलने को कहा गया है। पर्याप्त मात्रा में साफ पानी रखें और बुखार या दस्त के लक्षण होने पर चिकित्सा सहायता लें। इसके अतिरिक्त, किसी भी आपातकालीन स्थिति या सहायता की आवश्यकता होने पर, जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के हेल्पलाइन नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

# फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू के प्रशिक्षुओं ने जीपेट व नाईपर में किया उम्दा प्रदर्शन

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

- जीपेट में सत्यम गौतम ने 71वां रैंक किया हासिल
- नाईपर में अदिति किम्टेटा ने झटका 13वां रैंक

**रोहड़ू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू के विद्यार्थियों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपेट), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (नाईपर) व ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट (गेट) जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। जोकि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। प्रशिक्षुओं ने इन प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उल्लेखनीय रैंक हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

जीपेट-2025 में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत का परिचय देते हुए उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। जिसमें सत्यम गौतम ने 71वीं रैंक, अदिति किम्टेटा ने 189वीं रैंक, शिवानी शर्मा ने 571वीं रैंक, और दीपिका राणा ने 799वीं रैंक हासिल की। इसके साथ ही, अमीक्षा ठाकुर (1101), श्रुति शर्मा (1211), श्रेया (1717), नीरज ठाकुर (3251), गुरतेज सिंह (3210), उज्ज्वल सोनी (3210), लुभावन कौशल (6635), और दीक्षा यादव (9779) ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (नाईपर) की परीक्षा में भी कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी क्षमता साबित की है। अदिति किम्टेटा ने 13वीं रैंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि सत्यम गौतम ने 32वीं रैंक प्राप्त की। शिवानी शर्मा (584), दीपिका राणा (594), उज्ज्वल सोनी (3060), और दीक्षा यादव (3760) ने भी इस परीक्षा में सफलता पाई। गेट-2025 की परीक्षा में भी अदिति किम्टेटा (384वीं रैंक) व् सत्यम गौतम (1185वीं रैंक) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन परीक्षाओं में सफलता से उच्च शिक्षा विशेषकर मास्टर डिग्री में प्रवेश व छात्रवृति प्रदान होती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विवेक कुमार शर्मा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छात्रों की इन असाधारण उपलब्धियों पर असीम गर्व है।

# सेना प्रशिक्षण कमान का अलंकरण समारोह 3 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय सेना प्रशिक्षण कमान का वार्षिक अलंकरण समारोह 03 जुलाई 2025 को आयोजित किया जाएगा, जहाँ सैन्य प्रयासों के सभी क्षेत्रों में असाधारण योगदान और उत्कृष्टता को सम्मानित किया जाएगा। लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, सेना प्रशिक्षण कमान, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस समारोह में प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों, इकाइयों और चुनिंदा कर्मियों को भारतीय सेना के प्रशिक्षण मानकों और उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान पांच प्रतिष्ठानों को प्रतिष्ठित सेना कमांडर यूनिट प्रशस्ति पत्र से नवाजा जाएगा, जबकि तीन प्रतिष्ठानों को उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन के लिए और तीन को ई-ऑफिस उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया जाएगा, जो ऑनलाइन मोड के उपयोग को प्रोत्साहित करता है। इसके अतिरिक्त, व्यक्तिगत श्रेणी में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नौ व्यक्तिगत नवोन्मेषकों को उनके महत्वपूर्ण तकनीकी योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# चिट्टा तस्करों के खिलाफ रामपुर पुलिस की धरपकड़ जारी, 5 आरोपी गिरफ्तार

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

रामपुर बुशहर। पुलिस उपमंडल रामपुर की डिटेकशन टीम ने पांच चिट्टा तस्करों को गिरफ्तार किया है। भगिंद्र गौतम गांव कुड़ीधार डाकघर निरथ तहसील रामपुर के रिहायशी मकान में अजय कुमार (34) निवासी गांव व डाकघर पंडोह जिला मंडी, रोहित (40) निवासी नारायण नगर सुखी चौक बहादुरपुर जिला होशियारपुर, विजय कुमार (32) निवासी गांव बनोल डाकघर घरान तहसील सदर जिला मंडी, रोशन (28) निवासी गांव व डाकघर पंडोह जिला मंडी व पियुष (रमन) (18) व डाकघर पंडोह जिला मंडी से 30.88 ग्राम चिट्टा/हेरोइन व नगदी 50,000 रुपए बरामद किये थे।

जो उपरोक्त व्यक्तियों के खिलाफ थाना रामपुर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियोग के अंवेषण के दौरान 26 जून को मामले से जुड़े दो आरोपियों अंकित ठाकुर (30) निवासी गांव व डाकघर निरथ तहसील रामपुर जिला शिमला व गौरव (22) निवासी गांव टूटू डाकघर देलठ तहसील ननखड़ी जिला शिमला को हाल रिहायश कुड़ीधार डाकघर निरथ तहसील रामपुर जिला शिमला को गिरफ्तार किया गया था। इसके अतिरिक्त अभियोग में अन्वेषण के दौरान दिनांक 29 जून को तीन अन्य आरोपियों अनवर अली (27) पुत्र अली मोहम्मद निवासी हातोन डाकघर शिवा तहसील सदर मंडी जिला, भानू (25) निवासी गांव अमबेडकर नगर डाकघर भोजपुर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी व नरेश कुमार (30) पुत्र जगदीश निवासी गांव अमबेडकर नगर डाकघर भोजपुर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी को गिरफतार किया गया है, जोकि अभियोग में अन्वेषण जारी है। अभी तक इस अभियोग में कुल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



- मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की जांच जारी: नरेश

इसके अतिरिक्त उपमंडल पुलिस अधिकारी रामपुर नरेश शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले से जुड़े अन्य आरोपियों बारे भी जांच जारी है। नरेश शर्मा ने बताया कि जो भी व्यक्ति नशे की खरीद फरोख्त में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शिक्षा मंत्री ने 89 लाख से बने पीएचसी बम्टा का किया लोकार्पण

## रोहित ठाकुर ने किया चौपाल क्षेत्र का दौरा; बम्टा उत्सव में हुए शामिल, पशु औषधालय का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने चौपाल विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्पोर्ट्स, कल्चर एवं एनवायरनमेंट क्लब बम्टा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बम्टा उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान मंत्री ने चौपाल क्षेत्र से अपने भावनात्मक संबंधों पर कहा कि क्षेत्र के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बम्टा में स्कूल के खेल मैदान के निर्माण के लिए टोकन के रूप में 10 लाख रुपये देने की घोषणा की, ताकि एक भव्य खेल मैदान का निर्माण हो सके। उन्होंने स्पोर्ट्स, कल्चर एवं एनवायरनमेंट क्लब बम्टा द्वारा खेल और संस्कृति के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और उत्सव के सफल आयोजन के लिए क्लब को 1 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र की अन्य मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और उन्हें चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया।



चौपाल विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

मंत्री रोहित ठाकुर ने चौपाल विधानसभा क्षेत्र में लगभग 89 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बम्टा का लोकार्पण किया। इसके साथ ही, उन्होंने पशु औषधालय बम्टा का शिलान्यास भी किया।

रोहित ठाकुर ने चौपाल उपमंडल के अंतर्गत गोरली मडावग में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मडावग के भवन निर्माण को पूरा करने के लिए अतिरिक्त 30 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि स्कूल भवन निर्माण के लिए पहले ही 1 करोड़ 40 लाख रुपये का वित्तीय अनुमोदन प्रदान किया गया था।

### मडावग-पंथा सड़क का होगा निर्माण

**शिक्षा** मंत्री ने मडावग-पंथा सड़क निर्माण की मांग को क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण मांग बताया और इसके लिए धन का प्रावधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह सड़क दो विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ेगी, जिससे इसका महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि चौपाल क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए वन विभाग की अनुमति मिल चुकी है और कोटखाई उपमंडल क्षेत्र से भी वन अधिकार अधिनियम के तहत अनुमति प्राप्त की जाएगी।

उन्होंने छात्रों के लिए एक भव्य भवन सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त धन का प्रावधान करने को भी कहा। उन्होंने मडावग के माध्यमिक और प्राथमिक स्कूल भवनों के लिए भी मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार कर भेजने को कहा ताकि उनके लिए भी धन का प्रावधान किया जा सके।

# देहरा में एससी/एसटी कॉरपोरेशन ऑफिस बंद करने पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**देहरा** में एससी/एसटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का सहायक प्रबंधक (विकास) कार्यालय बंद कर इसे धर्मशाला के जिला कार्यालय में मर्ज करने पर रोष पनप रहा है। भाजपा एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कमल नैन डोगरा ने इस कदम को क्षेत्र के गरीब वर्ग और एससी/एसटी समुदाय के साथ कुठाराघात करार दिया है।

आउटसोर्स कर्मचारी देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। गए कर्मचारी चाहते हैं कि उन्हें किसी अन्य विभाग में मर्ज किया जाए। देहरा कार्यालय में तैनात सभी आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, जिससे उनके परिवारों पर रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। केवल देहरा ही नहीं, एससी-एसटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के भरमौर, सरकाघाट और जुब्बल स्थित सहायक प्रबंधक (विकास) कार्यालयों को भी संबंधित जिला मुख्यालय में मर्ज कर बंद कर दिया गया है। महिला विकास निगम ने भी अपने कार्यालयों में तैनात सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अब केवल काजा स्थित कार्यालय को छोड़कर अन्य सभी सहायक प्रबंधक कार्यालय बंद कर दिए गए हैं। बीजेपी जिला अध्यक्ष अजय खट्टा ने देहरा कार्यालय को धर्मशाला में मर्ज करने के फैसले का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि देहरा कार्यालय गरीब वर्ग के युवाओं को स्टडी लोन और व्यापारिक लोन देकर उनके उत्थान में अहम भूमिका निभा रहा था। इसे बंद करना गरीब और एससी/एसटी वर्ग के साथ अन्याय है। एससी/एसटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और महिला विकास निगम के एमडी अजय कुमार यादव ने बताया कि हाल ही में हुई 75वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी के चलते यह कदम उठाया गया है। अब एससी-एसटी से जुड़ी योजनाओं, स्टडी लोन और व्यवसायिक लोन जैसी सुविधाओं के लिए लोगों को जिला कार्यालय में ही आना होगा और इच्छुक लोग ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं।

# किरतपुर-मनाली फोरलेन पर दरकी पहाड़ी

## जगातखाना के पास मलबा और बड़े पत्थर सड़क पर गिरने से वन-वे किया ट्रैफिक



किरतपुर-मनाली फोरलेन पर जगातखाना के पास सड़क पर गिरा पहाड़ी से मलबा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

किरतपुर-मनाली फोरलेन पर बिलासपुर जिले के जगातखाना के पास पहाड़ी दरक गई है। सोमवार सुबह भारी बारिश के चलते पहाड़ी से मलबा और पत्थर सड़क पर आ गिरे, जिससे ट्रैफिक को वन-वे करना पड़ा। फिलहाल एनएच प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर तैनात है और मलबा हटाने का कार्य जारी है। स्थानीय लोगों और यात्रियों में डर का माहौल है, क्योंकि यह इलाका हर साल बरसात के मौसम में खतरा बन जाता है। लगातार हो रही बारिश से पहाड़ी कमजोर हो चुकी है, जिससे पत्थर बार-बार सड़क पर गिर रहे हैं।

### पिछले साल भी पहाड़ी से पत्थर गिरने से हुई थी वाहन चालक की मौत

**पिछले** साल भी इसी स्थान पर एक बड़ा हादसा हुआ था, जब दरकी पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर एक चलती गाड़ी पर आ गिरे थे। इस हादसे में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद से इस स्थान को लेकर लोगों में चिंता बनी हुई है। प्रशासन की ओर से चेतावनी बोर्ड तो लगाए गए हैं, लेकिन स्थायी समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक इस पहाड़ी को मजबूती देने या मलबा गिरने से रोकने के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किए जाते, तब तक यह क्षेत्र खतरे से खाली नहीं हो सकता। प्रशासन ने फोरलेन से गुजरने वाले यात्रियों से सावधानी बरतने और मौसम को ध्यान में रखते हुए ही यात्रा करने की अपील की है। साथ ही भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में यात्रा के दौरान गति सीमित रखने को भी कहा गया है।

# जलशक्ति विभाग भवारना के कनिष्ठ अभियंता सुनील शर्मा हुए सेवानिवृत्त



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश जलशक्ति विभाग भवारना के कनिष्ठ अभियंता सुनील शर्मा सोमवार को 38 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अपनी पहली सेवाएं सोलन जलशक्ति विभाग में सर्वेक्षक के रूप में वर्ष 1986 में शुरू की थीं। इस बीच 1986 से 1996 तक सोलन में सेवाएं देने के बाद उनका तबादला जल शक्ति विभाग थुरल में हुआ। जल शक्ति विभाग में बतौर सर्वेक्षक 32 साल के बाद वर्ष 2018 में पदोन्नत होकर कनिष्ठ अभियंता के रूप में जल शक्ति विभाग जयसिंहपुर में सेवाएं दीं। तदोपरांत भवारना में कनिष्ठ अभियंता के रूप में दो वर्ष की सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हुए।

## अशोक 12 वर्ष की सेवाएं देने के बाद हुए रिटायर

**अनंत ज्ञान, गगल।** पंचायत ढुगियारी में चौकीदार के पद पर तैनात अशोक कुमार 12 वर्ष की सेवाएं देने के बाद सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। पंचायत में विदाई पार्टी दी और उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कमलजीत गुप्ता, पंचायत उपनिरीक्षक अश्वनी कटोच, सचिव नरेंद्र चौधरी, प्रधान निशा चौधरी, उपप्रधान संजीव कुमार व वार्ड सदस्य भी उपस्थित थे।



# दुनेरा की बेटी रूही धीमान बनी फ्लाइंग ऑफिसर, गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** पठानकोट के ब्लॉक धारकलां अधीन गांव दुनेरा निवासी रूही धीमान फ्लाइंग ऑफिसर बनकर क्षेत्र का नाम चमकाया है। सोमवार को गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ फूल बरसाकर व फूल मालाएं पहनाकर रूही का सम्मान किया। दुनेरा बाजार के दुकानदारों ने लड्डू बांटे। रूही की माता रजनी धीमान व पिता राज कुमार ने सभी मेहमानों का धन्यवाद किया।

दुनेरा निवासी रूही धीमान ने वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया बल्कि पूरे धार ब्लॉक का नाम भी रोशन किया। वह भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनने वाली तीसरी उम्मीदवार हैं। इससे पहले धार ब्लॉक के गांव जलाड़ के रूपोश ठाकुर और भंगूरी गांव की साक्षी अत्री ने भी वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर धार ब्लॉक को गौरवान्वित किया है। राज कुमार के घर जन्मी रूही एक साधारण परिवार की प्रतिभाशाली बेटी है। फ्लाइंग ऑफिसर रूही ने बताया कि उन्हें फ्लाइंग ऑफिसर बनने की प्रेरणा फ्लाइंग ऑफिसर अवनि चतुर्वेदी से मिली, जो भारत की पहली महिला फाइटर पायलट हैं, जिन्होंने मिग-21 बाइसन को उड़ाया है। रूही ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से इतना गर्मजोशी से स्वागत देखकर वह भावुक हो गई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच लेहरुन पूर्ण धीमान, पूर्व सरपंच किशन चंद, पूर्व सरपंच पप्पू राम, पूर्व सरपंच जोगिंदर सिंह, मनोहर धीमान आदि मौजूद रहे।



दुनेरा गांव पहुंचने पर रूही धीमान का स्वागत करते ग्रामीण व दुकानदार।

# रेलवे पुलिस ने 1.5 किलो अफीम के साथ युवक दबोचा

## मध्य प्रदेश से उतरना था जालंधर, पहुंच गया पठानकोट

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**पठानकोट** रेलवे पुलिस डेढ किलो अफीम के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की ओर से मध्य प्रदेश से जालंधर में सप्लाई की जानी थी, लेकिन गलती से पठानकोट कैंट स्टेशन पहुंच गया। रेलवे पुलिस ने तलाशी के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस ने एमडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया, जहां से 3 दिन का रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार रेलवे पुलिस पठानकोट स्टेशन पर गश्त कर रही थी और एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। जब तलाशी ली तो उसके पास से 1 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी मध्यप्रदेश का रहने वाला बताया जा रहा है और उसे यह अफीम जालंधर पहुंचानी थी, लेकिन गलती से वह पठानकोट कैंट स्टेशन पहुंच गया।



गिरफ्तार किया गया एमपी का युवक।

सुखविंदर सिंह (एसएचयू रेलवे पुलिस) ने बताया कि उनकी पुलिस पार्टी पठानकोट स्टेशन पर गश्त कर रही थी और इस दौरान प्लेटफार्म नंबर एक पर एक व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर घबरा गया और उसने एक लिफाफा झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और जब लिफाफे की तलाशी ली गई तो उसमें से 1 किलो 500 ग्राम अफीम बरामद हुई।

# 40 किसान सीखेंगे आधुनिक बागवानी तकनीक

## करनाल में लेंगे ट्रेनिंग, देहरा एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**एसडीएम** देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने देहरा, ज्वालामुखी, जसवां-परागपुर और नगरोटा सूरियां (जवाली) विधानसभा क्षेत्रों के 40 किसानों के दल को करनाल के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं अवलोकन दौरे पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह दौरा मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर योजना के तहत आयोजित किया गया है। एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन ने किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण दौरे किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देकर उनकी आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य के तहत उन्हें नए उत्पादन तकनीकों, माइक्रो इरिगेशन सिस्टम, हाईटेक नर्सरी उत्पादन और ग्रुप फार्मिंग के माध्यम से मार्केटिंग की जानकारी देने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण का आयोजन कर रही है। पांच दिवसीय इस दौरे में किसान शशी लता, रंजना नरोत्रा, आशा डढवाल, कर्ण पठानिया और अशोक ुमार सहित 40 किसान करनाल स्थित हॉर्टिकल्चर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में बागवानी फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, सब्जियों और फूलों की हाईटेक नर्सरी उत्पादन, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों की ट्रेनिंग लेंगे। इसके अलावा किसान करनाल के घरौंड़ा स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स, सीएसटीएफ लाडवा और पोटैटो टेक्नोलॉजी सेंटर, शामगढ़ का दौरा कर वहां की आधुनिक तकनीकों को भी समझेंगे। विषय विषयवाद विशेषज्ञ उद्यान डॉ. विवेक गर्ग, उद्यान प्रसार अधिकारी आरती धीमान देहरा, सुमित कुमार परागपुर, उद्यान विकास अधिकारी आरती ठाकुर, विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस दौरे से किसानों को नई तकनीकें सीखने और अपने खेतों में लागू करने में मदद मिलेगी, जिससे उत्पादन और आय में बढ़ोतरी होगी।



किसानों को करनाल में बागवानी की ट्रेनिंग लेने के लिए रवाना करते देहरा एसडीएम।

# प्रशासन की दूरदृष्टि से चंबा के खिलाड़ियों में आई जान, बिखर रहे चमक

## जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रूपेश कुमार बोले- फुटबाल, हॉकी व बॉक्सिंग के कोचिंग कैंप इसी माह किए जाएंगे आयोजित

राहुल कुमार सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** 'अगर मंच मिले और मार्गदर्शन सही हो, तो पहाड़ों की मिट्टी से भी ओलंपियन निकल सकते हैं।' इसी सोच को साकार करने के लिए जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रूपेश कुमार ने 11 अक्तूबर 2022 को अपना कार्यभार संभालते ही चंबा जिले में खेल विकास की दिशा में नए कदम उठाए। उन्होंने कहा कि भले ही चंबा एक 'आकांक्षी जिला' है, लेकिन यहां की खेल संस्कृति सदियों पुरानी और समृद्ध रही है।



फुटबाल, हॉकी, वॉलीबाल व क्रिकेट जैसे पारंपरिक खेलों के साथ-साथ अब बॉक्सिंग को भी नई ऊर्जा दी जा रही है। रुपेश कुमार ने कहा कि उपायुक्त चंबा के सहयोग से फुटबाल, हॉकी व बॉक्सिंग के कोचिंग कैंप जुलाई में आयोजित किए जाएंगे। रुपेश कुमार ने बताया कि चंबा में वॉलीबाल आज भी गांव-गांव में खेला जाता है और 'खेलो इंडिया' स्कीम के तहत कबड्डी में जिले के बच्चे राष्ट्रीय पहचान बना रहे हैं। उन्होंने जिले के सेवानिवृत्त डीपी और पूर्व खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे भी आगे आकर इस खेल पुनर्जागरण का हिस्सा बनें। इंडोर स्टेडियम की वर्षों पुरानी मांग अब साकार हो रही है।

अनंत ज्ञान स्पेशल

### खेलो इंडिया योजना के तहत 70 से 80 बच्चे ले रहे प्रशिक्षण : मोहम्मद राफी



**मोहम्मद** राफी कबड्डी कोच और कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष, स्वयं 2017 तक सक्रिय खिलाड़ी रहे, आज चंबा में दो जगहों पर कोचिंग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया योजना के तहत उनके पास इस समय 70 से 80 बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने जिला खेल अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल के लिए अंडर-16 कबड्डी कप्तान रोहित उन्हीं के प्रशिक्षण से निकले खिलाड़ी हैं। लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्थानीय स्तर पर आर्थिक सहयोग की कमी के कारण कई गरीब बच्चों को बाहर की प्रतियोगिताओं में ले जाना कठिन होता है। चंबा की बेटी चंपा ठाकुर का नाम गर्व से लिया जा रहा है, जो भारतीय कबड्डी राष्ट्रीय कैंप का हिस्सा रह चुकी हैं।

### हॉकी को चाहिए समर्थन, मैदान व मार्गदर्शन: हिमांशु



**हॉकी** खिलाड़ी हिमांशु ने चिंता जताई कि चंबा में हॉकी का स्तर लगातार गिर रहा है। इसका प्रमुख कारण कोच की कमी, उपकरणों की अनुपलब्धता, और उपलब्ध मैदान का सीमित उपयोग है। उन्होंने यह भी बताया कि आज के दौर में हॉकी ग्रास से एस्ट्रोटर्फ की ओर बढ़ चुकी है। अगर चंबा को एक प्रशिक्षित कोच, बेहतर उपकरण और एक स्थायी ग्राउंड मिल जाए तो हॉकी का गौरव लौट सकता है।

### थांग-ता खेल तेजी से हो रहा लोकप्रिय: भुवनेश सिंह



**भुवनेश** सिंह कटोच, थर्ड डिग्री ब्लैक बेल्ट होल्डर और हिमाचल के मुख्य कोच ने कहा कि जब से थांग-ता को 'खेलो इंडिया' में मान्यता मिली है, यह खेल युवाओं के बीच तेज़ी से लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिला खेल अधिकारी रूपेश कुमार के समर्थन से यह खेल अब चंबा के युवाओं के लिए रोज़गार और राष्ट्रीय पहचान का माध्यम बन रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'जिन खेलों को कभी हाशिए पर रखा गया था, अब वहीं चंबा का भविष्य बन रहे हैं।' **चंबा के चमकते सितारेः जिन्होंने देशभर में बजाया डंकाः** कार्तिकेय कटोच ने जूनियर नेशनल थांग-ता चैंपियनशिप (श्रीनगर 2023), खेलो इंडिया यूथ गेम्स (तमिलनाडु 2023-24), सीनियर थांग-ता नेशनल चैंपियनशिप (हरिद्वार 2024)।

### प्रियांशी जोशी ने भी चमकाया नाम



- जूनियर नेशनल चैंपियनशिप (मणिपुर 2022), - खेलो इंडिया यूथ गेम्स (बिहार 2024-25) इन खिलाड़ियों ने अपने दम पर न केवल चंबा बल्कि पूरे हिमाचल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। चंबा अब सिर्फ पहाड़ों की खूबसूरती से नहीं, बल्कि अपने खिलाड़ियों की मेहनत, कोचों की लगन और प्रशासन की दूरदृष्टि से पहचाना जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### विजेंद्र सिंह पठानिया ऑडिट पद पर हुए चयनित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ओबड़ी मुहल्ला के युवा विजेंद्र सिंह पठानिया ने प्रदेश अधीनस्थ सहायक सेवा परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य भर में 23वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ ही उनका चयन सहकारिता विभाग में निरीक्षक (ऑडिट) के पद पर हुआ है। विजेंद्र सिंह पठानिया की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और चड्डबा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है, बल्कि उन युवाओं के लिए भी प्रेरणा है जो कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर सफलता की नई ऊंचाइयों को छूना चाहते हैं। विजेंद्र ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को दिया है, जिनके सहयोग और आशीर्वाद से यह मुकाम संभव हो पाया। लोग उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं।

### लोक अदालत में इंतकाल के 722 मामले निपटाए

**अनंत ज्ञान, चबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व विभाग के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम दो कार्य दिवसों को सम्पूर्ण प्रदेश में 'राजस्व लोक अदालत' के रूप में मनाया जा रहा है। जिले की सभी तहसीलों और उप-तहसीलों में पदस्थ सहायक समाहर्ता (प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी) अधिकारियों द्वारा इन शिविरों का संचालन किया गया। इन दो दिनों के दौरान जिला भर में कुल 488 इन्तकालात, 1 तकसीम भूमि, 10 निशानदेही और 7 राजस्व प्रविष्टियों के मामलों का निपटारा किया गया। जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह ने बताया कि जून माह के दौरान जिले में कुल मिलाकर 722 इंतकालात, 27 तकसीम भूमि, 89 निशानदेही और 65 राजस्व प्रविष्टियों से संबंधित मामलों को सफलतापूर्वक सुलझाया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल सरकार की 'जन सेवा और त्वरित समाधान' की नीति को धरातल पर उतारने की दिशा में एक अहम कदम है।

### छात्रों से आधी रात को मारपीट, 6 लोग घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा शहर के ओल्ड बस स्टैंड में पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के छात्रों के साथ मारपीट की घटना सामने आई। इस घटना में कुल 6 लोग घायल हुए हैं। इनमें 3 मेडिकल कॉलेज के छात्र शामिल हैं। घायलों को उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले को लेकर थाने में एफआईआर दर्ज करवा दी गई है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार घटना में कुछ धारदार वस्तुओं के इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है। इस मामले को लेकर कॉलेज प्रशासन, डॉक्टरों और छात्रों में गहरी चिंता है। सोमवार को मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी ने डीसी मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपते हुए मेडिकल छात्रों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रशासन से छात्रों ने अपील की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए।

### एचआरटीसी व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भाजपा नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह ने सोमवार को चंबा के नए बस अड्डे पर एचआरटीसी विभाग और परिवहन मंत्री के खिलाफ ज़ोरदार प्रदर्शन कर चंबा की उपेक्षित जनता की आवाज बुलंद की। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) चम्बा को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही डिपो की खस्ताहाल व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो मिंजर मेले के दौरान सीएम सुक्खू का काले झंडों से स्वागत किया जाएगा, पुतला फूंका जाएगा और सड़कों पर चक्का जाम किया जाएगा। चंबा विधानसभा क्षेत्र की 45 पंचायतों की एक लाख बीस हज़ार से अधिक की जनसंख्या आज भी जर्जर और खराब बसों पर निर्भर है, जो अक्सर रास्ते में खराब हो जाती हैं और ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।



### राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा विभाग ने राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025 हेतु आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पात्र शिक्षक, मुख्य अध्यापक एवं प्रधानाचार्य स्वयं आवेदन कर सकते हैं अथवा किसी अन्य व्यक्ति की ओर से नामित किया जा सकते हैं। आवेदन कर्ता को निर्धारित प्रपत्र उप शिक्षा निदेशक कार्यालय में 15 जुलाई 2025 तक जमा करने होंगे । जिला उप शिक्षा निदेशक क्वालिटी कंट्रोल कमलेश ठाकुर ने बताया कि अधिक से अधिक शिक्षक पुरस्कार हेतु आवेदन करें । उन्होंने बताया कि प्रदेश में बीते साल से राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार देने के नियमों में बदलाव किया गया है । अब विद्यार्थियों की परफॉर्मेंस से तय होगा कि किस शिक्षक को पुरस्कार मिलेगा। पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों का मूल्यांकन करने के लिए बच्चों की मॉडल टेस्ट पेपर से परीक्षा ली जाएगी। इनका मूल्यांकन करने के बाद साक्षात्कार भी होगा। शिक्षकों का चयन 100 अंकों के आधार पर होगा 25 अंक विद्यार्थियों की परफॉर्मेंस के आधार पर दिए जाएंगे। गैर शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को पुरस्कार की दौड़ से बाहर कर दिया जाएगा।

### डलहौजी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव, 3 अभ्यर्थी चयनित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा के तत्वावधान में सोमवार को डलहौजी स्थित एसओईई में एकदिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 5 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 3 अभ्यर्थियों का चयन संबंधित निजी कंपनी द्वारा किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें निजी क्षेत्र से जोड़ना था। चयन प्रक्रिया के दौरान कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता, व्यवहार कुशलता और कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी चंबा, अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि इस तरह के कैंपस ड्राइव समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# रेस्ट हाउस में पढ़ने को मजबूर बच्चे

## सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर के बच्चे 2 सालों से पीडब्ल्यूडी के गैंग हट में कर रहे हैं पढ़ाई

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर में शिक्षा की बदहाली का नमूना सीनियर सेकेंडरी स्कूल कूंर में देखने को मिला रहा है। यहां पर पूरे स्कूल की कक्षाएं पिछले दो वर्षों से पीडब्ल्यूडी विभाग के रेस्ट हाउस (गैंग हट) में लग रही हैं। जगह के अभाव के कारण यहां पर बच्चों को पढ़ाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मियों में तो बाहर खुले आसमान के नीचे बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन बारिश व सर्दियों में बच्चों को पढ़ाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं पर स्टाफ की भारी कमी के कारण कई बच्चों को मजबूरन दूसरी जगह पढ़ने पर भी मजबूर होना पड़ रहा है। यहां पर स्कूल का अपना भवन नहीं होने के कारण कक्षाएं पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में लगाई जा रही है। गौरतलब है जुलाई 2023 में हुई भारी बारिश के कारण स्कूल के भवन में कई जगह दरारे आ गई थी व जगह-जगह खतरा पैदा हो गया था। लिहाजा स्कूल की बिल्डिंग को आनन-फानन में अनसेफ घोषित कर दिया है। लेकिन पिछले करीब दो साल से यहां पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षाएं एक छोटे से रेस्ट हाउस में तीन कमरों में चलाई जा रही हैं। रेस्ट हाउस में कमरे कम होने के कारण बच्चों को यहां पर पढ़ाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं पर अभी तक स्कूल भवन के के लिए भूमि का फाइनल भी नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार इसी विश्राम भवन के साथ लगते भूमि को स्कूल के नए भवन के लिए स्कूल प्रशासन ने देखा है जिसके लिए रेवेन्यू विभाग द्वारा कागजात तैयार किये जा रहे हैं। स्कूल भवन के लिए लोगों ने स्वेच्छा से भूमि दान किया है। मगर हैरानी की बात यहां पर यह है कि पिछले दो साल बीत जाने के बाद भी यहां पर सात कक्षाओं को एक छोटे से रेस्ट हाउस के तीन कमरों में पढ़ाया जा रहा है जहां पर बच्चों के साथ-साथ अध्यापकों को भी पढ़ाने में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



### क्या कहते हैं प्रधानाचार्य हाकम

**इस** विषय पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य हाकम चंद ने कहा है कि जुलाई 2023 में हुई भारी बारिश के कारण यहां के स्कूल का पुराना भवन क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके कारण इस भवन को अनसेफ घोषित करके बच्चों को यहां पर लगता पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में पढ़ाया जा रहा है। इस बारे में प्रशासन व उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है।

> **स्कूल** भवन को लेकर जिला प्रशासन को अवगत करवा दिया गया है और नए भवन की बिल्डिंग को बनाने के लिए भूमि का चयन भी कर लिया गया है। जिसके लिए रेवेन्यू विभाग द्वारा कागजात भी बनाए जा रहे हैं। तुरंत ही नए भवन के लिए पैसा जमा किया जाएगा और उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द स्कूल का नया भवन बन जाएगा।
>
> **-प्यार सिंह चाडक, डिप्टी डायरेक्टर, शिक्षा विभाग।**

> **स्कूल** भवन के गिर जाने के बाद यहां पर पढ़ाई कर रहे बच्चों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एक छोटे से रेस्ट हाउस के तीन कमरों में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है तो वहीं पर कार्यालय का काम भी किया जा रहा है। प्रशासन जल्द से जल्द स्कूल की नई बिल्डिंग को बनाए।
>
> **कल्पना देवी शर्मा, प्रधान ।**

# मणिमहेश यात्रा को लेकर डोडा ट्रस्ट सक्रिय, 24 अगस्त से चलेगी छड़ी यात्रा

अनंत ज्ञान, चंबा

**हिमालय** की पावन वादियों में एक बार फिर गूंजेगा बम बम भोले का जयकारा, क्योंकि डोडा (जम्मू-कश्मीर) स्थित 'मणिमहेश ट्रस्ट' ने अपनी वार्षिक पवित्र छड़ी यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को औपचारिक ज्ञापन सौंपा है। इस यात्रा में भाग लेने वाले सैकड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए ट्रस्ट ने कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की मांग की है।

यह धार्मिक यात्रा 24 अगस्त को डोडा के शिव चंडी मंदिर, ब्लास्सू से शुरू होकर ब्लासु, मंगल थाथा, जिला डोडा के डेसा, शिव शक्ति कुमीत, राजगढ़, रामबन, कुद्धार, शिव शक्ति मंदिर लालूर धंदाल, शिएनकली मल्लन, मरमट और भल्ला डोडा जम्मू-कश्मीर, पद्दार जिला किश्तवाड़, मरमट, खुदधार, भाला पर 1 सितंबर को संपन्न होगी। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु भोलेनाथ के जयकारों के साथ प्राकृतिक सौंदर्य व आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर इस यात्रा को पूर्ण करेंगे।

### ये हैं मुख्य मांगें

यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विश्राम एवं आपातकालीन सेवाओं की समुचित व्यवस्था हो।
धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों हेतु जरूरी अनुमति प्रदान की जाए।
भरमौर के 84 मंदिर परिसर में दुकानें लगाने पर रोक लगाई जाए ताकि श्रद्धालु निर्विघ्न दर्शन कर सकें।
भरमौर कॉलेज परिसर में तीन दिवसीय लंगर की अनुमति दी जाए।
84 मंदिर परिसर में जूते पहनकर प्रवेश पर प्रतिबंध लागू किया जाए।
डल झील के पास छड़ी के लिए स्थान आरक्षित रखा जाए और वहां टेंट लगाने की अनुमति न दी जाए।

### मांगी व्यवस्था

**ज्ञापन** में स्पष्ट किया गया कि यात्रा श्रद्धा, संयम और सेवा का प्रतीक है और ट्रस्ट चाहता है कि हर श्रद्धालु को यह अनुभव शांति, सुरक्षा और सुविधा के साथ मिले। प्रशासन से अनुरोध है कि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# चंबा मेडिकल कॉलेज में युवक पर हुए हमले की सत्यता की हो जांच: भवानी

अनंत ज्ञान, चंबा

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रांत सह मंत्री भवानी ठाकुर का कहना है कि हाल ही में सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से यह सूचना सामने आई है कि चंबा मेडिकल कॉलेज में मेडिकल स्टूडेंट द्वारा एक युवक पर हमला किया गया है। यह जानकारी फिलहाल अपुष्ट है और प्रशासन अथवा कॉलेज प्रबंधन द्वारा इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



भवानी ठाकुर का कहना है कि इस घटना की सत्यता की तत्काल जांच की जाए और यदि इस प्रकार की कोई घटना हुई है तो दोषी पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। अन्यथा इस तरह की अफवाह फैलाने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्पष्ट करती है कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान में इस प्रकार की हिंसा निंदनीय है और छात्र समुदाय की गरिमा के विरुद्ध है। हम सभी संबंधित विभागों और कॉलेज प्रशासन से अपील करते हैं कि वे पारदर्शिता बनाए रखें और तथ्यों को सार्वजनिक करें ताकि अफवाहों पर रोक लग सके।

विद्यार्थी परिषद यह भी आग्रह करती है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पूर्व समस्त छात्रों और नागरिकों को संयम बरतना चाहिए और आधिकारिक जांच के परिणाम की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

# 3 से जिला कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन करेगी 'आप'

## 5 जिलों में होगा संवाद, बूथ एवं पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर दिया जाएगा बल

अनंत ज्ञान, चंबा

**आम** आदमी पार्टी के जिला सचिव शशिकांत ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी रितुराज गोविंद झा और सह-प्रभारी विजय फुलारा सात दिवसीय जिला कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन के दौरे पर निकल रहे हैं। इस दौरे का उद्देश्य पार्टी संगठन के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में संवाद स्थापित करना एवं बूथ एवं पंचायत स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत करना है।

आगामी पंचायत चुनावों को देखते हुए आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश में संगठन और पार्टी विचारधारा को जन-जन तक लेकर जाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही प्रदेश के होनहार युवाओं से आम आदमी पार्टी ने आह्वान किया है कि प्रदेश की बेहतरी के लिए युवा आम आदमी पार्टी से जुड़ें। आज जिस प्रकार प्रदेश कर्जे में डूबता जा रहा है उससे प्रदेश को केवल एक वैकल्पिक राजनीति ही उभार सकती है। जिला कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन के दौरान जिलों में दौरे के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश के 22 नेताओं की केंद्रीय टीम तैयार की गई है जो प्रभारी और सह प्रभारी के साथ दौरे में साथ रहेंगे। केंद्रीय टीम में सुरजीत सिंह ठाकुर (प्रदेश अध्यक्ष), राकेश मंडोत्रा (प्रदेश सचिव), पूर्णचंद (प्रदेश उपाध्यक्ष), शेर सिंह ठाकुर (प्रदेश उपाध्यक्ष), राकेश चमन आजटा (लोकसभा अध्यक्ष), बलदेव राज (प्रदेश प्रवक्ता), रीता ठाकुर (पर्यवेक्षक शिमला), नैना सिंह (राज्य महिला उपाध्यक्ष), सुषमा शर्मा (प्रदेश प्रवक्ता), पंकज सोहल (लोकसभा पर्यवेक्षक, सह सचिव), अत्तर सिंह चंदेल (उपाध्यक्ष शिमला एवं पूर्व प्रत्याशी, ठियोग), केशव नरयाल (जिला अध्यक्ष, बिलासपुर), मनीष नेगी (जिला किन्नौर), बिमला चौहान (महिला विंग, जिला मंडी), अनिल राणा (पूर्व प्रत्याशी, जिला हमीरपुर), अश्वनी शर्मा (प्रवक्ता, सरकाघाट), पवन कुमार (जिला मंडी), तिलक राज रोच (पर्यवेक्षक जिला शिमला), शेरा नेगी (जिला अध्यक्ष, कुल्लू), नीरज सैनी (पूर्व प्रत्याशी, जिला कुल्लू), डॉक्टर सुमित पुनियाल (जिला हमीरपुर), मनजीत नेगी (जिला प्रवक्ता, किन्नौर) शामिल हैं।

### जिला वार कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 3 जुलाई | मंडी जिला |
| 4 जुलाई | कुल्लू जिला |
| 5 जुलाई | कांगड़ा जिला |
| 6 जुलाई | कांगड़ा जिला |
| 7 जुलाई | चंबा जिला |
| 8 जुलाई | हमीरपुर जिला |

### चंबा में 7 को होगा संवाद सम्मेलनः शशिकांत

### सूडोकु नवताल- 7477

**** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7476 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# चेवड़ी में ठेका खोलने का विरोध

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** उपमंडल सुन्नी की ग्राम पंचायत चेवड़ी में स्थानीय महिलाओं ने शराब का ठेका खोलने विरोध प्रदर्शन किया। चेवड़ी में शराब का ठेका खुलने के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों सहित महिला मंडल की सदस्याएं भी शामिल रही ।

बता दें कि शराब ठेके के विरोध में मई माह में भी ग्रामीणों सहित महिलाओं द्वारा प्रदर्शन किया गया था लेकिन प्रशासन के आश्वासन के बाद विरोध प्रदर्शन रोक दिया गया था ,लेकिन सोमवार को दोबारा महिलाओं ठेके के बाहर जमकर नारेबाजी की और ठेके को तंत्रभ से बंद करने की मांग की। सोमवार को सात महिला मंडलों के सदस्यों ने इस प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# भरमौर अस्पताल में 10 साल से नहीं अल्ट्रासाउंड की सुविधा

अनंत ज्ञान, भरमौर

**सिविल** हॉस्पिटल भरमौर में पिछले 10 सालों से अल्ट्रासाउंड की सुविधा न होने से मरीज को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अल्ट्रासाउंड ना होने के चलते खासकर क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को कई किलोमीटर दूर जाकर अल्ट्रासाउंड करवाने पड़ रहे हैं। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान करीब 100 किलोमीटर दूर जाकर अल्ट्रासाउंड करवाने पड़ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार यहां पर अल्ट्रासाउंड के लिए अल्ट्रसाउंड मशीन भी उपलब्ध है लेकिन स्टाफ न होने के चलते यहां पर यह मशीन पिछले कई वर्षों से धूल ही फांक रही है। रेडियोजोलिस्ट ना होने के कारण यहां पर मजबूरी में लोगों को कई किलोमीटर दूर बाहर जाकर अल्ट्रासाउंड करवाने पड़ रहे हैं। जिसके कारण यहां के गरीब लोगों को अच्छी खासी रकम भी खर्च करनी पड़ रही है।

गौरतलब है यहां के वर्तमान विधायक भी पेशे से डॉक्टर हैं। लेकिन उनकी विधानसभा क्षेत्र में ही स्वास्थ्य के हालात बद से बद्तर होते जा रहे हैं। यहां पर पिछले एक दशक से अल्ट्रासाउंड जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को बाहर जाना पड़ रहा है। गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को निजी गाड़ी या टैक्सी गाड़ी हायर करके भरमौर से बाहर जाकर अल्ट्रासाउंड करवाने पड़ रहे हैं। जहां उन्हें घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है तो कई बार अल्ट्रासाउंड के लिए उन्हें तारीख पर तारीख मिल रही है। जानकारी के मुताबिक गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को कम से कम तीन बार अल्ट्रासाउंड करवाना आवश्यक है। लेकिन पिछले करीब 1 दशक से यहां पर अल्ट्रासाउंड मशीन होने के कारण खासकर गर्भवती महिलाओं को इस मूलभूत सुविधा का काफी सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही दूसरे मरीजों को भी यह सुविधा मुहैया न ही हो पा रही है।

स्टाफ की कमी के कारण यहां पर डॉक्टरों पर काम का लगातार बोझ बढ़ रहा है। पूरे विधानसभा क्षेत्र भरमौर में इस समय अधिकतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सब सेंटर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ की मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां पर अधिकतर अस्पतालों में डॉक्टर के पद रिक्त चल रहे हैं जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> **अस्पलाल** में रेडीयोजोलिस्ट ना होने के कारण खासकर गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हफ्ते में कुछ दिन यहां पर स्टाफ को भेजकर यह सुविधा शुरू हो जाती है तो खासकर इससे गर्भवती महिलाओं को काफी फायदा होगा और उन्हें इस सुविधा के लिए क्षेत्र से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।
>
> **-डॉक्टर शिवराज, बीएमओ, भरमौर।**

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

मंगलवार, 1 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** पंचमी (09:25) : **नक्षत्र** मघा (07:21), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** सिद्धि (05:20), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:56-12:52)। **राहुकाल** (07:10-08:55)।

### विशेष दिन

▸ 1 जुलाई 2025: सीए-डे आज।
▸ 1 जुलाई 2025: डॉक्टर डे आज।

**मेषः** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृषः** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुनः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**कर्कः** किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**सिंहः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**कन्याः** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतर्धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुलाः** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**वृश्चिकः** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**धनुः** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**मकरः** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभः** जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मीनः** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्यकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित

# 15 तक मक्की-धान की फसल के लिए बीमा कवर रहेगा उपलब्ध: डीसी

अनंत ज्ञान, चंबा

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ज़िला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के सभागार में किया गया। उपायुक्त ने बैठक के दौरान बताया कि खरीफ सीजन-2025 के तहत 15 जुलाई तक मक्की और धान की फसल के लिए बीमा कवर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे समय पर आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं। मुकेश ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने की आवश्यकता पर जोर देते हुए संबंधित बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि लाभान्वित किसानों की सफलता की कहानियों के माध्यम से सोशल मीडिया पर प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। साथ में उन्होंने जनसाधारण में जागरूकता बढ़ाने के लिए खरीफ सीजन- 2025 के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा तैयार की गई कार्य योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित बीमा कंपनियों के स्थानीय प्रबंधन और ज़िले के सभी बैंक प्रबंधकों को संयुक्त रूप से जागरूकता शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा, बैंक ऑफ़ इंडिया, कैनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्राप्त करने वाले किसानों की रबी-खरीफ सीजन-2024 के दौरान प्रीमियम नहीं काटने पर संज्ञान लेते हुए स्थानीय प्रबंधन को कारण स्पष्ट करने के भी निर्देश जारी किए।



जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त चंबा मुकेश।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं सुमन सूद** (67वर्ष) पुत्र आतमा राम निवासी गांव व डाकघर पठियार, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र वरूण सूद मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है अत: मैं अपने पुत्र वरूण सूद को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**किसी** दिन जब आपके सामने कोई समस्या न आए, तो आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं। -**स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार

बांग्लादेश एक ऐसा देश है, जिसने कभी धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक सद्भाव का सपना देखा था, लेकिन बीते कुछ वर्षों में वहां धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय पर जिस तरह के अत्याचार बढ़े हैं, वह बेहद चिंता का विषय है। दंगे, लूटपाट, मंदिरों में तोड़फोड़, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और दुष्कर्म जैसी घटनाएं अब सामान्य होती जा रही हैं। इन घटनाओं ने बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय छवि को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। ताजा मामला कुमिल्ला जिले का है, जहां एक हिंदू महिला के साथ दुष्कर्म की शर्मनाक वारदात हुई। इससे पहले भी लगातार ऐसी खबरें आती रही हैं कि बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में हिंदू समुदाय के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके घर जलाए जा रहे हैं, जमीनों पर जबरन कब्जा हो रहा है और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है।

यह घटनाएं सिर्फ मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं हैं, बल्कि बांग्लादेश के संविधान और वहां की धर्मनिरपेक्ष पहचान पर भी करारा तमाचा हैं। शेख हसीना के सत्ता से बाहर होते ही बांग्लादेश की कानून व्यवस्था तार-तार हो गई है। हसीना भले ही राजनीतिक तौर पर विवादों में रही हों, लेकिन उनके शासन में हिंदू अल्पसंख्यकों को अपेक्षाकृत सुरक्षा मिली थी। हालांकि, उनके कार्यकाल में भी अल्पसंख्यकों पर घातक हमले होते रहे। सरकार उस पर एक्शन लेने की कोशिश करती थी, लेकिन वर्तमान में अंतरिम सरकार बनने के बाद हालात बेकाबू हो गए हैं। ऐसे में अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की प्रशासनिक क्षमता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जिस देश ने 1971 में पाकिस्तान से अलग होकर धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनने का सपना देखा था, वहां आज धार्मिक असहिष्णुता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इन घटनाओं को लेकर कोई खास आवाज नहीं उठ रही। मानवाधिकार संगठन, संयुक्त राष्ट्र और दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन ( सार्क) जैसी संस्थाएं भी इस मुद्दे पर खामोश हैं।

यह चौंकाने वाला है कि जिस दुनिया में मानवाधिकार की बात सबसे ज्यादा होती है, वहीं बांग्लादेश के हिंदुओं की चीखें अनसुनी की जा रही हैं। भारत, जो बांग्लादेश का पड़ोसी और मित्र राष्ट्र है, उसके लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय होनी चाहिए। भारत ने हमेशा बांग्लादेश के निर्माण में भूमिका निभाई है। ऐसे में वहां हिंदुओं पर बढ़ते हमले भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव पैदा कर सकते हैं। हालांकि , भारतीय सरकार ने कूटनीतिक स्तर पर अपनी चिंता व्यक्त की है, लेकिन जरूरत इससे कहीं ज्यादा कड़े कदम उठाने की है। बांग्लादेश में अगले साल आम चुनाव होने हैं। यह चुनाव इस बात का निर्धारण करेगा कि बांग्लादेश किस रास्ते पर आगे बढ़ेगा। धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र की ओर या कट्टरपंथ और अराजकता की ओर। सवाल यह है कि क्या अंतरिम सरकार निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने में सक्षम है? अभी जो हालात हैं, वे इस पर संदेह उत्पन्न करते हैं। अगर देश में जल्द ही लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई सरकार नहीं बनती, तो यह अराजकता और ज्यादा गहराएगी।

वर्तमान में अल्पसंख्यकों के मन में भय का माहौल है। वे अपने भविष्य को लेकर आशंकित हैं। यह सामाजिक असंतुलन बांग्लादेश की आंतरिक स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। यह सिर्फ बांग्लादेश का आंतरिक मामला नहीं है। जब किसी देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों का इस हद तक हनन होता है, तो वह पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन जाता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चाहिए कि वह बांग्लादेश की सरकार पर दबाव बनाए कि वह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। साथ ही यह भी जरूरी है कि कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ कड़ा अभियान चलाया जाए। भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र को बांग्लादेश सरकार से जवाब मांगना चाहिए कि आखिर वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा क्यों नहीं हो पा रही। अगर अभी ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और बदतर हो सकते हैं। बांग्लादेश एक कठिन दौर से गुजर रहा है।

यह समय वहां की जनता और राजनीतिक नेतृत्व दोनों के लिए परीक्षा की घड़ी है। क्या बांग्लादेश एक धर्मनिरपेक्ष, समावेशी और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में उभरेगा या कट्टरपंथ के दलदल में और गहरे धंस जाएगा यह आने वाले चुनाव तय करेंगे, लेकिन इतना तय है कि अगर हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई, तो यह सिर्फ मानवाधिकार संकट नहीं, बल्कि बांग्लादेश के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन जाएगा। अब समय आ गया है कि बांग्लादेश की सरकार, अंतरराष्ट्रीय समुदाय और पड़ोसी देश इस संकट को नजरअंदाज करना बंद करें और मिलकर इसका हल निकालें। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। यह सच बांग्लादेश को जितनी जल्दी समझ में आ जाए, उतना ही बेहतर होगा। ■

# जलवायु क्षेत्र में भारत की ग्यारह वर्षों की प्रगति





लेखक : भूपेंद्र यादव
केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री

मानव द्वारा उत्पन्न जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 2011-20 के दशक में पृथ्वी का तापमान, पूर्व-औद्योगिक काल (1850-1900) की तुलना में 1.1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। साथ ही, विकसित देश वैश्विक कार्बन बजट में असंगत हिस्सेदारी रखने के बावजूद जलवायु कार्रवाई को गति देने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने के प्रति इच्छुक नहीं दिखाई देते। इस वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत के 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' के प्राचीन वैदिक सिद्धांत ने सहस्राब्दियों से मानव सभ्यता का मार्गदर्शन किया है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के कारण अस्तित्व की चुनौती से जूझ रही है, तो जलवायु प्रबंधन के प्रति भारत की कालातीत वैदिक ज्ञान की प्रतिध्वनि विश्व को मार्ग दिखा रही है।

एक ओर वैश्विक समुदाय अक्सर जलवायु परिवर्तन से उपजी तापमान वृद्धि, अनियमित मौसम पैटर्न और आपदाओं में वृद्धि जैसी 'असुविधाजनक सच्चाइयों' में उलझा हुआ है। दूसरी ओर भारत ने 'सुविधाजनक कार्रवाई' के दर्शन को सामने रखा है। हमारे सभ्यतागत लोकाचार में निहित इस दृष्टिकोण ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत को एक कर्तव्यनिष्ठ वैश्विक जलवायु नागरिक में बदल दिया है। अथर्ववेद का एक श्लोक है, 'यत् किञ्च पृथिव्यां पृथिवीमनुत्तं हितं चेद्[] तत् तवायतु। मा न: पृथिव्या: परं हिंसिष्ठा:।' पृथ्वी का जो कुछ भी हम खनन करते हैं, उसे जल्दी से भरने दें, हम पृथ्वी के प्राण- तत्वों पर आघात न करें और न ही उसके हृदय को क्षति पहुंचाएं। यह श्लोक आधुनिक जलवायु विज्ञान से हजारों साल पहले के पुनर्निर्माण पर आधारित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के सिद्धांतों को दर्शाता है। इस प्राचीन ज्ञान को जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारे दृष्टिकोण पर आधारित समकालीन नीतिगत ढांचों में पिरोया गया है, जिससे पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कार्रवाई का एक अनूठा तालमेल बना है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, 2014 में पदभार ग्रहण करने के कुछ सप्ताह के भीतर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सरल, लेकिन दूरगामी प्रशासनिक निर्णय के माध्यम से अपनी जलवायु प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता का परिचय दिया। पर्यावरण और वन मंत्रालय में 'जलवायु परिवर्तन' को जोड़कर, उन्होंने जलवायु कार्रवाई को क्षेत्र-संबंधी चिंता के सीमित दायरे से निकालकर शासन की प्राथमिकता में ला दिया। 2015 में जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष (NAFCC) का निर्माण इस प्रतिबद्धता का ही उदाहरण है, जिसके द्वारा राज्यों को जलवायु संकट से निपटने से संबंधित संसाधन प्रदान किए जाते हैं। कई राज्य सरकारों ने अपने स्वयं के जलवायु परिवर्तन विभाग स्थापित करके इस कदम का समर्थन किया, जिससे जलवायु कार्रवाई की एक संघीय व्यवस्था तैयार हुई।

2015 में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत ने वैश्विक जलवायु वार्ता में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री खुद पेरिस गए और पेरिस समझौते को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे धरती के संरक्षण में भारत की उच्च स्तरीय प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई। ऐसे देशों के विपरीत, जो जलवायु प्रतिबद्धताओं को बोझ के रूप में देखते हैं, भारत ने इसी वर्ष पेरिस में आयोजित कॉप-21 में अपने पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करके ठोस कार्रवाई का प्रदर्शन किया। यह देश की घरेलू अनिवार्यताओं और अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों द्वारा निर्देशित वैश्विक समुदाय के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रकटीकरण था। पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने के समय यानी 2015 में ही एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का गठन हुआ, जो लगातार मजबूत होता गया और आज 120 से अधिक देश इसके सदस्य हैं। इस गठबंधन ने सौर ऊर्जा संपन्न देशों के लिए स्वच्छ ऊर्जा समाधानों पर सहयोग करने हेतु एक मंच तैयार किया है। नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) को दिए गए प्रोत्साहन से, इसकी स्थापित क्षमता 2014 के मात्र 76 गीगावाट से बढ़कर मार्च 2025 में 220 गीगावाट हो गई है और 2030 तक इसके 500 गीगावाट तक पहुंचने की संभावना है। स्थापित क्षमता के संदर्भ में भारत की बात करने तो हम आरई में चौथे, पवन ऊर्जा में चौथे और सौर ऊर्जा में तीसरे स्थान पर हैं। एक दशक में यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। सरकार द्वारा अपनी कई योजनाओं के माध्यम से परिवर्तनकारी जलवायु कार्रवाई के लिए भारत की प्रतिबद्धता को गति प्रदान की गई है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (2016) से लाखों महिलाओं को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन मिला, जो दर्शाता है कि जलवायु कार्रवाई का सामाजिक न्याय के साथ तालमेल कैसे बिठाना चाहिए। पीएम-कुसुम योजना (2019) ने किसानों को सौर ऊर्जा समाधानों के जरिए सशक्त बनाया, वहीं रूफटॉप सौर कार्यक्रम से पूरे देश में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में तेजी आई है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 सितंबर, 2019 को न्यूयॉर्क शहर में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) की घोषणा की, जिसकी औपचारिक शुरुआत 28 अगस्त, 2019 को हुई थी। इससे आपदा-रोधी अवसंरचना विकास को बढ़ावा देने में एक वैश्विक साझेदारी का निर्माण हुआ।

स्वीडन के साथ साझेदारी में लीडआईटी (उद्योग में बदलाव के लिए नेतृत्व समूह) बनाया गया, जो जलवायु लक्ष्यों के लिए औद्योगिक बदलाव के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सौर विनिर्माण (2020) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से घरेलू सौर विनिर्माण क्षमता मजबूत हुई, आयात पर निर्भरता कम हुई और एक मजबूत स्वदेशी सौर इकोसिस्टम का निर्माण हुआ। 2021 में ग्लासगो में आयोजित कॉप 26 में भारत ने देश के जलवायु परिदृश्य को और मजबूत करते हुए ऐतिहासिक घोषणाएं कीं। भारत की जी 20 अध्यक्षता के दौरान, पर्यावरण और जलवायु कार्य समूह से अलग कई अन्य कार्य समूहों में जलवायु संबंधी विचारों को मुख्यधारा में लाया गया। विकास कार्य समूह ने सतत विकास के लिए जीवनशैली पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि ऊर्जा कार्य समूह ने न्यायसंगत और समावेशी ऊर्जा स्रोतों में बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया। यह पहले दिखाती हैं कि जलवायु संबंधी चिंताएं क्षेत्रीय सीमाओं को कैसे पार करतीं हैं। भारत ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की भी शुरुआत की, जिससे स्थायी जैव ईंधन पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक मंच तैयार हुआ। असुविधाजनक सत्य×quot; को ×ह्वश्ह्व;सुविधाजनक कार्रवाई×ह्वश्ह्व; में बदलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सिद्ध किया है कि जलवायु नेतृत्व के लिए न केवल वैज्ञानिक समझ की आवश्यकता होती है, बल्कि मानवीय कार्रवाई को प्राकृतिक सामंजस्य के साथ जोड़ने की समझ की भी जरूरत होती है

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# मानव का जीवन क्यूट, चिकित्सकों को सैल्यूट






लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

समाज के प्रति चिकित्सकों के समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में एक जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। गंभीर से गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार भी हैं।

चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनियाभर में चिकित्सक अपनी जान की परवाह किए बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आए थे। उस विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई थी।

फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आए। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन लंबे-लंबे समय तक कार्य करना पड़ा था और ऐसे बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे थे। हालांकि कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते, लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था और बिना योग्य चिकित्सकों के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा। चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी।

पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। संभवत: इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली।

उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा करियर की शुरुआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के संपादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गए। आज भी अधिकांश चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा और करुणा के साथ निभा रहे हैं।

वे कठिनतम परिस्थितियों में भी मरीजों को न केवल जीवनदान देते हैं बल्कि उम्मीद और विश्वास की लौ भी जलाए रखते हैं। कई बार डॉक्टर मौत से जूझ रहे मरीजों को पुन: जीवन देने में सफल होते हैं। इसलिए एक समर्पित और संवेदनशील डॉक्टर न केवल चिकित्सा जगत का रत्न होता है बल्कि वह समाज का भी एक सच्चा प्रहरी होता है। ऐसे डॉक्टर सदैव सम्मान और आभार के सच्चे अधिकारी होते हैं क्योंकि वे निस्वार्थ सेवा के जरिए जीवन को नया आयाम देते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रदेश** में पर्यटन गिनती में अधिक है और गुणों में कम होता नजर आ रहा है। इसके बहुत से साइड इफेक्ट्स हैं। प्रदेश की आर्थिकी में पर्यटन के हिस्से आई संभावना और विकास के कई संकल्प हिमाचल में भी मूर्त रूप ले रहे हैं, तो इसके रास्तों पर अनुभव की तकरार भी सामने आई है। एक ओर क्षेत्रीय पर्यटन की शिनाख्त में जम्मू-कश्मीर व लद्दाख के सीमा में होने का संघर्ष और दूसरी तरफ मंदिर-मेलों के रेले को अनुशासित करने की वजह देखनी होगी। हम और हमारे आसपास के आधा दर्जन के करीब राज्यों ने 85 करोड़ पर्यटक आकर्षित किए, तो इसमें हमने कहां चूक की और क्या पाया। हरियाणा, जे एंड के, लद्दाख और पंजाब आदि तक पहुंचे 85 करोड़ पर्यटकों का दस फीसदी भी अगर हिमाचल से मुखातिब हो गया, तो हमारे इंतजाम इसके शोर शराबे और अफरातफरी में गुम हो जाएंगे प्रदेश सरकार को इसके पुख्ता इनतजाम करने होंगे।

**रमित चौधरी, कांगड़ा**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# स्वतंत्र भारत के प्रथम मतदाता



श्याम सरन नेगी
जन्म : 1 जुलाई, 1917
मृत्यु : 5 नवंबर, 2022

**श्याम सरन नेगी** हिमाचल प्रदेश के एक सेवानिवृत्त स्कूल शिक्षक थे। स्वतंत्र भारत के पहले आम चुनाव में उन्होंने सबसे पहला मतदान किया था। दरअसल, भारत का पहला चुनाव फरवरी 1952 में हुआ। ऐसे में वहां मतदान 23 अक्तूबर, 1951 को पांच महीने पहले हो गया। तब श्याम शरण नेगी स्कूल अध्यापक थे और चुनावी ड्यूटी पर थे। इसके कारण वह अपना वोट डालने सुबह सात बजे किन्नौर में कल्पा प्राथमिक स्कूल में अपने मतदान केंद्र पर पहुंच गए। श्याम शरण नेगी वहां पहुंच कर मतदान करने वाले पहले व्यक्ति थे। इसके बाद उन्हें बताया गया कि इलाके में कहीं भी सबसे पहले वोट डालने वाले व्यक्ति वह ही हैं। तब से लेकर अपनी मृत्यु से पहले तक उन्होंने कभी भी अपना वोट बेकार नहीं किया। किन्नौर के कलपा कस्बे के रहने वाले श्याम शरण नेगी स्कूल से शिक्षक के पद से 51 साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। 2010 में तब के मुख्य चुनाव अधिकारी नवीन चावला नेगी से मिलने भी गए थे। चावला ने नेगी को सम्मानित किया था। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले गूगल ने नेगी पर एक फिल्म 'प्लेज टू वोट' भी बनाई थी। 2015 में आई बॉलीवुड फिल्म 'सनम रे' में भी नेगी नजर आए थे। ■

## कविता



# नशा एक दुर्दशा

रूसाली, कक्षा दसवीं, रावमावि लड्डा, जिला चंबा

*नशे से जीवन में होती दुर्घटना,*
*मत करो बर्बाद जीवन अपना।*
*जीवन में यदि आगे हैं बढ़ना,*
*नशा मुक्त तुम जीवन रखना।*
*जिंदगी मत करो बर्बाद,*
*नशे से जीवन रखो आजाद।*
*न समझो नशे को तुम खास,*
*करें जीवन का यह सर्वनाश।*
*सभी को तुम समझाओ आज,*
*नशे का न कभी करें आगाज।*
*जो नशे के बिना रहे उदास,*
*मौत को वो बुलाए पास।*
*नशे से सब जब पाए छुटकारा,*
*स्वस्थ होगा फिर देश हमारा।*
*न होगी कोई कभी दुर्दशा,*
*न करना कभी भी कोई नशा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल से सिंगापुर तक पर्यटन और विकास की प्रेरक यात्रा



लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी (हमीरपुर)



हिमाचल से सिंगापुर तक की यह यात्रा सिर्फ भौगोलिक दूरी तय करने की नहीं, बल्कि सोच और संभावनाओं के विस्तार की कहानी है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत सिंगापुर की शैक्षणिक और पर्यटन व्यवस्था को समझने का अवसर मिला, जिसने वाकई में गहरा प्रभाव छोड़ा है ।

इस छोटे से द्वीप राष्ट्र ने सीमित संसाधनों के बावजूद जिस तरह वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाई है, वह हम सबके लिए प्रेरणादायक है । यह सिर्फ एक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को देखना नहीं था, बल्कि यह समझना था कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और दूरदर्शिता हो, तो सीमित साधनों में भी कैसे एक देश विश्व मानचित्र पर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा सकता है। सिंगापुर की सबसे पहली और गहरी छाप उसकी बेजोड़ स्वच्छता है। वहां न कोई कचरा, न दीवारों पर पोस्टर, न ही शौचालयों की दुर्गंध, हर जगह इतनी साफ कि मानो सजाकर रखी गई हो। यह केवल कानूनों से नहीं, बल्कि जन-जागरूकता से संभव हुआ है। हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता तो अनुपम है, लेकिन यदि हम स्वच्छता और नागरिक अनुशासन में वैसी ही सजगता दिखाएं, तो हमारा प्रदेश भी 'स्वच्छ और श्रेष्ठ पर्यटन स्थल' बन सकता है । सिंगापुर की दूसरी बड़ी खासियत उसके पर्यटन स्थलों का सुव्यवस्थित विकास है। मरीना बे सैंड्स हो, गार्डन्स बाय द बे हो या सेंटोसा द्वीप, हर जगह की योजना बहुत बारीकी से बनाई गई है। वहां मनोरंजन के साथ-साथ दिशा-निर्देश, शौचालय, बैठने की जगह, रेस्टोरेंट और पार्किंग जैसी हर सुविधा को बेहद संतुलित ढंग से विकसित किया गया है। पर्यटकों को हर मोड़ पर दिशा-सूचक, विश्राम स्थल और जानकारी पटल सहजता से उपलब्ध होते हैं। हिमाचल में शिमला, कुल्लू, मनाली, डलहौजी, काजा, धर्मशाला, शिकारी माता और रोहतांग जैसे रमणीय स्थल पहले से ही अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। बस जरूरत है वहां सुविधाओं को वैश्विक मानकों पर ढालने की ।

पर्यटन स्थलों का मास्टर प्लान बनाकर, स्थानीय प्रशासन, पर्यटन विभाग और जनभागीदारी से उनका सुदृढ़ विकास किया जा सकता है। डिजिटल युग में सिंगापुर ने तकनीक का भी बखूबी इस्तेमाल किया है। वहां एक ही मोबाइल एप्लिकेशन पर टिकटिंग, रूट गाइड, होटल बुकिंग, स्थानीय आकर्षण और पर्यटक फीडबैक की व्यवस्था है। हिमाचल में भी एक एकीकृत डिजिटल टूरिज्म प्लेटफॉर्म बनाकर पर्यटकों को एक सहज अनुभव दिया जा सकता है। पर्यावरण संरक्षण में भी सिंगापुर ने 'गार्डन सिटी' की अवधारणा को साकार किया है, जहां हर इमारत के साथ हरियाली अनिवार्य है और नए प्रोजेक्ट्स के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति बेहद जरूरी है। हिमाचल में तो प्रकृति का वरदान पहले से है, बस आवश्यकता है उसे संरक्षित रखने की।

प्लास्टिक मुक्त अभियान, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट मैनेजमेंट और सस्टेनेबल टूरिज्म जैसे आयामों को स्थानीय स्तर पर सशक्त बनाना होगा। हाल ही में हिमाचल सरकार ने सभी व्यावसायिक वाहनों में डस्टबिन रखना अनिवार्य करके एक सराहनीय कदम उठाया है, जो सड़क किनारे कचरा फेंकने की आदत को रोकने में मददगार होगा, लेकिन इस कचरे के वैज्ञानिक तरीके से निपटान की व्यवस्था करना अभी भी एक बड़ी चुनौती है। जब तक इसे समयबद्ध और पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित तरीके से निपटाया नहीं जाएगा, ये डस्टबिन केवल दिखावा बनकर रह जाएंगे। हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, लोकनृत्य, हस्तशिल्प और पारंपरिक व्यंजन अतुलनीय हैं। सिंगापुर ने अपनी विविधतापूर्ण संस्कृति को 'टूरिज्म प्रोडक्ट' के रूप में अत्यंत कुशलता से प्रस्तुत किया है। हमें सिंगापुर से प्रेरणा लेकर अपने पर्यटन ढांचे को न केवल मजबूत बनाना है, बल्कि उसे पर्यावरण, संस्कृति और तकनीक के साथ संतुलित भी करना है। हिमाचल का भविष्य पर्यटन के क्षेत्र में उज्ज्वल हो सकता है बशर्ते हम सीखने, बदलने और मिलकर आगे बढ़ने का संकल्प लें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...



**साइबर** ठगों के तरीके भी अब बेहद आधुनिक हो गए हैं। सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर दोस्ती करना और फिर विश्वास जीतकर पैसे ऐंठना आम हो गया है। इसके अलावा इंस्टेंट लोन ऐप, फर्जी नौकरी का झांसा, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट और निवेश के झूठे ऑफर जैसे कई तरीके अपनाए जा रहे हैं। परेशानी की बात यह है कि साइबर अपराधी ग्रामीण और कम पढ़े-लिखे लोगों को भी आसानी से निशाना बना रहे हैं। डिजिटल साक्षरता की कमी और जागरूकता के अभाव का फायदा उठाकर ये अपराधी बड़ी आसानी से लोगों को फंसा लेते हैं। हिमाचल की साइबर पुलिस के पास संसाधनों की भारी कमी है। अधिकतर पुलिसकर्मी पारंपरिक अपराधों की जांच में प्रशिक्षित हैं, साइबर अपराधी जिस तेजी से तकनीक बदल रहे हैं, पुलिस का तंत्र उतनी तेजी से अपडेट नहीं हो पा रहा। साइबर सेल को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर, डेटा ट्रैकिंग सिस्टम और प्रशिक्षित मैनपावर की जरूरत है। सरकार को गांव-गांव और स्कूल-कॉलेजों में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने होंगे। लोगों को यह सिखाना होगा कि अंजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक डिटेल किसी से साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करें। डिजिटल युग में सुविधाएं तो बढ़ी हैं, लेकिन खतरे भी उतने ही बड़े हो गए हैं। अब पुलिस और जनता, दोनों को मिलकर इस नई चुनौती का सामना करना होगा। तभी साइबर ठगों के नेटवर्क को तोड़ना संभव हो पाएगा।

**धनी राम,**
**नगरोटा बगवां, वार्ड नंबर 7**



**बहुत** कम समय में अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने हिमाचल प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना ली है। यह सिर्फ एक अखबार नहीं, बल्कि जनता की आवाज, समाज का दर्पण और प्रदेश के कोने-कोने की धड़कनों को अभिव्यक्त करने वाला सशक्त माध्यम बन चुका है। समाचारों की निष्पक्षता, विश्वसनीयता और गहराई इसकी सबसे बड़ी ताकत है, जो इसे अन्य अखबारों से अलग और विशिष्ट बनाती है। अनंत ज्ञान की एक खास बात यह भी है कि यह वरिष्ठ और नवोदित लेखकों के बीच कोई भेदभाव नहीं करता। जो सम्मान और स्थान 33 वर्षों से लेखन कर रहे अनुभवी लेखकों को मिलता है, वही आदर और अवसर उभरते हुए नए लेखकों को भी दिया जाता है। यह परंपरा न सिर्फ पत्रकारिता को मजबूत करती है, बल्कि नई प्रतिभाओं को मंच देने का काम भी करती है। यही कारण है कि यह अखबार अनुभव और ऊर्जा का अद्भुत संगम बन गया है। यह अखबार न तो सिर्फ शहरी समाचारों तक सीमित है और न ही केवल सत्ता की बात करता है। यह गांव-गांव और जनता के हर मुद्दे को सामने लाने में विश्वास रखता है। अनंत ज्ञान ने पत्रकारिता के उस रूप को जीवंत किया है, जहां सजगता, गंभीरता और जिम्मेदारी का संतुलन दिखाई देता है। आने वाले समय में इसके स्वरूप और गुणवत्ता में और निखार आएगा, ऐसी उम्मीद सभी पाठकों और शुभचिंतकों को है। यह समाचार पत्र न केवल सूचना का माध्यम है ,बल्कि ज्ञानवर्धन और जनजागरण का सशक्त उपकरण भी है।

**मुमुक्षु के. ठाकुर**
**मतियारा, मसरूंड, चंबा**



**अनंत** ज्ञान की उत्कृष्ट और सराहनीय पत्रकारिता की मैं दिल से प्रशंसा करता हूं। आपने जिस तरह से निष्पक्ष और जनसरोकार से जुड़ी खबरों को प्राथमिकता दी है, वह वाकई काबिलेतारीफ है, लेकिन एक जागरूक और नियमित पाठक होने के नाते मैं एक महत्वपूर्ण बात आप तक पहुंचाना चाहता हूं। हाल के दिनों में यह देखने में आया है कि मंडी जिले से जुड़ी सार्वजनिक समस्याओं की फोटो कवरेज में थोड़ी कमी आई है, जबकि मंडी जैसे बड़े और विविध भूगोल वाले जिले में समस्याएं भी उतनी ही व्यापक और गंभीर हैं। मंडी जिला केवल भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक दृष्टि से भी हिमाचल का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे में यह समय की जरूरत है कि मंडी जिले को अखबार में और अधिक स्पेस दिया जाए। इससे न केवल जनसरोकार से जुड़ी खबरों को मजबूती मिलेगी, बल्कि जनता का भरोसा भी और गहरा होगा। अखबार की गुणवत्ता उतनी ही निखरती जाएगी। एक सजग पाठक के नाते मैं भविष्य में भी आपके समक्ष ऐसे रचनात्मक सुझाव रखने का प्रयास करता रहूंगा। आशा है कि आप इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करेंगे।

**-भीम बसेडू राजपूत, महादेव**
**मंडी, मोबाइल : 9816129019**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नालसन व चलोह में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू विनीत ठाकुर ने बताया कि पहली जुलाई को तल्याहड़ व बीर फीडर में बिजली की तारों के साथ के पेड़ों की कांट-छांट तथा विद्युत तारों की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। कार्य के दृष्टिगत पहली जुलाई को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक साईगलू, नालसन, चलोह, देवनाल, कसाण, साई, पपराहल, धडयाना, सदयाणा, बग्गी, थनोट, गोखड़ा, बटाहर, लोट गलू, बीर, लाग, कथयारी, बरयारा, धार, कठयाना, सदोह, नलहोग, डोलरा बल्ह, जमाणा, कलोथर, भलेड़, तरनोह, घेरू, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी, हिउन तथा आस-पास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। मौसम खराब होने की सूरत में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### पंडोह में दुकान से नकदी चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह बाजार में दीपक राणा की दुकान में नकदी और 50 हजार की सिगरेट चोरी हुई है। दिपक राणा ने बताया कि वह पडोह में सब्जी फ्रुट्स और कन्फेक्शनरी की दुकान करते हैं। रविवार रात को भारी बारिश को मौका बनाते हुए चोर ने शैटर के ऊपर के हिस्से को तोडा और अंदर घुस कर गल्ले में रखे 35 हज़ार के साथ महंगा सामान सिगरेट पर हाथ साफ किया। दीपक राणा ने बताया कि उसने दिन की सेल का पैसा किसी आड़ती को देने के लिए रखा तो बरसात के कारण देर शाम को नहीं आ सका था। पुलिस चौकी पंडोह के कार्यवाहक प्रभारी एएस आई दीपक ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### गाड़ी सवार युवकों से 15 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट की टीम दोपहर में गश्त पर थी तो बुंगा बार्डर के पास पंजाब नंबर की गाड़ी स्विफ्ट की जांच की गई और उसमें सवार तीन सवार तीन युवकों के पास से 15 ग्राम चिट्टा बरामद किया और आरोपित युवकों को हिरासत में ले लिया। युवकों की पहचान मोहित कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी गांव, डाकघर और तहसील बंगा जिला नवा शहर पंजाब उम्र 23 वर्ष, दूसरा अभिषेक पुत्र राकेश कुमार गांव एवं डाकघर नबाही तहसील सरकाघाट उम्र 28 साल, तीसरा विजय गार्ला पुत्र मुंशी राम, गांव बकारटा डाकघर रखोह उम्र 24 वर्ष के अनुसार हुई है। डीएसपी संजीव गौतम ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपित युवकों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

### मीट की 15 दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी की टीम ने आज शहर में चल रही मीट की 15 दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों में बेचे जा रहे मीट की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था एवं उस पर लगी पशु चिकित्सक की मुहर (डॉक्टरी स्टांप) की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी मीट विक्रेता बिना चिकित्सीय जांच के मांस न बेचे। टीम ने सभी दुकानदारों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि भविष्य में अगर बिना डॉक्टर की जांच एवं प्रमाणन के मीट बेचा गया, तो संबंधित मीट को तत्काल जब्त कर नष्ट (डिस्पोज) कर दिया जाएगा।

### जलशक्ति विभाग से सेवानिवृत्त हुए 4 कर्मी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** जल शक्ति विभाग में कई वर्षों तक पूरी ईमानदारी व निष्ठा से सेवाएं देने के उपरांत बृजलाल राणा, भूपेंद्र शर्मा, उर्मिला ठाकुर व देवी राम चौधरी सहित चार कर्मचारी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। इन कर्मचारियों के मान सम्मान के लिए सर्किल कार्यालय सुंदरनगर में एक समारोह का आयोजन किया गया तथा इन्हें विधिवत रूप से विदाई दी गई। समारोह में अधिशासी अभियंता (डिजाइन) इंजीनियर सत्या शर्मा व अधिशासी अभियंता सुंदर नगर इंजीनियर रजत गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता इंजीनियर सत्या शर्मा ने सेवानिवृत्त होने वाले चारों कर्मचारियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भाषा अध्यापिका नीता धवन हुई सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी की वरिष्ठ भाषा अध्यापिका नीता धवन सोमवार को सेवानिवृत्त हो गईं। विद्यालय परिवार ने उन्हें अश्रुपूरित भावों और हृदयस्पर्शी शब्दों में भावभीनी विदाई दी। अपने



शिक्षकीय जीवन में उन्होंने अनुशासन, सादगी और करुणा से न केवल शिक्षा दी, बल्कि छात्राओं के जीवन को दिशा भी दी। नीता धवन का जन्म 25 जून 1967 को हुआ। प्रारंभिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय जयपुर से तथा स्नातकोत्तर शिक्षा एचपीयू से प्राप्त की। बीए व बीएड की डिग्री क्रमशः वल्लभ महाविद्यालय मंडी और कश्मीर विश्वविद्यालय से ग्रहण की। उन्होंने डीएवी मंडी से 1989 में अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत की और 2012 से सरकारी विद्यालयों में भाषा अध्यापक के रूप में कार्य किया। उनका कार्यकाल ढंग, टांडा, मंडी (गर्ल्स और बॉयज स्कूल) में अत्यंत प्रभावशाली और प्रेरणास्पद रहा।

### पानी के बिलों में हुई बेहिसाब वृद्धि : कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जलशक्ति विभाग ने अंततः शहर में पानी के बिलों का वितरण प्रारम्भ कर दिया। नौ माह के लंबे अंतराल के बाद ये बिल तीन महीनों की किस्तों में बांटे जाएंगे। इस मुद्दे पर सिटीजन काउंसिल ने विभागीय स्तर तथा जब बात न बनी तो मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के स्तर पर उठाया। समय पर बिल जारी न करने पर एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री को सर्किट हाउस मंडी में मुलाकात कर उपभोक्ता से सम्बद्ध में हानि व इससे आम उपभोक्ता को एक मुश्त भुगतान करने पर होने वाली परेशानी से अवगत करवाया था। यह बिल विभाग द्वारा एक अक्टूबर 2024 से बढ़े हुए रेट पर जारी किए गए हैं। पूर्व के फ्लैट रेट 13.86 रुपए प्रति किलोलीटर की अपेक्षा अब प्रथम स्लैब 0-20 किलोलीटर पर रुपए 19.30 प्रतिलीटर, द्वितीय स्लैब 20 से 30 किलोलीटर पर रुपए 33.28, तृतीय स्लैब 30 किलोलीटर से अधिक पर रुपए 59.90 प्रति किलोलीटर के हिसाब से पैसे वसूले जा रहे हैं। इसके साथ ही सीवरेज के चार्ज पूर्व की भांति ही पानी के रेट के 30 प्रतिशत के हिसाब से लिए जा रहे हैं। इसके साथ मैंटेनेंस चार्जेज प्रतिमाह रुपए 110 के हिसाब से अलग से लिए जा रहे हैं।

### 'एक पेड़ मां के नाम' पर 100 पौधे रोपे

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** बैग फ्री डे के उपलक्ष में आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धरोट धार में स्कूल प्रशासन व वन विभाग के सौजन्य से 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन विभाग की तरफ से वनरक्षक राजकुमार कार्यकारी प्रधानाचार्य गोपाल ठाकुर व अन्य स्टाफ ने बच्चों के साथ मिलकर पर्यावरण को स्वच्छ सुरक्षित बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना एक पेड़ मां के नाम का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल के साथ लगते जंगल की खाली जगह में लगभग 100 देवदार के पौधे रोपे और स्कूल प्रांगण से लेकर धरोट बाजार में रैली का आयोजन कर लोगों को स्वच्छ वातावरण वह साफ सफाई के बारे में जागरूक किया।

# मंडी जिला में 137 सड़कें बाधित, 314 ट्रांसफार्मर ठप

## करसोग में 34, सराज में 26, थलौट में 19, धर्मपुर में 15, मंडी में 7, जोगिंद्रनगर में 5 और पधर में 13 सड़कें बाधित

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

मंडी। जिले में हुई भारी बारिश के कारण लोक निर्माण विभाग की 137 सड़कें बाधित हो गई हैं। जानकारी के अनुसार सब डिवीजन सराज में 26, सब डिवीजन थलौट में 19, सब डिवीजन धर्मपुर में 15, मंडी में 7, गोहर में 4, सुंदरनगर में 10, नेरचौक में 4, करसोग में 34, जोगिंद्रनगर में 5 और पधर में 13 सड़कें बाधित हैं। अधिकतर लिंक रोड बाधित हैं, जबकि आवाजाही के लिए मुख्य सड़कों को बाहर कर लिया गया है। बंद हुई सड़कों में 126 ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें हैं। डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि बाधित हुए सड़कों को जल्द ही बहाल कर लिया जाएगा। वहीं 314 ट्रांसफार्मर बाधित हुए हैं। सब डिवीजन मंडी में 79, गोहर में 199, धर्मपुर में 8, जोगिंद्रनगर में 18, थलौट में 4 और सरकाघाट में 3, करसोग में 3 ट्रांसफार्मर बाधित हैं।



### बारिश से पंडोह डैम का यातायात पुल बना तालाब

**बालक राम, अनंत ज्ञान,पंडोह।** सोमवार रात से जारी भारी बारिश के कारण पंडोह डैम का यातायात पुल पानी का तालाब बन गया। जिससे पुल पर से वाहनों का गुजरना जोखिम भरा हो गया और यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। टू व्हीलर तो इस तालाब को पार ही नहीं कर सकें। हालांकि इस पुल पर 3 इंच के होल हर 3 मीटर के बाद पानी की निकासी के लिए रखे गए हैं।

### कलैहडी स्कूल के कमरे की दीवार ढहने से लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल की तहसील बलद्वाड़ा के अंतर्गत हटली इलाके में रविवार रात्रि से हो रही बारिश से काफी नुकसान हुआ है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला कलैहडी के स्कूल की कमरे की दीवार ढह जाने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। पंचायत जैहमत के प्रधान कमल कृष्ण ने बताया कि क्षेत्र में भारी बारिश के कारण सोमवार सुबह 4 बजे के करीब प्राथमिक पाठशाला की एक कमरे की दीवार भूस्खलन होने से गिर गई। उधर, ग्राम पंचायत खुडला के प्रधान तारा चंद ठाकुर ने बताया कि भारी बारिश से पंचायत क्षेत्र में जगह-जगह संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं जिससे आने-जाने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जल शक्ति विभाग की उठाऊ पेयजल योजना कोहनी के पास भूमि कटाव होने से पेयजल स्कीम को भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

### जल शक्ति विभाग की मेन राइजिंग लाइन भूस्खलन की भेंट चढ़ी

सरकाघाट। भारी बारिश से जल शक्ति विभाग को लाखों का नुकसान हुआ है। कांढापतन ब्यास नदी से सरकाघाट को आ रही करीब 200 मीटर मेन राइजिंग पाइप लाइन मयोह के पास भारी बारिश के कारण ल्हासा गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई पाइपलाइन टूटने से सरकाघाट शहर सहित करीब आधा दर्जन पंचायतों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ेगा। जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता इंजीनियर विवेक हाजरी ने बताया कि सरकाघाट टाऊन, उठाऊ पेयजल संभाग रोपड़ी चौक के तहत आगामी कुछ दिनों के लिए पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी क्योंकि मेंन पाइप लाइन टूट गई है और इसकी मरम्मत के लिए कई दिन लग सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग रिस्सा स्कीम से शहर को कनेक्ट करने की कोशिश कर रहा है।

# विश्वकर्मा मंदिर की पहाड़ी भूस्खलन से दरकी

## विधायक अनिल शर्मा व महापौर ने मौके पर पहुंच कर किया दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** शहर में स्थित विश्वकर्मा मंदिर के साप की पहाड़ी भारी बरसात से फिर दरक गई। वर्ष 2023 में बरसात की वजह से दरकी इस पहाड़ी के उपर बने मकानों को खतरा बन गया था और मकान क्षतिग्रस्त भी हुए। इस समस्या को देखते हुए हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग ने लगभग एक करोड़ रुपये की धनराशि से एक कंपनी को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से भूस्खलन रोकने के लिए डंगा लगाने का कार्य कराया था, जो कामयाब नहीं हुआ। बीते कल हुई भारी बरसात के कारण नई तकनीकी से लगाए गए डंगे को पुनः क्षति पहुंची है और वह पुनः क्षतिग्रस्त हो गया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सोमवार को स्थानीय विधायक अनिल शर्मा व नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया तथा समस्या की गंभीरता को समझा। इसके उपरांत नगर निगम कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधायक और महापौर के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि उक्त दरकती पहाड़ी भूमि को नगर निगम मंडी को स्थानांतरित कर दिया जाए। इस स्थानांतरण के पश्चात वहां पर जनसुविधा के लिए सामुदायिक भवन, पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। नगर निगम मंडी एवं विधायक अनिल शर्मा द्वारा मिलकर समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।



विश्वकर्मा मंदिर के पास दरक रही पहाड़ी का निरीक्षण करते हुए विधायक व अधिकारी।

### धर्मपुर प्रशासन की लापरवाही से खतरे में कई परिवार: भूपेंद्र


**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एनएच निर्माण कंपनी की लापरवाही और धर्मपुर प्रशासन की उदासीनता के कारण रियूर गांव की ओबीसी और अनुसूचित जाति की बस्ती के एक दर्जन परिवार बेघर होने वाले हैं। जिनमें अनूप कुमार, ज्ञान चन्द, रूपलाल, हंसराज, पवन, देश राज, रोशन लाल, विपिन कुमार, श्रवण कुमार, राजेन्द्र, कृष्ण व अन्य शामिल हैं जिनमें से अनूप कुमार ने खतरे को देखते हुए घर खाली कर दिया है व धर्मपुर में आज किराए पर मकान ले लिया। उन्होंने पुलिस थाना को कंपनी पर एफआईआर दर्ज करने के लिए भी कार्रवाई कर दी है। पूर्व ज़िला पार्षद भूपेंद्र सिंह और किसान सभा के पंचायत अध्यक्ष जयगोपाल कटवाल सचिव ज्ञान चन्द इत्यादि ने इसके लिए सीधे तौर पर धर्मपुर के प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

### भूस्खलन की चपेट में आकर चलाल पेट्रोल पंप के पास खड्ड में गिरी कार

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** उपमंडल मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर सरकाघाट-जोगिंद्रनगर एनएच पर बीती रात एक ऑल्टो कार एचपी 29बी 1864 चलाल पेट्रोल पंप के पास भूस्खलन की चपेट में आकर सोन खड्ड के किनारे जा गिरी, जबकि उसमें सवार लोग सकुशल बच गए।

सुरजन सिंह पुत्र विधि चंद गांव करसाल तहसील लडभड़ोल कुरुक्षेत्र से वापस अपने घर लौट रहे थे कि रविवार रात तीन बजे यह हादसा पेश आया। कुरुक्षेत्र से वापस अपने गांव आ रहे सुरजन सिंह के साथ परिवार के चार सदस्य थे। जब यह लोग चलाल पहुंचे तो आगे लैंड स्लाइड के कारण सड़क बंद थी तथा जेसीबी मशीन मलबा साफ कर रही थी। कार के आगे दो अन्य गाड़ियां भी रुकी हुई थीं। रात तीन बजे जैसे ही मलबा साफ हुआ तो आगे वाली गाड़ियां बड़ी होने के कारण दलदल से सुरक्षित निकल गई, परंतु ऑल्टो कार फिसलकर नीचे गिर गई। गनीमत रही कि चालक ने सभी सवारियों को उतार दिया था। थाना प्रभारी धर्मपुर ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



सोन खड्ड में गिरी कार क्षतिग्रस्त।

# मंडी जिला में 12616 यूडीआईडी कार्ड जारी: एडीसी गुरसिमर सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जिला** स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने बताया कि मंडी जिला में 12,616 यूडीआईडी कार्ड तैयार किए जा चुके हैं तथा लंबित यूडीआईडी कार्ड का शीघ्र निपटारा करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने एसडीएम मंडी सदर तथा जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के बाहर बने रैंप को सुधारने तथा मंडी बस अड्डा में दिव्यांगजन व महिलाओं के लिए प्रतीक्षा कक्ष निर्मित करने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को जरूरी आदेश दिए। मैनुअल स्वकैंजर अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इस कार्य में लगे सफाई कर्मचारियों को समय-समय पर दस्ताने व मास्क उपलब्ध करवाए जाएं तथा साल में एक बार उनके स्वास्थ्य की जांच करवाई जा जाए। राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के तहत गठित मंडी जिला की स्थानीय स्तर समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए गुरसिमर सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सरकार द्वारा कई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

**दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने के लिए लगाएं अतिरिक्त स्वास्थ्य जांच शिविर**

# भारतीय राग बढ़ाते हैं मस्तिष्क की स्थिरता और एकाग्रता

## आईआईटी मंडी व कानपुर के न्यूरोसाइंस शोध में खुलासा, शास्त्रीय संगीत बना मानसिक स्वास्थ्य का वैकल्पिक उपाय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भारत** की समृद्ध संगीत परंपरा और आधुनिक न्यूरोसाइंस के अद्भुत संगम में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मिधर बेहेरा के नेतृत्व में एक नए अध्ययन ने इस सांस्कृतिक विश्वास को वैज्ञानिक प्रमाण प्रदान किया है कि संगीत न केवल भावनाओं को स्पर्श करता है, बल्कि मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को भी बदल सकता है।

फ्रंटियर्स इन ह्यूमन न्यूरोसाइंस पत्रिका में प्रकाशित इस शोध के अनुसार, भारतीय शास्त्रीय रागों को सुनने से मस्तिष्क की गतिविधियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, भावनात्मक नियंत्रण और मानसिक संतुलन में सुधार होता है। आईआईटी कानपुर के सहयोग से किए इस अध्ययन में 40 प्रतिभागियों पर शोध किया गया, जिसमें ईईजी माइक्रोस्टेट विश्लेषण नामक एक उन्नत मस्तिष्क-मानचित्रण तकनीक का उपयोग किया गया। यह तकनीक कुछ मिलीसेकंड तक चलने वाले 'माइक्रोस्टेट्स' को रिकॉर्ड करती है—जो मस्तिष्क की अस्थायी, लेकिन अर्थपूर्ण स्थितियों को दर्शाते हैं, जैसे ध्यान केंद्रित करना, भावनात्मक जुड़ाव या मन का भटकना।



### पुराने राग बढ़ाते हैं एकाग्रता : प्रो. बेहरा

**प्रो.** बेहरा ने बताया कि सदियों पुराने राग इतनी निरंतरता और सटीकता से मस्तिष्क को स्थिरता और एकाग्रता की अवस्था में ले जाते हैं। अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा कि यह परिवर्तन यादृच्छिक नहीं थे। ईईजी डेटा ने स्पष्ट और दोहराए जाने योग्य बदलाव दिखाए, जिससे यह सिद्ध हुआ कि भारतीय शास्त्रीय संगीत मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रभावशाली साधन बन सकता है।

### विभिन्न रागों से मस्तिष्क के प्रभावों को स्पष्ट रूप से मापा

इस अध्ययन की विशेषता यह है कि इसमें विभिन्न रागों का मस्तिष्क पर पड़ने वाले प्रभावों को स्पष्ट रूप से मापा गया। राग दरबारी, जो अपने शांत और सुकूनदायक प्रभाव के लिए जाना जाता है, ने ध्यान संबंधी माइक्रोस्टेट्स को बढ़ाया और मन भटकने से संबंधित गतिविधियों को घटाया, जिससे गहरी एकाग्रता और स्पष्टता देखी गई। वहीं राग जोगिया, जो एक उदासी भरा राग माना जाता है, ने न केवल ध्यान से जुड़ी प्रणालियों को सक्रिय किया बल्कि भावनात्मक नियंत्रण से संबंधित माइक्रोस्टेट्स को भी सशक्त किया, जिससे श्रोता अपनी भावनाओं को अधिक संयम और स्पष्टता से संसाधित कर सके।

# भोजपुर स्कूल को मिला ई-लर्निंग सिस्टम

## रोटरी क्लब सुंदरनगर ने किया भेंट, बच्चों की शिक्षा में आएगा डिजिटल बदलाव

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राजकीय मिडल स्कूल भोजपुर सुंदरनगर के छात्रों के लिए शिक्षा का नया अध्याय शुरू हो गया है। रोटरी क्लब सुंदरनगर द्वारा विद्यालय को आधुनिक ई-लर्निंग सिस्टम भेंट किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और विषयवस्तु की गहन समझ अब और भी सरल हो जाएगी। इस अवसर पर रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रामपाल गुप्ता ने बताया कि रोटरी क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों में निरंतर योगदान दे रहा है। गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री और आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान घनश्याम महाजन, सचिव राकेश सेन, असिस्टेंट डायरेक्टर रामपाल गुप्ता, आईटी सेल डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र राणा, कमांडर विमल शर्मा, उमेश गौतम, डॉ. सरला गौतम, डॉ. अजय कपूर, एमएल महाजन, प्रवीण अग्रवाल, अमित कौशल, नरेश, यशपाल, सहित विद्यालय स्टाफ बनीता कुमारी, पवना, ब्रेसती सहित अन्य मौजूद रहे।



### शास्त्री रोशन लाल की पहल से साकार हुआ सपना

**विद्यालय** में तैनात शास्त्री अध्यापक रोशन लाल की दूरदर्शिता और सतत प्रयासों से यह संभव हो पाया। उन्होंने रोटरी क्लब के साथ कई दौर की बैठकें कीं और विद्यार्थियों की शिक्षा को तकनीक से जोड़ने के लिए ई-लर्निंग सिस्टम की आवश्यकता को रेखांकित किया। उनके प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए रोटरी क्लब ने यह आधुनिक सुविधा विद्यालय को सौंपी। विद्यालय प्रभारी बनीता कुमारी ने भी रोशन लाल शास्त्री के कार्यों की सराहना कीं। रोटरी क्लब पहले भी रोशन लाल शास्त्री को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए शिक्षक दिवस पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर चुका है।

# सिंथेटिक पनीर बिक्री पर रखें नजर : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने जिला में जनता के लिए सुरक्षित भोज्य पदार्थ और स्वस्थ आहार सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। आज अपूर्व देवगन उपायुक्त कार्यालय में सुरक्षित भोजन व सुरक्षित आहार पर गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की 8वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को बाजार में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों विशेषकर एनालॉग (सिंथेटिक) पनीर की बिक्री पर कड़ी नजर बनाए रखते हुए औचक निरीक्षण करने एवं इस बारे में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में कहा गया कि कुछ सिंथेटिक पनीर उत्पादों में अतिरिक्त रसायन, संरक्षक और कृत्रिम तत्व हो सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इसलिए इसकी सामग्री की जांच करना महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने बाजार में बिक रहे दुग्ध उत्पादों की भी गुणवता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राहकों का भी आह्वान किया कि उन्हें भी जागरूक होने की जरूरत है।

**खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश**

उन्होंने सहायक आयुक्त, फूड सेफ्टी को निर्देश दिए कि वह पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर खाद्य पदार्थों के अधिक से अधिक नमूने लेने तथा उस पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाएं। साथ ही मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार खाद्य मानकों को सुनिश्चित करने के लिए खाद्य क्षेत्र में शामिल सभी हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं तथा जागरूकता शिविरों के आयोजन पर भी बल दिया। बैठक में सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी एलडी ठाकुर ने बताया कि सितम्बर 2024 से जून, 2025 तक मंडी जिला में खाद्य सुरक्षा विंग में बिक्री के लिए आए खाद्य पदार्थों के 100 नमूने लिए गए। इसके अलावा 338 निरीक्षण किए गए। इस दौरान 50 उल्लंघनकर्ताओं पर मुकदमा चलाया गया तथा उन्हें 13 लाख 20 हजार रुपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई।

# जीवन यादव को दूसरी बार मिली पीटीएफ की कमान

## सर्वसमिति से बनी प्राथमिक शिक्षक संघ खंड सलवाहन की कार्यकारिणी



प्राथमिक शिक्षक संघ खंड सलवाहन की नवगठित कार्यकारिणी को हार पहनाकर सम्मानित किया गया।

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** प्राथमिक शिक्षक संघ खंड सलवाहन के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। चुनाव पर्यवेक्षक रामकृष्ण, देवेंद्र सैनी व लीलाधर की देख-देख में संपन्न हुए। इन चुनावों में पूरी कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से चुना गया, जिसमें जीवन लाल यादव लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने। इसके अलावा प्यार चंद को उपाध्यक्ष तथा सुरेश भारद्वाज को महासचिव का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा टेकचंद कोषाध्यक्ष व नरेंद्र को महालेखाकार जबकि तरुण सैनी को मुख्य संरक्षक बनाया गया।

इसके साथ ही महिला विंग का भी सर्व सम्मति से गठन किया गया, जिसमें राधा को अध्यक्ष व ममता को महासचिव चुना गया। दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। जीवन लाल यादव ने इन्हें प्राथमिक शिक्षक संघ का दायित्व सौंपने के लिए सभी शिक्षकों व प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि वे सबको विश्वास में लेकर संगठन के लिए काम करेंगे तथा प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सरकार व विभाग के समक्ष रखकर उनका निपटारा करवाने का प्रयास करेंगे।

**कार्यक्रम** मंडी में पहली बार धूमधाम से आयोजित हुआ बाबा सिद्ध चानो बली का धाज्जा लोकनाट्य कार्यक्रम

# धार्मिक लोकपरंपरा व सामाजिक समरसता का अद्भुत उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**धार्मिक** आस्था, लोकसंस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर बाबा सिद्ध चानो बली सच्ची सरकार को समर्पित धाज्जा लोकनाट्य कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनआस्था की गूंज और पारंपरिक लोकगीतों की स्वर लहरियों ने वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिद्ध धाम समैला दरबार के गद्दीनशीन महंत चमन महाराज द्वारा किया गया। महंत ने धाज्जा की परंपरा, उसके गीतों, स्वांग और लोकमान्यताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाबा सिद्ध चानो को कलयुग का न्याय के देवता माना जाता है, जो अपने भक्तों को न्याय दिलाने के साथ-साथ कोर्ट कचहरी के झंझटों से भी मुक्ति प्रदान करते हैं।

इस आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में प्रकाश चंद करड़ चेयरमैन लघु बचत योजना बोर्ड हिमाचल प्रदेश सरकार शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सांस्कृतिक और सामाजिक महत्ता की सराहना की तथा आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर एक रात्रिकालीन धाज्जा कार्यक्रम आयोजित करवाने की संभावनाओं पर विचार करने की बात कही।

इस भव्य आयोजन में विशिष्ट अतिथियों के रूप में धर्मचंद चौधरी सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश, नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट व पार्षदगण, पूर्व कुलपति कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, आयोजन समिति के संयोजक एवं अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही, गोविंद वर्धन प्रधान बडसू पंचायत, राष्ट्रीय खिलाड़ी भूपेंद्र उर्फ काहू, सेवानिवृत्त डीपीआरओ एवं संस्कृति कर्मी कुलदीप गुलेरिया, विजय भाटिया, भगतराम, हेमराज आजाद, परमानंद आजाद, चंद्रवीर कागरा, अल्पसंख्यक समाज संयोजक सन्नी इप्पन, पिछड़ा वर्ग संयोजक कर्म सिंह सैनी, समाजसेवी पन्नालाल, विश्वनाथ, रोशन लाल, उमेश ठाकुर व सुंदरनगर वैल्फेयर एवं ट्रांसपोर्टर संगठन से जुड़े प्रतिनिधि शामिल रहे।

आयोजन समिति के संयोजक चमन राही ने कहा कि जिस दिन हिमाचल प्रदेश का गठन हुआ था, उस दिन शिमला के रिज मैदान पर बर्फबारी हो रही थी और आज इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के दिन मंडी में बारिश होना इसे आध्यात्मिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।



बाबा सिद्ध चानो बली के धाज्जा लोकनाट्य कार्यक्रम में हर जाति-धर्म से जुड़े श्रद्धालुओं ने लिया भाग व महंत चमन महाराज।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीकृष्ण की रास लीलाओं से श्रद्धालु हुए भावविभोर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा की चौकीमनयार पंचायत स्थित प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। कथा वाचक पंडित सुरेंद्र शास्त्री के भावपूर्ण वाणी में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह प्रसंग तथा रास लीलाओं का सुंदर वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और तत्पश्चात भजन-कीर्तन में भाग लेकर भक्ति रस में डूब गए।

### अध्यापक प्रशिक्षण शिविर लगाया



**सुदीप सरोच, अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** शिवालिक हिल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंब में सोमवार को सुशील की अध्यक्षता में अध्यापक पर प्रशिक्षण सत्र तक आयोजन किया गया। जिसमें अध्यापकों को अशोका ऐप के बारे अवगत करवाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुषमा डढ़वाल, प्रबंधक अनिल परमार, अध्यापक, पूजा, सरमेण, मंजू, रेनु आदि मौके पर मौजूद रहे।

### 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को भेंट की व्हीलचेयर



**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोटरी क्लब ऊना ने समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए गांव अंब निवासी 70 वर्षीय पुष्पा देवी को व्हीलचेयर प्रदान की। इस मानवीय सहायता का उद्देश्य उनकी चलने-फिरने की क्षमता को बेहतर बनाना और जीवन को अधिक सहज बनाना है। इस अवसर पर आयोजित समारोह में क्लब अध्यक्ष डॉ. केआर आर्य, महासचिव ओंकार कंसाना, वरिष्ठ रोटेरियन एच.एन. चीतू, वरिष्ठ रोटेरियन यशपाल ठाकुर और रोटेरियन मोहित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने पुष्पा देवी को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना की। क्लब अध्यक्ष डॉ. केआर आर्य ने कहा कि रोटरी क्लब का सदैव प्रयास रहा है कि जरूरतमंदों की मदद की जाए और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जाए। यह पहल भी उसी उद्देश्य की एक कड़ी है। रोटरी क्लब ऊना की इस सहृदयता पूर्ण पहल को स्थानीय लोगों द्वारा खूब सराहा गया और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बताया गया।

### आईडीबीआई ने उद्यमियों को मिलने वाले लाभ बताए



**अनंत ज्ञान, ऊना।** आईडीबीआई शाखा ऊना में एमएसएमई दिवस के उपलक्ष्य पर बहडाला के होटल में एक विशेष एमएसएमई मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उद्योग विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अंशुल धीमान ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशेष रूप से सहायक महा प्रबंधक अरविंद यादव, मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख-चंडीगढ़ रबी नारायण उपस्थित रहे कार्यक्रम में करीब 60 उद्यमियों ने भाग लिया। आईडीबीआई बैंक शिमला रीजन के प्रमुख अशोक कुमार ने उद्यमों को मिलने वाले लाभों और योजनाओं की जानकारी दी गई। महा प्रबंधक स्वर्ण सिंह व उप अंचल प्रमुख द्वारा अतिथियों का धन्यवाद किया गया इस अवसर पर सीजीएम रवि नारयण पात्र, हरोली ब्लॉक इंड्रस्टी एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कौशल, महासचिव रोहित वर्मा, मेहतपुर औद्योगिक एसोसिशन के अध्यक्ष सीएस कपूर, राजेंद्र राणा, संदीप राणा, अश्वनी ओहरी, राजवीर सिंह, नगेंद्र सिंह, प्रवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

### बंगाणा के अंबेहड़ा राम किशन में अवैध खैर कटान के आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

# वन संशाधनों पर बढ़ रहा खतरा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के अंबेहड़ा राम किशना में खैर के पेड़ों का अवैध कटान सुर्खियों में है। इस बार वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अंबेहड़ा राम किशन क्षेत्र में अवैध कटान करते पकड़े गए तीन वन काटुओं को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। पुलिस और वन विभाग की संयुक्त पूछताछ अब इस पूरे नेटवर्क की परतें खोलने के लिए तैयार है। अधिकारियों का दावा है कि रिमांड के दौरान रामगढ़ धार में हुए हजारों खैर के पेड़ों की अवैध कटाई से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं। अंबेहड़ा राम किशन क्षेत्र में अवैध खैर कटान की सूचना पर वन विभाग द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया है। मौके पर पकड़े गए तीनों आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने अंबेहड़ा राम किशन में आठ और समीपवर्ती बॉल क्षेत्र में 14 खैर के पेड़ों को अवैध रूप से काटा है।

ये पेड़ बिना किसी परमिट और वन विभाग की अनुमति के काटे गए थे, जो स्पष्ट रूप से वन अधिनियम का उल्लंघन है। पुलिस जांच के दौरान जिस गाड़ी को कब्जे में लिया गया, जिसमें खैर के अवैध मोछे लदे हुए थे। वन काटुओं ने जब्त की गाड़ी 70,000 रुपए में ऊना से खरीदी थी और इसी का इस्तेमाल खैर मोछे ढोने के लिए किया जा रहा था। एसपी ऊना अमित यादव ने जानकारी दी कि तीनों आरोपियों को सोमवार को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। यह रिमांड वन विभाग और पुलिस के लिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि आखिर किन बड़ी ताकतों का समर्थन इन वन काटुओं को प्राप्त है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**डीएफओ ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी :** ऊना के डीएफओ ऊना सुशील राणा ने कहा कि इस अवैध कटान में शामिल बड़ी मछलियों की पहचान करना विभाग की प्राथमिकता है। इन तीन दिन की पूछताछ में हम यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि इन लोगों को खैर के मोछे बेचने के लिए किससे संपर्क करना था और पीछे कौन सी लॉबी काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि रामगढ़धार में हुई बड़े स्तर की अवैध कटाई से जुड़े सबूत भी इसी पूछताछ से मिल सकते हैं।

रामगढ़धार क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से खैर के पेड़ों की अवैध कटाई की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जहां वन विभाग की निगरानी सीमित है। यही कारण है कि माफिया तत्व इस क्षेत्र में अपनी जड़ें मजबूत कर रहे हैं। माना जा रहा है कि खैर के मोछों की अवैध तस्करी पंजाब तक फैली हुई है, जहां इनका इस्तेमाल विभिन्न औद्योगिक और औषधीय प्रयोजनों के लिए किया जाता है।

**स्थानीय लोगों की मांग, सख्त कार्रवाई और सतत निगरानी :** स्थानीय ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे रैकेट का जड़ से सफाया किया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी, ड्रोन सर्विलांस और वन गार्डों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। वन संपदा की लूट और उसके पीछे छिपी मिलीभगत अब सामने आने लगी है।

अंबेहड़ा राम किशन और रामगढ़ धार में खैर के पेड़ों का अवैध कटान हिमाचल प्रदेश के वन संसाधनों पर बड़ा खतरा बन चुका है। तीन दिन के पुलिस रिमांड से जहां आरोपियों से कई अहम राज सामने आने की उम्मीद है, वहीं यह मामला इस बात की चेतावनी भी है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो हमारी प्राकृतिक संपदा माफिया के हाथों तबाह हो सकती है। पुलिस और वन विभाग पर अब यह जिम्मेदारी है कि इस पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचकर दोषियों को सजा दिलवाए और भविष्य के लिए एक सख्त उदाहरण पेश करे।

# रोटरी क्लब ऊना ने की नई कार्यकारिणी और विभिन्न समितियों की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

रोटरी क्लब ऊना ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी और विभिन्न समितियों की घोषणा कर दी है। क्लब के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रोटेरियन यशपाल ठाकुर को सौंपी गई है, जबकि सचिव पद का कार्यभार रोटेरियन रंजीत जसवाल संभालेंगे। क्लब के तत्कालीन पूर्व अध्यक्ष डॉ. केआर आर्य होंगे। रोटेरियन संजीव अग्निहोत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वित्त सचिव की दोहरी जिम्मेदारी दी गई है, जबकि रोटेरियन नरेंद्र कपिला उपाध्यक्ष होंगे। रोटेरियन परवीन कुमार सर्जेंट एट आर्म्स और रोटेरियन मोहित शर्मा संयुक्त सचिव बनाए गए हैं। रोटेरियन एचएन चीटू को चीफ काउंसलर, बलदेव चंद को चीफ ट्रेनर तथा एमके बस्सी को चीफ एडवाइजर नियुक्त किया गया है।



वहीं, रोटेरियन बरजिंदर जीत सिंह को डायरेक्टर वोकेशनल सर्विसेज, सुरिंदर ठाकुर को डायरेक्टर क्लब सर्विसेज, जगदीश्वर कंवर को डायरेक्टर इंटरनेशनल सर्विसेज और रोटेरियन कृष्ण ठाकुर को डायरेक्टर यूथ सर्विसेज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, क्लब ने समाज सेवा को गति देने के लिए विभिन्न समितियों का भी गठन किया है। पब्लिक रिलेशन कमेटी के चेयरमैन रोटेरियन गिरीश भयाना होंगे, जबकि रोटेरियन अनुराग शर्मा, मोहित शर्मा और एम.आर. शर्मा को सदस्य नियुक्त किया गया है। फेलोशिप व डिस्ट्रिक्ट फंक्शन कमेटी की जिम्मेदारी रोटेरियन सुरिंदर ठाकुर को दी गई है। रोट्रैक्ट/इंटरेक्ट/आरसीसी कमेटी के चेयरमैन रोटेरियन नरेंद्र कपिला होंगे तथा रोटेरियन जगदीश्वर कंवर सदस्य रहेंगे। हेल्थ सर्विसेज व मेडिकल कैंप्स की कमेटी का नेतृत्व रोटेरियन डॉ. रोहित शर्मा करेंगे जबकि रोटेरियन दीपक आर्य और बरजिंदर सिंह सहयोगी होंगे। पोलियो उन्मूलन व रोटरी फाउंडेशन कमेटी के चेयरमैन बलदेव चंद, सदस्य जगदीशवर कंवर और संजीव जसवाल होंगे। फंड रेजिंग कमेटी का दायित्व भी बलदेव चंद को सौंपा गया है।

क्लब ने युवा मार्गदर्शन व उद्यमिता समिति का नेतृत्व ओंकार नाथ को सौंपा है, जिनके साथ साजल शर्मा और केएल कुशवाहन सहयोग करेंगे। विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण समिति के चेयरमैन प्रवीण कुमार और सदस्य के रूप में आरके शर्मा व मो. ठाकुर को शामिल किया गया है। करियर गाइडेंस कमेटी के लिए ओंकार नाथ को चेयरमैन व आरके शर्मा और नवीन शर्मा को सदस्य नियुक्त किया गया है। जल प्रबंधन व पर्यावरण समिति के चेयरमैन बीएस सांभर और सदस्य संजीव पुरी होंगे। रोड एंड ट्रैफिक सेफ्टी कमेटी का नेतृत्व रोटेरियन रविंदर शर्मा को सौंपा गया है। आरआई कन्वेंशन कमेटी के चेयरमैन डॉ. के.आर. आर्य होंगे, जिनके साथ संजीव पुरी, आरएस शर्मा, एमआर शर्मा और गिरीश भर्याना सदस्य होंगे। क्लब लीडरशिप प्लान कमेटी के लिए डॉ. केआर आर्य को चेयरमैन बनाया गया है।

# पंजोआ गांव के दीपक ने 'हुनर का रंग' टीवी शो के मेगा राउंड में बनाई जगह

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**छाई खुशी की लहर, 20 जुलाई को ईश्वर चैनल पर होगा प्रसारण**

**अंब।** उपमंडल अंब की पंचायत पंजोआ लड़ोली के गांव पंजोआ के रहने वाले होनहार युवा दीपक सोनी पुत्र जोगिंदर पाल सोनी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सच्ची लगन और मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। दीपक ने देशभर के उभरते कलाकारों को मंच देने वाले लोकप्रिय टीवी शो 'हुनर का रंग' (सीजन-3) में अपनी जगह पक्की कर ली है। खास बात यह है कि दीपक का चयन इस शो के मेगा टीवी राउंड के लिए हुआ है, जिसका प्रसारण 20 जुलाई को ईश्वर चैनल पर किया जाएगा।



दीपक ने इस मंच पर अपने शानदार प्रदर्शन से न सिर्फ निर्णायकों को प्रभावित किया बल्कि दर्शकों के दिलों में भी अपनी खास जगह बनाई। उनकी कला, समर्पण और प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती। दीपक सोनी मूल रूप से गांव पंजोआ, पंचायत लड़ोली, तहसील अंब से संबंध रखते हैं। एक साधारण परिवार से आने वाले दीपक ने बचपन से ही कला के क्षेत्र में रुचि दिखाई और समय के साथ अपने हुनर को निखारते चले गए। 'हुनर का रंग' जैसे प्रतिष्ठित मंच पर चयन होना उनकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। दीपक की इस बड़ी उपलब्धि पर उनके परिवार, रिश्तेदारों, गांववासियों और स्थानीय युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दीपक जैसे युवा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

उन्होंने आशा जताई कि दीपक आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर भी ऊंचाइयों को छुएंगे और हिमाचल का नाम रोशन करेंगे। दीपक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और समर्थकों को दिया है। उन्होंने कहा कि वह आने वाले टीवी राउंड में भी पूरी मेहनत से प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान और बढ़ाएंगे। हुनर का रंग एक राष्ट्रीय स्तर का कला मंच है जो देशभर से संगीत, नृत्य, अभिनय और अन्य क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को पहचान और मंच प्रदान करता है। इस शो में हर साल हजारों प्रतियोगी भाग लेते हैं, लेकिन चयन केवल उन्हीं का होता है जो न केवल हुनर दिखाते हैं बल्कि मंच पर अपनी छाप भी छोड़ते हैं।

# बाबा पहाड़िया मंदिर के गद्दीनशीन पर हमला

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**गणमान्यों और लोगों ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में उस समय सनसनी फैल गई, जब रविवार को अढ़ाई बजे मंदिर के गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार गद्दी पर बैठकर श्रद्धालुओं की समस्याओं को सुन रहे थे। उस समय पर कथित तौर पर कातिलाना हमला हुआ। यह हमला क्षेत्र में गुंडागर्दी का खुला प्रदर्शन बताया जा रहा है, जिसको लेकर पूरे इलाके में भारी आक्रोश फैल गया है। हमले के बाद सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा, वीडीसी सदस्य त्रिशला देवी, राजकुमार, प्रधान थानाकलां सरोज कुमारी, उपप्रधान ओम प्रकाश, प्रधान बल्ह ऊषा देवी, प्रधान बुडवार रणजीत सिंह, प्रधान रायपुर मैदान रीता देवी, प्रधान चूरड़ी कर्ण सिंह, प्रधान थहड़ा गुरनाम सिंह, प्रधान बल्हखालसा लीला देवी, प्रधान स्वर्ण सिंह, बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू, प्रधान विजय कुमार, उपप्रधान सुभाष चंद, पूर्व प्रधान प्रकाश चंद, पूर्व प्रधान जोगिंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोगों और प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन से शमशेर सिंह, हेमराज फतेहपुर, तथा राजेंद्र बदोली के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि शमशेर सिंह फतेहपुर खुद को बड़ा तांत्रिक बताता है और संत सनातन होने का ढोंग करता है।

**मंदिर में किसी प्रकार की गुंडागर्दी नहीं होगी बर्दाश्त, आरोपियों को मिले सजा :** बीजेपी नेता एवं जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि बाबा पहाड़िया मंदिर क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का केंद्र है। यहां इस प्रकार का हिंसक कृत्य बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन को चाहिए कि वह हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजे, ताकि कानून का राज कायम रहे। अन्य प्रतिनिधियों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने राजनीतिक दबाव में आकर आरोपियों को बचाने की कोशिश की, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। हमें सड़कों पर उतरने में कोई गुरेज नहीं होगा। यह बात बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू ने मीडिया से बातचीत के दौरान कही।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह हमला सिर्फ व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं बल्कि एक साजिश भी हो सकता है, जिसका उद्देश्य मंदिर की गद्दी को विवादों में घसीटना और बाबा पहाड़िया मंदिर की छवि को धूमिल करना हो सकता है। कुछ स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हमलावरों को किसी राजनीतिक संरक्षण का लाभ मिल रहा है, जिससे वे अब तक गिरफ्तारी से बचते आ रहे हैं।

# हॉकी, जूडो, वॉलीबाल और कुश्ती के ट्रायल 7 से

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**13 से 19 आयु वर्ग के लड़के हो सकते हैं शामिल**

युवा सेवा एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश के खेल छात्रावास ऊना में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए हॉकी, जूडो, वॉलीबाल और कुश्ती खेलों में 13 से 19 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। युवा सेवा एवं खेल विभाग के निदेशक विवेक भाटिया ने जानकारी दी कि हॉकी और जूडो स्पर्धा के लिए ट्रायल 7 जुलाई और वॉलीबाल तथा कुश्ती खेलों के लिए 8 जुलाई को इंदिरा स्टेडियम ऊना में सुबह 10 बजे आयोजित होंगे।

**आयु सीमा, शारीरिक मापदंड और सुविधाएं :** विवेक भाटिया ने बताया कि इन ट्रायल में भाग लेने के लिए 13 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों की ऊंचाई 158 सेंटीमीटर और वजन 43 किलोग्राम, 14 वर्षीय खिलाड़ियों की ऊंचाई 164 सेंटीमीटर और वजन 49 किलोग्राम तथा 15 वर्षीय खिलाड़ियों की ऊंचाई 165 सेंटीमीटर और वजन 50 किलोग्राम होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि संबंधित खेलों में राज्य, राष्ट्रीय सब जूनियर, जूनियर व स्कूली स्तर के पदक विजेता खिलाड़ी न्यूनतम शारीरिक मापदंड न पूरे करने पर भी चयन प्रक्रिया में प्रविष्टि के लिए सुपात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए वरीयता 13 से 15 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को दी जाएगी। चयनित किए गए खिलाड़ियों को मुफ्त आवास, भोजन, चिकित्सा, बीमा, खेल किट, खेल सामान व आधुनिक ढंग से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वे अपनी पढ़ाई किसी भी स्थानीय स्कूल या कॉलेज से जारी रख सकते हैं।

**योग्यता :** विवेक भाटिया ने बताया कि स्कूली खेल, राज्य व राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा उदीयमान खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। संबंधित आयु वर्ग के खिलाड़ी अपने शैक्षणिक, आयु प्रमाण पत्र एवं खेल उपलब्धियों के मूल प्रमाण पत्रों का एक सेट सत्यापित फोटोकॉपी और दो पासपोर्ट फोटो सहित ट्रायल में भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को कोई भी टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

विवेक भाटिया ने प्रदेश के सभी जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि प्रस्तावित खेल छात्रावास ऊना में सत्र 2025-26 के प्रवेश के लिए ट्रायल की सूचना का अपने-अपने जिला में व्यापाक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागी ट्रायल में भाग ले सकें, साथ ही जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी युवा ऊना को निर्धारित ट्रायल के लिए समस्त तैयारियों और ट्रायल के लिए नियुक्त ऑफिशियल के ठहरने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# कुटलैहड़ भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार ने डॉ. अतुल राणा का किया समर्थन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**बोले- डॉ. राणा पर लगाए आरोप निराधार**

कुटलैहड़ भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष एवं बीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया ने स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल राणा के समर्थन में उन पर लगे हालिया आरोपों को पूरी तरह निराधार और झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि डॉ. अतुल राणा एक प्रतिष्ठित और सम्मानित परिवार से संबंध रखते हैं तथा उनके व्यक्तित्व पर सवाल उठाना न केवल निंदनीय है, बल्कि समाज में एक ईमानदार डॉक्टर की छवि को धूमिल करने की साजिश प्रतीत होती है।

मनकोटिया ने मांग की कि पुलिस प्रशासन आरोप लगाने वाले व्यक्ति की भूमिका की गहन जांच करे और यदि आरोप झूठे पाए जाते हैं, तो ऐसे व्यक्ति पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज समाज में कुछ लोग व्यक्तिगत स्वार्थ या किसी गुप्त एजेंडे के तहत ऐसे सम्माननीय लोगों को बदनाम करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अतुल राणा जो वर्षों से स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवा दे रहे हैं, अपने क्षेत्र में एक आदर्श चिकित्सक के रूप में जाने जाते हैं। मरीजों के प्रति उनकी निष्ठा, सेवा भावना और पारदर्शिता पर किसी प्रकार का प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सकता। मनकोटिया ने कहा कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोपों से डॉ. अतुल राणा को जोड़ना सरासर गलत है, क्योंकि उनका अब तक का आचरण और पेशेवर जीवन बेदाग रहा है। उन्होंने पुलिस से अपील की कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए और जो व्यक्ति झूठे आरोप लगाकर समाज में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है, उसकी संदिग्ध भूमिका को उजागर किया जाए।

# बिंदल ने बूथ स्तर से किया पार्टी के लिए काम : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



चुनाव कार्यक्रम में शामिल भुट्टो व अन्य भाजपा नेता।

**बोले- बिंदल के नेतृत्व में भाजपा बनाएगी प्रचंड बहुमत की सरकार**

कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने डॉ. राजीव बिंदल को हिमाचल प्रदेश भाजपा का निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है। भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि डॉ. बिंदल का चालीस वर्षों का लंबा राजनीतिक और संगठनात्मक अनुभव पार्टी के लिए एक अमूल्य धरोहर है।

उन्होंने बूथ स्तर से पार्टी के लिए काम किया है और कई महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान की है। उनका निर्विरोध चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि संगठन में उनका व्यापक सम्मान है और सभी कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. राजीव बिंदल के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा पूरे जोश और समर्पण के साथ उतरेगी और प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. राजीव बिंदल के नेतृत्व में भाजपा जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी और राज्य में विकास, स्थायित्व और पारदर्शिता की राजनीति को और मजबूत करेगी। भुट्टो ने कहा कि भाजपा एक संगठित एवं संस्कारित पार्टी है, जहां कार्यकर्ताओं को विचारधारा, अनुशासन और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ाया जाता है। यही कारण है कि पार्टी आज देश ही नहीं, हिमाचल प्रदेश में भी मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता देश और समाज सेवा को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता है।

भुट्टो ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर भाजपा की केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और हिमाचल को विकास की नई दिशा देने के इस अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। भाजपा नेता भुट्टो ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में डॉ. बिंदल के नेतृत्व में भाजपा न केवल सत्ता में वापसी करेगी, बल्कि जनता की सेवा करते हुए उनके सभी समस्याओं का समाधान भी करेगी।

# कर्मचारी महासंघ के सदस्यों ने हरोली के बीएमओ का किया सम्मान



बीएमओ को सम्मानित करते कर्मचारी महासंघ के सदस्य

**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**हरोली।** अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने हरोली अस्पताल में डॉक्टर शिंगारा सिंह को बीएमओ पद पर कार्यभार संभालने के लिए शुभकामनाएं दीं। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रधान रजनीश शर्मा ने कहा कि हरोली में बतौर चिकित्सक भी डॉ. शिंगारा सिंह की बेहतर सेवाएं रही है। इसके अलावा कोरोना काल में भी शिंगारा सिंह ने हेल्थ क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

उन्होंने कहा कि अब बीएमओ पद पर रहते हुए हरोली में ओर भी स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। इस मौके कर्मचारी संघ के हरजिंदर सिंह, मुकेश कुमार, शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

**अभियान** लोगों को 300 डस्टबिन बांटे, हर गांव को स्वच्छ बनाने का संजोया है सपना

# खरयालता वासियों को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** जोल उपतहसील की खरयालता (तलमेहड़ा) पंचायत के प्रधान अशोक कुमार मोनू एवं बीडीसी सदस्य राजेंद्र ठाकुर ने स्वच्छता की और सार्थक कदम स्वच्छ भारत अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस कड़ी में 15वें वित्त आयोग पंचायत समिति एवं 15वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत हैड के सौजन्य से बड़ोआ, लालशाह, तलमेहडा गांव के घरों में 300 डस्टबिन वितरित किए।



पंचायत प्रधान, ब्लॉक समिति मेंबर एवं पंचायत सदस्य बडोआ गांव के लोगों को डस्टबिन बांटने के दौरान।

स्वच्छता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को घर-घर कूड़ा कचरा डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। खरयालता पंचायत के प्रधान अशोक कुमार, बीडीसी राजेंद्र सिंह ठाकुर, पंचायत सदस्य अंजली देवी, आशा देवी, बीरो देवी सहित कई गणमान्य लोग इस मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधान अशोक कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल स्वस्थ जीवन की आधारशिला नहीं, अपितु पर्यावरण संरक्षण में भी सराहनीय कार्य है।

उन्होंने सभी गांववासियों से आग्रह है कि वह डस्टबिन का नियमित उपयोग करें और गांव को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग दें, अगर हमारा गांव स्वच्छ होगा तभी हम स्वस्थ रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बीडीसी सदस्य राजेंद्र सिंह ठाकुर ने इस प्रकार के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल गांव की सफाई में सुधार होगा, बल्कि लोगों में जागरूकता भी बढ़ेगी।

प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि हर वार्ड में डस्टबिन वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि हर घर में डस्टबिन पहुंचे।

# अंब उपमंडल की पंचायतों में बिजली रही बंद, मौसम ने निभाई दोस्ती

**अनंत ज्ञान, अंब**

उपमंडल अंब की कई पंचायतों में 30 जून को दिनभर बिजली आपूर्ति ठप रही, लेकिन बावजूद इसके क्षेत्रवासियों को खास असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। बिजली विभाग द्वारा पूर्व में दी गई जानकारी के अनुसार, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक मेंटेनेंस और लाइन सुधार कार्यों के कारण बिजली बाधित रखी गई।

बिजली न होने से आम दिनों में जहां गर्मी और उमस लोगों की परेशानी बढ़ा देती है, वहीं इस बार मौसम ने सबकी चिंता को हल्का कर दिया। सोमवार को पूरे क्षेत्र में बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे तापमान अपेक्षाकृत कम रहा और लोगों को गर्मी का अहसास नहीं हुआ। इस कारण घरों में पंखे या कूलर की जरूरत नहीं पड़ी और दिन सुगमता से गुजर गया। स्थानीय निवासी राकेश कुमार, निर्मल सिंह, लाड्डी जट्ट, रिशु शर्मा, अश्वनी आदि का कहना है, बिजली विभाग ने पहले ही सूचना दे दी थी, इसलिए हमने मोबाइल चार्जिंग और अन्य जरूरी काम पहले ही निपटा लिए थे। मौसम ने भी खूब साथ दिया, वरना गर्मी में 8 घंटे बिजली बंद रहना मुश्किल हो जाता।

चूरूडू बड़ूही, दियाडा धुसाडा हम्बोली, पल्लियां, भलोह, और नंदपुर ठठल समेत अन्य क्षेत्रों में भी बिजली कटौती के दौरान लोगों ने सामान्य दिनचर्या अपनाई। दुकानदारों, कार्यालयों और आम जनता ने बिजली न होने की स्थिति में पहले से तैयार रहकर समझदारी का परिचय दिया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह कटौती जरूरी मेंटेनेंस और लाइन अपग्रेडेशन कार्यों के चलते की गई थी, ताकि भविष्य में सुचारुआपूर्ति बनी रहे। विभाग ने जनता के सहयोग और धैर्य के लिए आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिमसा के निजी होटल में आपस में भिड़े पर्यटक

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के साथ लगते सिमसा के निजी होटल में पर्यटकों के आपस में गुत्थमगुत्था होने का वीडियो वायरल हो रहा है। यह सभी पर्यटक नशे की हालत में दिख रहे हैं। इस वीडियो में पर्यटक आपस में लड़ते दिख रहे हैं। बीच बचाव करने आए होटल कर्मी के साथ भी पर्यटक महिलाएं उलझती दिखीं। सोशल मीडिया में वीडियो के वायरल होते ही होटल कारोबारी हरकत में आए। मिली जानकारी के अनुसार पर्यटक सिमसा के एक निजी होटल में नशे की हालत में आपस में ही उलझ पड़े। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटक आपस में उलझे हैं। किसी की ओर से अभी पुलिस में कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत आते ही कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### 7 जुलाई को एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जिला मुख्यालय कुल्लू के बहुउद्देशीय भवन के सभागार में 7 जुलाई को एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ने बताया कि यह प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट लेवल मास्टर ट्रेनर्स द्वारा असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर्स को प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में सभी एसडीएम को उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारियों को उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही, निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण के लिए इलेक्शन कानूनगो एवं आईटी विशेषज्ञ, आईटी संबंधित प्रशिक्षण के लिए उपस्थित रहेंगे।

### 19वां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कार्यवाहक जिला सांख्यिकी अधिकारी कुल्लू चेत राम ने कहा कि देश में हर वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है, ताकि लोगों दैनिक जीवन में सांख्यिकी में महत्व और नियोजन व विकास की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। इस वर्ष, यह दिवस सांख्यिकी के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए प्रसिद्ध सांख्यिकी के जनक प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस के सम्मान में सोमवार को जिला सांख्यिकीय कार्यालय कुल्लू में 19वां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चेत राम, कार्यावाहक प्रभारी ने 19वां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के विषय राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाश डाला। भारत सरकार 2007 से हर वर्ष 29 जून को स्वर्गीय प्रो. पीसी महालनोबिस की जयंती के अवसर पर सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। सांख्यिकी दिवस के अवसर पर हम राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। एनएसएस राष्ट्र के आर्थिक विकास व नीति निर्माण के लिए एक मील का पथर है।

### गलती हो जाए, तो प्रायश्चित जरूर करें : रवि शर्मा

**अनंत ज्ञान, मनाली।** श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक रवि शर्मा ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं, लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ, तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। उन्होंने कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। उन्होंने कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है।

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में 15 दिन चले जनजातीय गौरव वर्ष के तहत धरती आभा जनजातीय अभियान जागरूकता के अंतिम दिन केलांग पंचायत में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। पुराने परिधि गृह में आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य, आयुष, पशु पालन, राजस्व, तहसील कल्याण, महिला व बाल विकास, खंड विकास कार्यालय, कृषि व बागवानी विभागों द्वारा लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। स्थानीय लोगों ने भी इन शिविरों का भरपूर लाभ उठाया। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाई।

# आनी में सड़क हादसा, दो की मौत, 3 घायल

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी खंड के अंतर्गत गुगरा-कुटवा सड़क पर माहौवी नामक स्थान के पास एक ऑल्टो कार (एचपी 35-5769) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल आनी लाया गया है, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रामपुर के जोनल अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना शाम करीब साढ़े चार बजे उस समय हुई, जब कार आनी से कुटवा की ओर जा रही थी और माहोवी के समीप सड़क से नीचे करीब 300-400 फुट लुढ़क गई। कार में तारा चंद (35 वर्ष), पुत्र सोहन लाल, निवासी गांव डघुट, डा जाओं, तहसील आनी, जो वाहन चालक और मालिक भी हैं, उसके अलावा राजेश कुमार (42 वर्ष), पुत्र टिक्कम राम, निवासी गांव डघुट, महेश्वर सिंह (33 वर्ष), पुत्र कुंभ दास, निवासी गांव नथराल, अंबी चंद (47 वर्ष), पुत्र प्रीतम सिंह, निवासी गांव डॉहवी, तहसील आनी और राम लाल (62 वर्ष), पुत्र कमाले राम, निवासी गांव डॉहवी, डा जाओं, तहसील आनी, जिला कुल्लू सवार थे। इनमें से अंबी चंद और राम लाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तारा चंद, राजेश कुमार और महेश्वर सिंह घायल हुए हैं। इनका सिविल अस्पताल आनी में प्राथमिक इलाज किया गया, जहां से तीनों को आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया गया है। घायलों को ग्रामीणों की मदद से खाई से सड़क तक निकाला गया, जहां से उन्हें 108 एंबुलेंस सेवा में आनी लाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन तुरंत मौके की ओर रवाना हो गए। तहसीलदार आनी रत्नेश्वर शर्मा ने बताया कि मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार और घायलों को 5-5 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की गई है।

## 1.38 करोड़ रुपए से बने मंगलौर पुल पर फिर मंडराया खतरा

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान, कुल्लू।** एनएच-305 पर 1.38 करोड़ रुपए की लागत से बने मंगलौर बैली ब्रिज पर एक बार फिर खतरा मंडराने लगा है। 1.38 करोड़ रुपए की लागत से यह बैली ब्रिज उस पुल की जगह बनाया गया है, जो अप्रैल महीने में एक भारी भरकम टिप्पर के गुजरने के दौरान पूरी तरह से टूट गया था। इस बैली ब्रिज के बनने से क्षेत्रवासियों को राहत मिली थी और यातायात की समस्या का समाधान हुआ था, लेकिन एक बार फिर से इस ब्रिज पर खतरा मंडरा रहा है और खतरे को भांपते हुए फिलहाल इस ब्रिज के ऊपर से बड़े वाहनों की आवाजाही बंद कर दी है। समर सीजन के दौरान बाहरी राज्यों से सैलानी जहां मनाली, कसोल के इलाकों का रुख कर रहे हैं। वहीं, बंजार की तीर्थन घाटी सहित आनी के जलोड़ी सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भी जा रहे हैं। ऐसे में जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के मंगलौर में एनएच-305 के ब्रिज पर फिर से खतरा मंडराने से जहां स्थानीय लोगों को दिक्कत उठानी पड़ेगी। वहीं, यहां का पर्यटन



कारोबार भी इससे काफी प्रभावित होगा। पुल को बने बहुत ही कम समय हुआ है और उसका डंगा फिर ढह गया है। अब सिर्फ छोटी गाड़ियां आर-पार हो रही हैं। नींव हिल गई है, जिससे पुल गिरने का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने पुल पर हैवी वाहनों की आवाजाही रोक दी है। यह पुल बंजार-आनी को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर स्थित है। 12 अप्रैल को पुराना पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद नए पुल का निर्माण किया गया था। ढाई माह बाद ही पुल की नींव गिर गई, जिससे पुल की सुरक्षा को खतरा हो गया है। तीर्थन नदी के बहाव को पुल की नींव झेल नहीं पाई है। पुल पर हैवी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

## जिले में 11 से 12 सड़कें बंद, 30 से अधिक ट्रांसफार्मर बाधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी तोरुल रवीश ने कहा कि कुल्लू जिले में 2 जुलाई तक मौसम का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से अपील की है कि कोई भी नदी-नालों के नजदीक न जाएं सभी ट्रैकिंग करने के इच्छुक लोग भी मौसम को ध्यान मे रखते हुए ट्रैकिंग तथा भ्रमण का प्लान बनाएं। उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तर पर 11 से 12 सड़कें बाधित हैं। सैंज -रैला पुल को बहाल कर दिया गया है, जिसकी सुरक्षा का परीक्षण किया जा रहा है। मनिहार के पास की सड़क को बहाल करने का कार्य चल रहा है। बिंदु ढांक कुल्लू-मनाली रोड पर बहाली का कार्य चल रहा है, जो दोतरफा ट्रैफिक के लिए एक-दो दिन में तैयार हो जाएगा। बारिश से पानी की 100 से अधिक स्कीमें बाधित थी, इन सभी को बहाल कर दिया गया है। 30 से अधिक ट्रांसफार्मर बाधित हुए थे, जिनकी बहाली का कार्य तेजी से चल रहा है। एनडीआरएफ का खोज अभियान चौथे दिन भी जारी है।

## चरस तस्कर को 8 वर्ष की सजा और 80 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** विशेष न्यायाधीश-प्रथम, कुल्लू प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक आरोपी चुन्नी लाल पुत्र रिदु राम निवासी गांव शरण, डाकघर नग्गर, तहसील एवं जिला कुल्लू, को एनडीपीएस अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है। अदालत ने उसे आठ वर्षों के कठोर कारावास और 80,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने की स्थिति में दोषी को अतिरिक्त



छह माह के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। जिला न्यायवादी, कुल्लू कुलभूषण गौतम ने जानकारी दी कि 17, मई, 2017 को लगभग 4:40 बजे सायं, पुलिस थाना भुंतर, जिला कुल्लू से एसआई विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम टीसीपी बजौरा पर नाकाबंदी ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान आरोपी एक सफेद रंग की ऑल्टो कार में एक महिला के साथ जो सह-चालक सीट पर थी उसके साथ आया। संदेह के आधार पर पुलिस ने कार की तलाशी ली। इसमें कार के डैशबोर्ड से 980 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की गई और जांच पूर्ण होने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ अदालत में चालान प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई पूर्ण होने के उपरांत, विशेष न्यायाधीश-प्रथम, कुल्लू ने उपरोक्त आरोपी को दोषी ठहराया और उसे निर्धारित सजा व जुर्माना सुनाया। कार में बैठी महिला आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 13 गवाहों की गवाही अदालत में करवाई गई।

# अटल टनल के उत्तरी छोर पर व्यावसायिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने जिला स्तर पर मंडे रिव्यू मीटिंग की दूसरी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ जिला वासियों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और उत्तरदायी समाधान सुनिश्चित बनाना है।



जिला स्तर पर मंडे रिव्यू मीटिंग की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करती हुईं डीसी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के माध्यम से किए जा रहे विकास कार्यों के लिए जारी की गई राशी की उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को केलांग से आगे प्रमुख पर्यटक स्थलों पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक शौचालय निर्माण करने के लिए कहा और शौचालयों के संचालन के लिए सुलभ इंटरनेशनल के साथ एमओयू करने के लिए निर्देश दिए। अटल टनल के उत्तरी छोर पर व्यावसायिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने बारे भी चर्चा की गई। उन्होंने उद्योग विभाग से जिले में स्फूर्ति योजना के तहत जिले के किसी एक क्षेत्र का कलस्टर बनाकर इच्छुक और मेहनती महिलाओं को सहायता पहुंचाना सुनिश्चित बनाने को कहा, ताकि अन्य क्षेत्र के लोग उनसे प्रेरित होकर कलस्टर बनाकर इस योजना का लाभ उठाकर अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने पशुपालन विभाग को संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के साथ समन्वय स्थापित करके जिले में आवारा कुतों की नसंबदी के कार्य को करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में हिम उर्जा विभाग व बिजली बोर्ड के अधिकारियों को प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के बारे में आमजनता को जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।

## ईवीएम व वीवीपैट भंडारण कक्ष का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन उपकरणों और लॉगबुक संधारण जैसी व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार निर्वाचन पवन कुमार भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहे और उन्होंने व्यवस्थाओं से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान की ।

## कटराई-दुआड़ा चौक पर आवारा कुत्तों का आतंक, राहगीर खौफ में

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू जिले के पतलीकूहल, कटराई, दुआड़ा चौक और डोभी क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों में भय का माहौल है।

इन आवारा कुत्तों के हमले की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें लोग घायल हुए हैं। हाल ही में डोभी के पुराने बाजार में आवारा कुत्तों के झुंड ने 8 से 10 लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। ऐसी कई घटनाएं सामने आ रही हैं, जबकि कई मामलों की तो रिपोर्ट भी नहीं की जाती। स्थानीय लोगों ने बताया कि ये आवारा कुत्ते अब सड़कों पर झुंडों में घूमते हैं और अचानक राह चलते लोगों पर हमला कर देते हैं। पुराना डोभी बाजार, दुआड़ा चौक, कटराई और पतलीकूहल तक दर्जनों आवारा कुत्तों की टोलियां देखी जा सकती हैं। ये कुत्ते अक्सर चायनीज डिश, मीट और चिकन की दुकानों के आसपास मंडराते रहते हैं। इसके अलावा, कई कुत्ते दोपहिया वाहनों का पीछा करते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। सुबह की सैर पर निकलने वाले जितेंद्र उपाध्याय, राजेंद्र, तरुण, सनल और श्याम आदि ने बताया कि उन्हें हर समय कुत्तों के हमले का डर रहता है और कई बार आक्रामक कुत्तों के झुंड को देखकर उन्हें अपनी सैर बीच में ही छोड़कर वापस लौटना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गर्मियों के मौसम में कुत्तों के पागल होने का भी डर रहता है। उन्होंने संबंधित विभाग से आग्रह किया कि इन आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जाए, ताकि बीमारी फैलने का खतरा कम हो सके व क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान देने और आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने के लिए कारगर तकनीक अपनाने की अपील की है। उनका कहना है कि इस आतंक से निजात पाने के लिए ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है।

## पतलीकूहल पुलिस ने जम्मू के डोडा से दबोचा गहना चोर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल पुलिस ने एक कार्रवाई करते हुए सीमित अवधि में जम्मू के डोडा से गहना चोर को दबोचा है। हाल ही के दिनों में पतलीकूहल से डोभी तक चोरों ने आतंक मचा रखा था, दिनदहाड़े और रात में कई घरों में सेंधमारी की घटनाओं से इलाके में सनसनी फैली हुई थी।

डोभी इलाके में तो स्थानीय लोग रात में समूहों में पहरेदारी भी कर रहे थे। पुलिस ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले मेहराज दीन उर्फ परवेज मोहम्मद (40) पुत्र मोहम्मद रमजान, निवासी गौडा गाड़ा, डाकघर किलेचरण, तहसील गंदोह, जिला डोडा (जम्मू कश्मीर) को डोडा से गिरफ्तार कर लिया है। उसे पतलीकूहल थाना लाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मेहराज दीन को सोमवार को मनाली न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने उसे 3 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन चोरी की वारदातों में कितने लोग शामिल थे। सूत्रों के अनुसार, मेहराज दीन ने पतलीकूहल में घर से सोने-चांदी के गहने चुराए थे। पुलिस उससे यह पूछताछ कर रही है कि उसने और कहां-कहां तथा किन लोगों के साथ मिलकर चोरी को अंजाम दिया। पुलिस को जल्द ही इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश होने की उम्मीद है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## बागवानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत : प्रेम

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के किसानों व बागवानों के सबसे बड़े संगठन, कुल्लू फलोत्पादक मंडल अपने सदस्यों को गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने बताया कि उनका संगठन किसानों और बागवानों के लिए कीटनाशक, फफूंद नाशक, प्लास्टिक के किल्टे, क्रेट जैसे आवश्यक उत्पाद बिना किसी लाभ-हानि के उपलब्ध करवाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मंडल की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली स्प्रे की दवाइयां उच्च गुणवत्ता की होती हैं, जिससे हजारों बागवान लाभान्वित हो रहे हैं। मंडल का मुख्य उद्देश्य दवाइयों के मूल्यों को नियंत्रित करना है, ताकि बागवानों को बाजार में भी उचित मूल्य पर ये उत्पाद मिल सकें। मंडल के इन प्रयासों से क्षेत्र के बागवानों को उचित मूल्य पर आवश्यक कृषि सामग्री मिल रही है, जिससे उनकी खेती की लागत कम हो रही है। प्रेम शर्मा ने उद्यान विभाग द्वारा उत्पादन पर दवाइयां उपलब्ध कराने की बात पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हालांकि विभाग यह सुविधा प्रदान करता है, लेकिन इनकी मात्रा बहुत कम होती है, जिस कारण ये सभी बागवानों तक नहीं पहुंच पाती। इस मुद्दे को उठाते हुए, कुल्लू फलोत्पादक मंडल ने मुख्यमंत्री, बागवानी मंत्री और स्थानीय विधायक को पत्र लिखकर विभाग से बागवानों को प्रचुर मात्रा में दवाइयां उपलब्ध कराने की मांग की है। मंडल को उम्मीद है कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार करेगी और जल्द ही इसका समाधान निकालेगी, जिससे सभी बागवानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में कृषि सामग्री मिल सके।

## 7 को निरमंड से रवाना होगी अंबिका माता की पवित्र छड़ी

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** 7 जुलाई को निरमंड से मां अंबिका और दत्तात्रेय स्वामी की पवित्र छड़ी श्रीखंड महादेव यात्रा के लिए रवाना होगी।

छड़ी कमेटी के अध्यक्ष टाकेश्वर शर्मा ने बताया कि पवित्र छड़ी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीखंड महादेव के दर्शन करेगी। गुरुपूर्णिमा के दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद दशनामी जूना अखाड़ा निरमंड वापस लौटेगी। यात्रा को सुचारू बनाने के लिए कमेटी की ओर से बैठक आयोजित कर रूपरेखा तैयार कर ली गई है। 10 से 23 जुलाई तक चलने वाली श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा के आयोजक श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि इस बार यात्रा मार्ग को पांच सेक्टरों में बांटा गया है। सिंह गाड, थाचड़ू, कुनशा, भीम डवारी और पार्वती बाग। इन सभी सेक्टरों में प्रशासन की ओर से यात्रियों के सहयोग के लिए सेक्टर ऑफिस स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली की रेस्क्यू टीम, जल शक्ति विभाग, वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए मेडिकल स्टाफ, रेवेन्यू और रेस्क्यू टीम भी तैनात रहेगी। इस बार यात्रा की विशेष व्यवस्था के तहत अंतिम सेक्टर पार्वती बाग में एनडीआरएफ की यूनिट भी तैनात रहेगी।

# बाढ़ में बह रहा बंजार, सरकार-प्रशासन पर दशहरे की धुन सवार : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि बंजार विधानसभा क्षेत्र इस समय आपदा से जूझ रहा है। ऐसी स्थिति में भी प्रदेश सरकार और कुल्लू जिला प्रशासन को इस बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत व बचाव कार्यों और आगामी दिनों में बरसात को लेकर तैयारियों की जगह अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की बैठक को लेकर ज्यादा गंभीर दिख रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बरसात की पहली बौछार ने ही बंजार विधानसभा क्षेत्र की दुर्दशा उजागर कर दी है। पिछले एक हफ्ते में क्षेत्र ने बाढ़ और भूस्खलन की भीषण मार झेली है। रोजाना सड़कों के बंद होने की खबरें आम हो चुकी हैं। वहीं , सोमवार को मंगलौर पुल धंसने की कगार पर है। इसके अलावा फागू पुल की मजबूती पर भी सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। मुख्य सड़क मार्ग की दुर्गति बताती है कि अन्य मार्गों पर क्या स्थिति है।

इस सीजन में इस सड़क की महत्ता और भी ज्यादा बढ़ जाती है पर सरकार व विभाग और प्रशासन आंखे मूंदे सो रहा है। विधायक शौरी ने कहा कि सरकार को बंजार के मुख्य सड़क मार्ग पर यातायात बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम त्वरित प्रभाव से उठाने चाहिए। ऐसे समय में जब गांव-गांव में राहत व बचाव कार्यों की जरूरत है, तब सत्ता पक्ष के लोगों की प्राथमिकता इस सरकार की संवेदनशीलता को उजागर कर रही है।

### क्या जनता की पीड़ा अब त्योहारों के बाद ही सुनी जाएगी



**उन्होंने** सरकार व प्रशासन से सवाल किया कि क्या पुल गिरें, रास्ते बंद हों और लोग खतरे में जान गंवाएं तब भी सरकार जश्न की योजना बनाएगी। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई को आयोजित होने वाली बैठक अब 2 जुलाई को आयोजित की जा रही व अधिकारियों को अनावश्यक कार्यों में लगाया जा रहा है। यह रवैया न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि शर्मनाक भी है। सुरेंद्र शौरी ने सरकार से मांग की है कि वह तात्कालिक प्रभाव से आपदा प्रबंधन के लिए विशेष टीमों का गठन करें, इंजीनियरिंग निरीक्षणों की निगरानी सुनिश्चित करें और राहत कार्यों के लिए पर्याप्त संसाधन तुरंत मुहैया करवाएं। बंजार की जनता बरसात में बदहाली से पहले सुरक्षा और संवेदना और एक ठोस योजना चाहती है, शोभायात्रा नहीं।

**आयोजन** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता

# सड़कों में ब्लैक स्पॉट को दुरुस्त करने के लिए उठाएं प्रभावी कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी तोरुल रवीश ने शुक्रवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता की।

डीसी ने एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग को अपनी-अपनी सड़कों में ब्लैक स्पॉट्स को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। डीसी ने अधिकारियों को जिले में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए राष्ट्रीय मार्गों व संपर्क सड़कों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर इन स्पॉट पर चेतावनी बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि एनएचएआई द्वारा बोर्ड्स व संकेतक लगाने के ऑर्डर कर दिए गए हैं जल्द ही इस कार्य को अमली जामा पहनाया जाएगा। डीसी ने बिंदु ढांक जैसी जगह पर रिफ्लेक्टर टेप आदि लगाने के निर्देश दिए, ताकि कोई दुर्घटना न हो। उन्होंने कुल्लू-भुंतर मनाली के बीच भी दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप्स आदि लगाने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने पशुपालन विभाग के माध्यम से सड़क पर आवारा पशुओं की समस्या का समाधान ढूंढने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित रूप से स्कूल बसों का भी सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण करने के आरटीओ तथा एसडीएम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी बैठकों में बीआरओ तथा एसडीएम की भागीदारी सुनिश्चित करवाएं। डीसी ने पुलिस विभाग तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रावधान उठाने के लिए मिलने वाले फंड का इसमें सदुपयोग करने के निर्देश दिए व अपना सड़क सुरक्षा प्लान भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि आईराड ऑनलाइन पोर्टल पर समय-समय पर आवश्यक जानकारी का अद्यतन करते रहें। उन्होंने पुलिस, राजस्व व लोक निर्माण विभाग को दुर्घटना के स्थल पर संयुक्त रूप रूप से जाकर निरीक्षण करने तथा संयुक्त रिपोर्ट बनाकर भेजने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटनाओं के कारण की सही जानकारी लेकर उनका निराकरण करने का प्रयास किया जा सके।



जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक के दौरान डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

### सड़क सुरक्षा पर रैलियों से करें जागरूक

**डीसी** ने सभी उपमंडलों में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैलियां व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अभियान में रेडक्रॉस सोसायटी, स्कूली बच्चे, एनसीसी, एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों का सहयोग लेने को कहा। इस बैठक का संचालन सदस्य सचिव कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण बीएस नेगी ने किया। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश भंडारी, डीएसपी राजेश, एनएचएआई, स्वास्थ विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### वाहनों में ओवरलोडिंग के लिए नियमित रूप से करें निरीक्षण

डीसी ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान सभी मुख्य मार्गों पर यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। डीसी ने कहा कि सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में वाहनों में ओवरलोडिंग, तेज रफ्तार और प्रेशर हॉर्न पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करने के आदेश दिए गए हैं। एसडीएम और आरटीओ को ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों के अन्य दस्तावेजों का भी समय-समय पर निरीक्षण करना चाहिए।

## 6 को पंचकर्म थैरेपी शिविर

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** गुरुद्वारा साहिब भुंतर में 6 जुलाई को प्रात: 11 से शाम तक नाड़ी परीक्षण व पंचकर्म थैरेपी तथा नेत्र जांच का निशुल्क शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर रोटरी आई अस्पताल हाट-बजौरा गांधीनगर कुल्लू व हिमालयन होलीस्टिक हेल्थ सेंटर तथा भुंतर सुधार समिति के संयुक्त सौजन्य से गुरुद्वारा साहिब भुंतर में लगाया जा रहा है। इसमें रोटरी हॉस्पिटल कुल्लू के अनुभवी डॉक्टर आंखों का निशुल्क चैकअप करेंगे। वहीं, हिमालयन होलीस्टिक हेल्थ सेंटर से आए विशेषज्ञ आयुर्वेदिक डॉक्टर नाड़ी परिक्षण कर पंचकर्म व हर्बल उपचार से बिमारियों को भगाने के नुस्खे बताएंगे। पंचकर्म से मन, शरीर को संतुलित किया जाता है। पंचकर्म, आयुर्वेद में एक प्रसिद्ध चिकित्सा पद्धति है, जिसके कई लाभ हैं। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने, पाचन में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, तनाव कम करने, त्वचा और बालों के स्वास्थ्य में सुधार और शरीर की ऊर्जा बढ़ाने में मदद करता है। भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भुंतर क्षेत्र और आसपास की जनता से आग्रह किया कि इस शिविर का सभी लाभ उठाएं।

# सेब सीजन की तैयारियों को लेकर आनी में बैठक कल

**अनंत ज्ञान, आनी**

सेब सीजन की तैयारियों को लेकर आनी उपमंडल के एसडीएम सभागार आनी में एसडीएम लक्ष्मण सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि आगामी 2 जुलाई को प्रशासन की बागवानों, विभिन्न विभागों के विभागाधिकारियों, ट्रक और पिकअप यूनियन के प्रतिनिधियों, फॉरवर्डिंग एजेंटों आदि के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में आने वाले सेब सीजन के चलते विभिन्न स्थानों से प्रदेश और देश की विभिन्न फल मंडियों तक सेब की पेटियों की ढुलाई के किराये आदि तय करने को लेकर चर्चा होगी। साथ ही बागवानों, ट्रक और पिकअप यूनियन आदि के नुमाइंदों की विभिन्न मांगों और समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जबकि ग्रामीण दुर्गम क्षेत्रों की सड़कें दुरुस्त करने, बिजली पानी आदि की आपूर्ति सुचारू रखने, कानून और ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने आदि को लेकर पीडब्ल्यूडी, पुलिस, बिजली बोर्ड, जलशक्ति विभाग आदि के अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी और जरूरी दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

## सेब सीजन की तैयारियों पर संयुक्त बैठक 3 को

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** डीसी कुल्लू ने आने वाले सेब सीजन की तैयारियों और इससे जुड़ी संभावित समस्याओं पर चर्चा करने के लिए 3 जुलाई को एक संयुक्त बैठक बुलाई है। इस बैठक में सेब उत्पादकों के सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा और संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में समाधान पर चर्चा होगी। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने क्षेत्र के सभी किसानों और बागवानों से आग्रह किया कि यदि उनके क्षेत्र में सेब सीजन से संबंधित कोई समस्या है, तो वे उसे 2 जुलाई तक मंडल कार्यालय के दूरभाष पर दर्ज करवाएं। यह जानकारी डीसी और बैठक में उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों के समक्ष उठाई जाएगी, ताकि उनका समय रहते समाधान किया जा सके। इसका उद्देश्य सेब उत्पादकों को एक सुचारु और सफल सीजन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं और सहायता पर विचार करना है।

# चिट्टा रखने के 4 दोषियों को 1-1 वर्ष का कठोर कारावास

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला न्यायालय सोलन के विशेष न्यायाधीश अरविंद मल्होत्रा की अदालत ने सोमवार को चिट्टा रखने के चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए 1-1 वर्ष का कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।



जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को एक माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। मामला अक्तूबर, 2018 में कंडाघाट थाना के अंतर्गत दर्ज किया गया था। जिला न्यायवादी संजय पंडित ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 5 अक्तूबर, 2018 को सुबह 9 बजे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कंडाघाट स्थित एसबीआई बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में चार युवकों को 15.7 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा था। यह चारों उस समय छात्र थे। मामले की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

मामले की सुनवाई के दौरान 11 गवाहों को पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश अरविंद मल्होत्रा की अदालत ने सोमवार को चारों आरोपियों अंकज संधू निवासी गांव व डाकघर न्यार, तहसील जसवां, जिला कांगड़ा, सिवन निवासी वीपीओ मनाली, जिला कुल्लू, शुभम निवासी गांव डडौर, पीओ डाबन, तहसील व जिला मंडी और धृत्यमन शर्मा निवासी गांव देउंघाट, पीओ बड़ोग, तहसील व जिला सोलन को दोषी ठहराते हुए 1-1 वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें 1 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

# परवाणू से शिमला तक दरकती पहाड़ियां बनी खतरा

## मानसून सक्रिय होते ही लैंड स्लाइड का दौर शुरू, चक्की मोड़ व सलोगड़ा में सड़क पर गिरे पत्थर

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

सोलन। मानसून सक्रिय होते ही नेशनल हाईवे-5 में परवाणू से सोलन और सोलन से शिमला तक सड़क पर पहाड़ियों से पत्थर आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इससे वाहन चलाना जोखिम भरा हो चुका है। सबसे बड़ा खतरा परवाणू के नजदीक चक्की मोड़ पहाड़ी से हो रहे लैंड स्लाइड से है, जहां पिछले दो दिनों से हुई बारिश से सड़क पर मलबा और पानी जमा होने से यातायात बधित हो रहा है। इससे आधा किलोमीटर के स्ट्रेच को क्रॉस करने में लंबा समय लग रहा है, जिस कारण यात्रियों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। सलोगड़ा में सोमवार को पहाड़ी की तरफ से पत्थर गिरने से मोटर साइकिल सवार बाल-बाल बचे। इसी तरह कुमारहट्टी बाईपास में भी पहाड़ियों से पत्थर गिर रहे हैं, जिससे वाहन चलाना जोखिमभरा हो चुका है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने फोरलेन निर्माण में लगी कंपनी को स्लाइडिंग जोन को सुरक्षित करने के निर्देश तो दिए पर एक वर्ष बीत जाने के बावजूद सड़क मार्ग पूरी तरह सुरक्षित नहीं हुआ है।



मानसून सक्रिय होते ही नेशनल हाईवे-5 में चक्की मोड़ पर बनी जाम की स्थिति।



चक्की मोड़ पर पहाड़ी से गिरे पत्थर।

> दरकती पहाड़ियों से भूस्खलन रोकने का कार्य निजी कंपनी को सौंपा है। स्लोप प्रोटेक्शन का कार्य किया गया है। इससे लैंड स्लाइड में कमी आएगी। चक्की मोड़ को फिलहाल सुचारु किया गया है। — आनंद दहिया, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई।

### कोशिशों पर बारिश फेर रही पानी

हाईवे अथॉरिटी इन पहाड़ियों को दरकने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, लेकिन हर बार बरसात एनएच की लाख कोशिशों पर पानी फेर देती है। चक्की मोड़ सहित कई जगहों पर अभी लैंड स्लाइड की आशंका है। लिहाजा हाइवे पर लैंड स्लाइड कंट्रोल करना एनएच सहित हाइवे निर्माता कंपनी के लिए सिर दर्द बन गया है। एनएच की मुश्किल तब ज्यादा बढ़ जाती हैं, जब लैंड स्लाइड के दौरान जानमाल का नुकसान हो जाए।

### यात्रा करना मुश्किलों भरा

हाईवे पर वाहन चालकों सहित आम लोगों में डर पैदा हो गया डर लाजमी भी है। अभी बरसात हल्की हो रही है। बावजूद इस तरह की घटनाएं शुरू हो गई हैं यदि बरसात ने रफ्तार पकड़ी, तो हाईवे पर यात्रा करना मुश्किलों भरा होगा। हालांकि, नेशनल हाइवे सुरक्षा के दावे कर रहा है। लैंड स्लाइड कंट्रोल हो और दुर्घटनाओं से बचा जाए, इसके लिए, योजनाएं तैयार की हैं। लैंड स्लाइड को रोकने के लिए निश्चित तौर पर विचार करना होगा, अन्यथा भारी बरसात होने पर हालत बिगड़ सकते हैं। हाइवे पर अब भी कई जगह सिंगल लेन पर ट्रैफिक चल रहा है, जिससे आए दिन जाम की समस्या होती है। भारी बारिश के कारण यहां पानी जमा हो जाता है।

# कंडाघाट में बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित, कई सड़कें बंद

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट। कंडाघाट उपमंडल में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। इसके साथ कई सड़कें बंद रही व कई जगह नुकसान हुए। क्षेत्र से बहने वाली खड्डें और नाले उफान पर हैं। उपमंडल के तहत कालका-शिमला राजमार्ग के किनारे वाकनाघाट स्थित बाहरा विश्वविद्यालय में भूस्खलन से एक ढारा गिर गया। फोरलेन की खुदाई की जद में होने के कारण इसे पिछले साल खाली करवा दिया था।

राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौका देखने के बाद यहां विश्वविद्यालय के अंदर से गुजरने वाले रास्ते से किसी को न चलने की सलाह दी। फोरलेन के साथ खुदाई के कारण यहां ओर भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। कंडाघाट की ग्राम पंचायत मही के शनहेच गांव के निवासी राजकुमार के घर के पास भी भूस्खलन हुआ। तहसीलदार कंडाघाट राजेंद्र कुमार ने मौके पर जाकर प्रभावित परिवार को फौरी राहत पर तरपाल देकर सुरक्षा की दृष्टि से कुछ निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के सभी कर्मचारियों को लोगों की सुरक्षा, सहायता, राहत और नुकसान का मौके पर मुआयना करने के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के तहत बनी उपमंडल की कई सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। लोक निर्माण विभाग ने शनिवार रात बंद चार सड़कें रविवार को बहाल कर दीं। रविवार रात उपमंडल की कोट-जखेड़, बाबा थड़ा मूला, वाकनाघाट-स्पाटू, ममलीग-डूमैहर और सायरी-दाऊंटी पांच सड़कें बंद रहीं। एसडीओ लोक निर्माण कंडाघाट शुभम अग्रवाल ने बताया कि आज सुबह 11 बजे तक सभी सड़कें बहाल कर दी गई हैं। इस समय उपमंडल से बहने वाली अश्वनी खड्ड, गिरि नदी, गंबर खड्ड और सभी नाले उफान पर हैं। इसके आस-पास कई जगह खेतों को भी नुकसान पहुंचा है। बारिश के कारण लोगों के सामान्य कार्यों में बाधा आई है।

## न्यूज ब्रीफ

### शारीरिक शोषण व धमकी देने का आरोप

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। पुलिस थाने में एक युवक पर एक महिला ने शारीरिक शोषण और धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि युवक ने उसे फेसबुक पर दोस्ती के बाद अपने साथ चलने के लिए मजबूर किया और उसके मना करने पर उसे धमकी दी कि वह उसके पति को उनके रिश्ते के बारे में बता देगा और उसकी शादी तोड़ देगा। महिला का कहना है कि युवक ने उसे घटासनी और मंडी में अपने किराये के कमरे में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए और उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, युवक ने उसका फोन भी छीन लिया और जब उसके घर वाले उससे मिलने आए तो वह वहां से भाग गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि जब उसने युवक से बातचीत बंद कर दी, तो उसने उसे फोन करना शुरू कर दिया। परेशान होकर महिला ने युवक के चाचा से फोन करके समझाने के लिए कहा, लेकिन चाचा ने उसे गालियां और धमकियां दीं। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

### यमुना उफान पर, पांवटा प्रशासन अलर्ट

अनंत ज्ञान, नाहन। उत्तराखंड के बड़कोट क्षेत्र में बादल फटने की घटना के बाद यमुना नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया है, जिससे नदी उफान पर है। बीती रात से लगातार हो रही भारी बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। खतरे की आशंका को देखते हुए पांवटा प्रशासन ने एहतियातन सतर्कता बढ़ा दी है। पांवटा साहिब के एसडीएम ने स्वयं यमुना घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। घाटों की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति नदी के समीप न पहुंचे। प्रशासन ने विशेष रूप से 10 गोताखोरों की टीम तैनात की है, जो लगातार यमुना नदी की निगरानी कर रही है। वर्तमान में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब है, लेकिन प्रशासन की तैयारियों के चलते स्थिति नियंत्रण में है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली से आए पर्यटकों को भी यमुना के किनारे जाने से रोका जा रहा है। प्रशासन बार-बार अपील कर रहा है कि लोग नदी से दूरी बनाएं रखें और सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करें। हालांकि, श्रद्धालु और पर्यटक दूर से ही यमुना मां के दर्शन कर फोटो और सेल्फी ले रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी टीम तैयार है और स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की गई है।

### कल नवगांव के आसपास बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। दो जुलाई को नवगांव के आसपास के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता दाड़लाघाट ई. विमल अत्रि ने




बताया कि बिजली बोर्ड द्वारा 11 केवी एचटी फीडर नवगांव की मरम्मत और पेड़ों की टहनियों की काट-छांट का कार्य किया जाएगा। इस कारण प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक बिजली आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में सन्याड़ी मोड़, जावी, सर, कोठी, मंगरूर, गोधन, नवगांव, बुघार, पारनू, असलू, कंधर, बामा, बेरल, सकोर और आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। विमल अत्रि ने लोगों से सहयोग की अपील की है और खराब मौसम या अन्य परिस्थितियों में तिथि और समय में परिवर्तन की संभावना जताई है।

### रोहित ठाकुर आज सोलन जिले के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, सोलन। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर आज सोलन जिले के प्रवास पर होंगे। रोहित ठाकुर आज प्रातः 11 बजे सोलन जिले के कंडाघाट में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का लोकार्पण करेंगे। शिक्षा मंत्री तदोपरांत जन समस्याएं सुनेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।

### आपदा की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1077 पर करें सूचित

अनंत ज्ञान, सोलन। डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि मानसून के समय जान-माल सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन ने उचित प्रबंध किए हैं और सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी स्तरों पर लोगों से आग्रह किया गया है कि बारिश के मौसम में सावधान रहें और नदी-नालों व खड्डों आदि के किनारे न जाएं। उन्होंने कहा कि नदी-नालों के आस-पास निवास कर रहे लोगों से आग्रह किया कि अचानक जल स्तर बढ़ने की स्थिति में तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचें। डीसी ने कहा कि सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में



नदी-नालों के किनारे स्थित बस्तियों को चिन्हित करें, ताकि आपात स्थिति में लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके। मनमोहन शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जल शक्ति, लोक निर्माण, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा बिजली बोर्ड के अधिकारियों को मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां उच्च स्तर पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पंचायतों सहित सभी ग्राम पंचायतों में बारिश से बचाव को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आपात स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन को 01792-220049, 220882, 220048, 221200 सहित टोल फ्री नंबर 1077 पर सूचित किया जा सकता है।

### विगत आंदोलनों व कार्यक्रमों की समीक्षा की

अनंत ज्ञान, नाहन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) सिरमौर की बैठक जिला कार्यालय नाहन में हुई। बैठक में विगत आंदोलनों और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिला संयोजक वंश भंडारी ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती के लिए गौरव शर्मा को जिला कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा गया। बैठक में राजकीय महाविद्यालय नाहन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, जिले के प्रत्येक कॉलेज में छात्रावास, कॉलेजों में शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टॉफ की पर्याप्त नियुक्ति, स्थायी भवन, परिवहन सुविधा, कॉलेज परिसर में ही बस पास बनाने के लिए काउंटर की स्थापना, जैसे कार्यों के लिए आंदोलन चलाने की रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर सोलन विभाग संयोजक अभी ठाकुर, प्रदेश सह मंत्री मनीष, जिला संगठन मंत्री सचिन आदि मौजूद रहे।

### परवाणू के कामली गांव के पास ढहा डंगा

अनंत ज्ञान, बद्दी। औद्योगिक क्षेत्र परवाणू के कामली गांव के पास डंगा ढह गया है। इससे कामली-भोजनगर सड़क बंद हो गई है। जहां भूस्खलन हुआ है ठीक इसके ऊपर कंपनी को भी खतरा मंडरा रहा है। वहीं, सड़क बंद हो जाने के कारण लोगों को काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।

# हरियाणा ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, नाहन। एनएसयूआई नाहन ने चंबा ग्राउंड इनडोर में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें नाहन के विधायक अजय सोलंकी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। एनएसयूआई की टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में विजेता टीम अर्जुन स्टेडियम हरियाणा को 21000 की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम शिलाई को 11000 की राशि प्रदान की गई। यह आयोजन न केवल खेल के प्रति उत्साह को बढ़ावा देता है, बल्कि युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करता है। एनएसयूआई ने कहा कि आगे भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे, जो युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करेंगे और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करेंगे।

# हिम काष्ठ सेल मंडल में लगाए 101 पौधे



बद्दी-बरोटीवाला मार्ग पर बालद पुल के निकट हिम काष्ठ विक्रय डिवीजन बद्दी में पौधरोपण करते निदेशक कृष्ण कुमार और अन्य अधिकारी।

अनंत ज्ञान, बद्दी

बद्दी-बरोटीवाला मार्ग पर बालद पुल के निकट हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम के हिम काष्ठ विक्रय डिवीजन बद्दी में सोमवार को विभिन्न प्रजातियों के एक सौ से एक से अधिक पौधे रोपे गए। पौधरोपण का शुभारंभ कृष्ण कुमार भारतीय वन सेवा अधिकारी निदेशक (दक्षिण) शिमला ने आंवले का पौधा लगाकर किया।

उन्होंने पौधरोपण के महत्व पर समझाते हुए कहा बद्दी जैसे औद्योगिक नगर में पौधों का होना जरूरी है और जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है, उसके लिए आवश्यक है पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों। इसमें आम, आंवला, नीम, पीपल, बरगद, अमलताश, शीशम, शहतूत आदि अनेक किस्म के पौधे लगाकर उनके रखरखाव का भी जिम्मा लिया। इस अवसर पर राज्य वन सेवा अशिकारी मंडलीय प्रबंधक हिम काष्ठ विक्रय मंडल बद्दी प्रदीप कुमार चौहान, हरदेव सिंह नेगी मंडलीय प्रबंधक वन मंडल रामपुर, नरेश कुमार धौलटा मंडलीय प्रबंधक शिमला, पपिंद्र कुमार कार्यालय प्रबंधक (कनिष्ठ), सीता राम सहायक प्रबंधक, प्रीतम पाल ठाकुर सहायक प्रबंधक, अमर चंद उपवन राजिक, टीकम सिंह, नीरज कुमार, रमेश चंद, गुरविंदर सिंह, पृथ्वी चंद, प्रमोद कुमार, बसंत सिंह, बिशन दत्त, हरपाल सिंह, तेजू, जोगिंदर कुमार, मनमोहन सिंह, मलकी सिंह, निर्मल प्रकाश, अमित चौधरी, राधा देवी और अन्य मौजूद रहे।

# शूलिनी विवि ने आउटरीच छात्रों के साथ ओलंपिक दिवस मनाया

अनंत ज्ञान, सोलन

शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने आउटरीच छात्रों के लिए एक विशेष खेल कार्यक्रम आयोजित करके ओलंपिक दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया।

यह समारोह विश्वविद्यालय परिसर में हुआ और इसका उद्देश्य युवा शिक्षार्थियों के बीच ओलंपिक भावना, फिटनेस और टीम वर्क को बढ़ावा देना था। ओलंपिक दिवस एक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक आंदोलन गतिविधि है, जो हर साल जून में राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों द्वारा आयोजित खेलों में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देती है। इस कार्यक्रम में लड़कों के एकल, लड़कियों के एकल, युगल और मिश्रित युगल सहित विभिन्न श्रेणियों में रोमांचक बैडमिंटन और टेबल टेनिस मैच शामिल थे। आउटरीच छात्रों ने पूरी ऊर्जा के साथ भाग लिया और मैत्रीपूर्ण और उत्साहजनक माहौल में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नीरज गंडोत्रा, एसोसिएट डीन, छात्र कल्याण और विक्रांत चौहान, सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा के मार्गदर्शन में किया गया। दोनों संकाय के सदस्यों ने छात्रों को सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया और आत्मविश्वास, अनुशासन और समावेश के निर्माण में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. नीरज गंडोत्रा ने कहा, ओलंपिक दिवस सिर्फ पदक जीतने के बारे में नहीं है। यह भागीदारी, फिटनेस और खेलों के जरिए दोस्ती बनाने के बारे में है। हमें अपने आउटरीच छात्रों के बीच उत्साह देखकर गर्व है।

# नगर निगम सोलन का वार्ड-9 उपेक्षा से त्रस्त : डॉ. सुधा गुप्ता

## सड़कों पर गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन के वार्ड-9 निवासी समाजसेविका डॉ. सुधा गुप्ता ने नगर निगम पर वार्ड की उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि वार्ड की जनता उपेक्षा से त्रस्त है।



उन्होंने कहा कि नगर निगम एवं प्रशासन की उदासीनता के चलते वार्ड समस्याएं दिन-ब-दिन विकराल रूप लेती जा रही हैं। इसमें मुख्यत: सीवरेज लाइनें क्षतिग्रस्त हैं, जिससे लगातार गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। सड़कों पर गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। खुली नालियों के कारण मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर है कि रात 10 बजे के बाद घर लौटना भी मुश्किल हो गया है। सुबह की सैर पर जाने वालों को सुरक्षा के लिए डंडा साथ ले जाना पड़ता है। कुछ स्ट्रीट लाइटों की हालत जर्जर है। कुछ जलती हैं, जबकि अधिकांश बंद पड़ी हैं।

इससे रात्रि के समय वार्ड में भय और असुरक्षा का वातावरण बना रहता है। कूड़ा प्रबंधन पूरी तरह विफल है। गलियों में कचरा बिखरा रहता है, जिससे गंदगी और बदबू से नागरिक परेशान हैं। बंदरों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ रहा है, जो गमले तोड़ते हैं, कपड़े फाड़ते हैं व बच्चों-बुजुर्गों को चोट पहुंचाने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक है, चोरी की घटनाएं हो रही हैं। प्रशासन और निगम की निष्क्रियता से जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

# नई शिक्षा नीति व सतत विकास लक्ष्यों पर दिया विशेष बल

अनंत ज्ञान, सोलन

सीबीएसई प्रशिक्षण केंद्र पंचकूला के तत्वावधान में सामाजिक विज्ञान (सेकेंडरी स्तर) पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यशाला में राम कुमार शर्मा एवं डॉ. अनुपम हांडा ने विषय विशेषज्ञों के रूप में शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश एवं पड़ोसी राज्यों के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों से कुल 60 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला के दौरान नई शिक्षा नीति 2020 एवं सतत विकास लक्ष्यों पर विशेष बल दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मसूमा सिंघा ने दोनों विषय विशेषज्ञों के साथ-साथ गीता आदर्श विद्यालय सोलन एवं बाल भारती स्कूल सोलन के प्रतिभागी प्रधानाचार्यों और सभी शिक्षकों का उनकी सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद किया।




एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यक्रम में पहुंचे प्रतिभागी।

## शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब। डीएवी सिरमौर पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब में सीबीएसई की दो दिवसीय आनंदमयी गणित कार्यशाला का आयोजन हुआ। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के कुल 56 अध्यापकों ने भाग लिया। डीएवी स्कूल में आयोजित कार्यशाला आनंदपूर्ण गणित विषय पर केंद्रित रही। इसका उद्देश्य गणित को एक सकारात्मक, रोचक तथा आनंददायक विषय बनाना था। दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आरंभ संसाधन विशेषज्ञ डॉ. सुरेश अग्रवाल, गौरी वंदना व डीएवी पांवटा साहिब की प्रधानाचार्या शालिनी कांत ठाकुर ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। प्रधानाचार्य ने संसाधन विशेषज्ञों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराना था, जिनके माध्यम से गणित को एक रुचिकर विषय बनाया जा सके। प्रधानाचार्या ने इस सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों का आभार जताया। इसके साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार की ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# सेंट ल्यूक्स स्कूल के पीटीए के अध्यक्ष बने मनीष

अनंत ज्ञान, सोलन। सेंट ल्यूक्स स्कूल में पेरेंट्स टीचर्स एसोसिएशन के चुनाव में मनीष तोमर को अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही पीटीए के सदस्यों का भी चयन किया गया।

इसमें मनीष कुमार, अमित डोभाल, तिलक शर्मा, दिनेश ठाकुर, जतिन साहनी, नवीन आनंद, दीपाली ठाकुर, सुमित खन्ना, नितिन भसीन, कुमुद ठाकुर, योगिता ठाकुर, निधि मलिक, लालिमा वर्मा और पूजा सूरी, प्रियंका शामिल हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीष तोमर ने सभी अभिभावकों का आभार जताया और आश्वासन दिया कि वे स्कूल प्रबंधन व माता-पिता के बीच मजबूत संवाद सेतु बनाकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के समग्र विकास, स्कूल में बेहतर सुविधाओं और सकारात्मक वातावरण के लिए पीटीए एक सक्रिय भूमिका निभाएगा।

## व्यवस्था | डीसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर चक्की मोड़ का किया निरीक्षण

# यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध

अनंत ज्ञान, सोलन

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारी वर्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन राष्ट्रीय राजमार्गों सहित अन्य मार्गों पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और पुलिस, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबद्ध विभागों को इस दिशा में उचित निर्देश जारी किए गए हैं।

डीसी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-5 पर चक्की मोड़ का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिए कि चक्की मोड़ पर भारी वर्षा के कारण नियमित अंतराल पर हो रहे भू-स्खलन के दृष्टिगत यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए सभी ऐहतियाती उपाय अपनाए जाएं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील है। वर्तमान में यहां यातायात सुचारू है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिए कि वर्षा के समय इस स्थान पर यातायात अवरुद्ध होने से बचाने के लिए आवश्यक उपकरण एवं मशीनरी दिन-रात तैनात की जाए।



नेशनल हाईवे के चक्की मोड़ पर हो रहे लैंड स्लाइड के निरीक्षण को पहुंचे डीसी सोलन।

उन्होंने निर्देश दिए कि इस स्थान पर नियमित अनुश्रवण किया जाए और खतरे की स्थिति में वाहनों को सुरक्षित स्थान पर रोक कर यातायात सुचारू बनाया जाए। डीसी ने कहा कि यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए चक्की मोड़ पर यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। पुलिस जवान भी यहां दिन-रात तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि भू-स्खलन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण वर्षा के समय यहां पहाड़ से मलबा आदि गिरने की संभावना रहती है। इस स्थिति से निपटने के लिए हर समय तैयारी आवश्यक है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जल्द ही सेब सीजन में ट्रकों की आवाजाही भी बढ़ेगी। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन हर स्तर पर तैयार है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले के अन्य मार्गों पर पर्यटकों, स्थानीय निवासियों आदि को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। लोक निर्माण विभाग को भी विभिन्न मार्गों पर आवश्यक मशीनरी की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मार्ग अवरूद्ध होने की स्थिति में जल्द बहाली की जा सके। चक्की मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-5 के निरीक्षण के समय अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, एसडीएम कसौली महेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस उपअधीक्षक परवाणू मेहर पंवार सहित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व निर्माण कार्य में संलग्न कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# 3 को होने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा की अंतिम रूपरेखा पर निर्णय लिया



नाम हाट केंद्र काशीपुर की कार्यकारिणी समिति की बैठक में मौजूद गणमान्य लोग।

अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान

पांवटा साहिब। नाम हाट केंद्र काशीपुर (पांवटा साहिब) की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई।

इसमें 3 जुलाई को आयोजित होने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा की अंतिम रूपरेखा पर निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ. एचसी चंदेल, विनोद शर्मा, देवेंद्र शर्मा, विकास वालिया, राकेश कश्यप, अशोक, नवनीत, गोपाल, मोहिनी, जगदीश, संजय वर्मा एवं एकांत शामिल रहे। बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को इस वर्ष भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

विकास वालिया व राकेश कश्यप ने पांवटा साहिब के सभी प्रमुख धार्मिक संस्थान से इस पावन आयोजन को भव्य व सफल बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिना डिग्री चलाए जा रहे क्लीनिक पर छापा

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। एक दसवीं पास व्यक्ति बिना किसी मेडिकल योग्यता के तीन साल से अवैध डेंटल क्लीनिक चला रहा था। सोमवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त छापेमारी में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। राई क्षेत्र के गांव जखौली में चौहान डेंटल केयर नामक अवैध क्लीनिक का संचालन कर रहे आरोपी राहुल चौहान को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा। मूल रूप से बिहार निवासी राहुल मात्र दसवीं पास है, लेकिन पिछले तीन वर्षों से डेंटल चिकित्सक की भूमिका निभा रहा था। क्लीनिक में एक्सपायरी इंजेक्शन, गंदगी और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की घोर लापरवाही देखी गई। छापेमारी के दौरान क्लिनिक के बाहर और पर्चियों पर चार बीडीएस डॉक्टरों के नाम छपे मिले, जिन्हें देख मरीज भ्रमित हो जाते थे। पूछताछ में सामने आया कि राहुल इन नामों का उपयोग फर्जी तरीके से करता था। अब यह जांच की जा रही है कि क्या यह नाम चिकित्सकों की सहमति से उपयोग किए गए या उनके साथ भी धोखाधड़ी हुई है। स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सा ऑफिसर एवं दंत चिकित्सक डॉ. अनु राठी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। क्लिनिक से जब्त सामग्री को सील कर दिया गया है और राहुल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं में लापरवाही समाज और कानून दोनों के लिए घातक है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि पर्चियों व बोर्ड पर दिए डॉक्टरों की मिलीभगत पाई गई, तो उनके खिलाफ भी कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में मिला विशालकाय अजगर



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़ ।** सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में विशालकाय अजगर मिला है। यह अजगर शहर की लाइफ लाइन सुखना लेक में मिला है। सुखना झील के किनारे अजगर पेड़ से लिपटा हुआ था। जिस किसी ने भी इसे देखा उनकी आंखें फटी के फटी रह गई। क्योंकि इतना विशालकाय अजगर किसी-किसी ने ही पहले कभी देखा था। लगभग 10 फुट लंबा यह अजगर पेड़ के ऊपर कैसे पहुंच गया यह अपने आप में ही हैरानी की बात है।

### 'विश्वस्तरीय निष्काम सेवा अभियान' शुरू

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** ग्राम भूपानि स्थित, सतयुग दर्शन ट्रस्ट (रजि.) द्वारा 'विश्वस्तरीय निष्काम सेवा अभियान' को शुरू किया। इस अभियान के तहत सतयुग दर्शन ट्रस्ट (रजि.) ने, अपने सभी सदस्यों सहित समाज के संपन्न व्यक्तियों से, अपनी एक महीने की आय को, जुलाई माह में बेसहारा लोगों को भोजन-कपड़ा और कुछ आर्थिक सहायता प्रदान करने के निमित्त लगाने की करबद्ध अपील की थी। इसी अपील के मध्य नजर आज मानवता के कल्याण हेतु चंडीगढ़ सहित देश-विदेश के कई भागों में जरूरतमंद सजनों को गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले व विभिन्न गांवों से खोज-खोज कर भोजन, कपड़े व कुछ धनराशि प्रदान की जा रही है। इस तरह आत्मीयता के भाव से ओत-प्रोत हो, ये सदस्य समाज के लाचार व बेसहारा सजनों तक प्रसन्नतापूर्वक उनका हक पहुंचा रहे हैं। सतयुग दर्शन ट्रस्ट (रजि.) के प्रवक्ता ने बताया कि जनसेवा की इस लहर में केवल ट्रस्ट के सदस्य ही नहीं अपितु कोई भी भाग ले सकता है और अपने घरों अथवा तिजोरियों में पड़ी दीन-दुखियों की अमानत को, उन तक सही सलामत पहुंचा कर, ईश्वर की शुभाषीष प्राप्त कर सकता है। वेद-शास्त्रों के अनुसार इंसान की आय का दसवां भाग, जो समाज के दुखिया सदस्यों की अमानत के रूप में हर किसी के घर में पड़ा है, उसको उन तक पहुंचा देने में ही अपना व सबका कल्याण समझो।

### अंडमान में तीन घंटे में तीन बार कांपी धरती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अंडमान सागर में सोमवार को धरती तीन बार कांप उठी। महज



तीन घंटे के अंदर तीन भूकंप दर्ज किए गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, सबसे तेज झटका दोपहर 12.06 बजे महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.7 रही। लगातार आ रहे भूकंप के झटकों ने इलाके की संवेदनशीलता को एक बार फिर उजागर कर दिया है। सोमवार सुबह अंडमान सागर में पहला भूकंप 10.09 बजे आया। इसकी तीव्रता 4.7 मापी गई। यह भूकंप समुद्र के भीतर 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप का केंद्र 9.43 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 94.17 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। स्थानीय लोगों ने हल्का कंपन महसूस किया, हालांकि किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल में 24 घंटे में दो बार लगे भूकंप के झटके

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल में सोमवार को भी भूकंप के झटके महसूस हुए। सोमवार को आए भूकंप की तीव्रता 4.3 रही। 24 घंटे से भी कम समय में यह दूसरा झटका था। नेपाल के कोटदाना इलाके में सुबह 8.39 पर भूकंप के झटके महसूस हुए। किसी नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं है। इससे पहले रविवार को भी नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। (अनंत ज्ञान)

### तेलंगाना में भाजपा विधायक राजा ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक ने पूर्व एमएलसी रामचंदर राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। टी. राजा सिंह ने सदमे और निराशा का हवाला देते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान से वापस भेजे जा रहे अफगान शरणार्थी

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकार अफगान शरणार्थियों को वापस अफगानिस्तान भेजने के लिए सोमवार से तीसरा चरण शुरू कर रही है। इसका पाकिस्तान में रह रहे करीब 14 लाख अफगानियों पर असर होगा। मानवाधिकार संगठनों और नागरिक अधिकार समूहों ने पाकिस्तान सरकार की इस कार्रवाई पर चिंता जाहिर की है। पाकिस्तान सरकार ने 30 जून तक पंजीकृत अफगान शरणार्थियों को स्वेच्छा से वापस जाने का निर्देश दिया था। अब जबरन इन लोगों को वापस अफगानिस्तान भेजा जाएगा। कई अफगान शरणार्थियों ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सुरक्षाबलों द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# विजय रूपाणी के निधन से गहरा आघात : सैनी

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में उनका निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री आज अंबेडकर भवन चंडीगढ़ में आयोजित शोक सभा में बोल रहे थे। शोकसभा में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि श्री विजय रूपाणी जी का निधन हम सबके लिए गहरा आघात है। उनका संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और सेवा-भाव के आदर्शों के अनुरूप समर्पित रहा। वे एक सच्चे कर्मयोगी, विचारशील राजनेता और जनमानस से जुड़ी हुई भावना के प्रतीक थे। उनके निधन से देश ने एक ऐसा जननेता खो दिया है, जिसने पूरी निष्ठा से संगठन, सत्ता और समाज, तीनों के साथ न्याय किया। उन्होंने कहा कि श्री विजय रूपाणी जी की विचारधारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की मूल आत्मा से जुड़ी रही। उनका राजनीतिक जीवन राष्ट्रप्रेम, पारदर्शिता, सुशासन और सेवा के चार स्तंभों पर आधारित था। वे दृढ़ राष्ट्रवादी विचारधारा के पक्षधर थे और भारतीय संस्कृति की जड़ों से गहराई से जुड़े हुए थे।

श्री विजय रूपाणी विनम्र और मेहनती थे, पार्टी की विचारधारा के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध थे। उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभाई और गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लगन से काम किया। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर जीवन को आसान बनाने अर्थात ईज ऑफ लिविंग में।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री विजय रूपाणी राजकोट पश्चिम सीट से गुजरात विधानसभा चुनाव जीतने के बाद 7 अगस्त, 2016 से 11 सितंबर, 2021 तक दो कार्यकाल के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। वे वर्तमान में पंजाब भाजपा के प्रभारी थे। हरियाणा में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार के लिए उन्होंने समय-समय पर मार्गदर्शन किया। वे कई बार हरियाणा आए और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन और सेवा की भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी। उनकी स्मृतियां और विचारधारा हमें सदैव प्रेरणा देती रहेंगी। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के पथ पर अग्रसर हो सकते हैं, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नायब सिंह सैनी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भगवान से अपने चरणों में स्थान देने और परिजनों को दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

### राज्यपाल दत्तात्रेय ने विजय रूपाणी को दी श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को सेक्टर 37 चंडीगढ़ स्थित डा. अंबेडकर भवन में आयोजित शोक सभा में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय विजय रूपाणी की असामयिक और दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।

राज्यपाल दत्तात्रेय ने स्वर्गीय रूपाणी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय रूपाणी जी एक मृदुभाषी, दयालु व्यक्ति थे, जो सार्वजनिक सेवा और लोगों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग थे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की है। वे एक सच्चे देशभक्त और दूरदर्शी नेता थे। राज्यपाल ने कहा कि रूपाणी जी की महान आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# पानीपत समेत कई जिलों में झमाझम बारिश, दो दिन अलर्ट



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

मानसून ने पूरे हरियाणा को कवर कर लिया है। पानीपत में सोमवार सुबह से हल्की बूंदाबांदी हो रही है। अगले दो दिनों तक कुछ स्थानों पर भारी बरसात का अलर्ट है। तीन जुलाई के बाद मौसम में बदलाव के आसार हैं।

रविवार की शाम तक यानी 24 घंटे में हरियाणा में 119.5 एमएम तक बरसात दर्ज की गई। वहीं, अंबाला में भी सोमवार सुबह 9 बजे कई जगहों पर बारिश हुई। बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया। अपने कामकाज के लिए घर से निकले लोगों को आवाजाही में परेशानी झेलनी पड़ी। करीब 40 मिनट तक लगातार बारिश हुई। मौसम विभाग ने 30 जून से 3 जुलाई तक भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

बीते रविवार को भी जिले में 93.7 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई थी। जिससे अंबाला शहर और अंबाला कैंट में ज्यादा बारिश होने से जलभराव हो गया था। बारिश होने से धान की रोपाई कार्य तेज हो गया है। वहीं, राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

# बिजली के बढ़े टैरिफ के विरोध में उतरी कांग्रेस

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

कांग्रेस ने बिजली के बढ़े टैरिफ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए हरियाणा विद्युत नियामक आयोग में समीक्षा याचिका दायर की है। पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रोफेसर संपत सिंह ने सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के विद्युत शुल्क आदेश के बाद जून के दूसरे और तीसरे सप्ताह में पहला बिजली बिल प्राप्त होने पर सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को इस शुल्क आदेश का तगड़ा झटका लगा है।

संपत ने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियां 7964.28 करोड़ यूनिट की विभिन्न बिजली उत्पादन इकाइयों से बिजली 3.12 रुपए प्रति यूनिट के दर खरीद रही है और वे उपभोक्ताओं को 7.29 रुपए प्रति यूनिट की दर से बेच रही हैं। इसके अलावा कुल खरीदी गई बिजली में से उपभोक्ता को केवल 6916 करोड़ यूनिट दी जानी है। रास्ते में नुकसान 22 प्रतिशत से अधिक है इसलिए उपभोक्ता को उस ऊर्जा के लिए 22 प्रतिशत अधिक भुगतान करना होगा जो उन्हें दी ही नहीं है।

संपत सिंह ने कहा कि पहली बार घरेलू उपभोक्ता को भी 50 रुपए प्रति किलोवाट से 75 रुपए प्रति किलोवाट का फिक्सड शुल्क का झटका दिया गया है। प्रति यूनिट की दरें भी 25 से 50 प्रतिशत बढ़ाई गई है। कमर्शियल उपभोक्ता को भी एलटी एंड एचटी आपूर्ति शुल्क के साथ फिक्सड चार्जिज भी 165 रुपए प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 290 रुपए प्रति केवीए कर दिए है।

# सरकारी अस्पतालों से हटाई जाएंगी खराब मशीनें

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में खराब उपकरणों व मशीनों के कारण अब मरीजों को परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। मरीजों की दिक्कतें बढ़ाने वाले ऐसे खराब उपकरणों को अस्पतालों से जल्द हटाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने सरकारी अस्पतालों में इस तरह की खराब मशीनों व उपकरणों की पहचान उन्हें तत्काल प्रभाव से बदलने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। मंत्री राव ने कहा कि प्रदेशभर के सभी सरकारी अस्पतालों में मशीनी उपकरणों की परख करके ब्योरा तैयार किया जाए।

मशीनों में अचानक गड़बड़ी आने से मरीज और तीमारदार दोनों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इसलिए इस तरह के सभी उपकरण की जांच करके ठीक होने वाले उपकरणों की मरम्मत कराई जाए, जो बार-बार खराब हो रहे हैं, उन्हें बदला जाए। मंत्री राव ने कहा कि प्रदेश में कोविड के मामलों में वृद्धि नहीं होना भी स्वास्थ्य विभाग की सजगता का प्रमाण है। लेकिन इसके बावजूद किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाए।

# मातृभूमि एवं प्रकृति के प्रति सम्मान है एक पेड़ मां के नाम : डॉ. अरविंद

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

### सहकारिता मंत्रालय की 'मंथन बैठक' से पहले हरियाणा भवन में रोपे 2 पौधे

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एक प्रयास है, जो हमारी मातृभूमि व प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दिल के करीब यह अभियान हमारी जिम्मेदारी है, ताकि हम मिलकर देश व प्रदेश में पर्यावरण को बेहतर बना सकें।

सोमवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने हरियाणा भवन परिसर स्थित डिस्पेंसरी में आम्रपाली आम एवं अमरूद के दो पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपित किए।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत मंडपम में राज्यों के सहकारिता मंत्रियों एवं प्रशासनिक सचिवों की बैठक में शामिल होने से पहले सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के दौरान भी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने पर बल दिया। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि एक हरे और समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा।

उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने उपस्थितजनों के साथ-साथ आमजन से भी आह्वान किया कि वो भी पौधारोपण करते हुए प्रकृति संरक्षण की इस नायाब मुहिम का हिस्सा बनें।

## देश-विदेश

# आदिवासी समाज की शौर्यगाथा हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा : प्रधानमंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली



हूल दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संथाल क्रांति के वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने उन स्वतंत्रता सेनानियों व अन्य बहादुर आदिवासी शहीदों की चिरस्थायी विरासत को नमन किया, जिन्होंने औपनिवेशिक उत्पीड़न के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति दी।

मोदी ने एक्स पर लिखा, 'हूल दिवस हमें अपने आदिवासी समाज के अदम्य साहस की याद दिलाता है। ऐतिहासिक संथाल क्रांति से जुड़े इस विशेष अवसर पर सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के साथ ही उन सभी वीर-वीरांगनाओं का हृदय से नमन और वंदन, जिन्होंने विदेशी हुकूमत के अत्याचार के खिलाफ लड़ते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। उनकी शौर्यगाथा देश की हर पीढ़ी को मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए प्रेरित करती रहेगी।' (अनंत ज्ञान)

### अन्याय के खिलाफ एकजुटता की मिसाल की कायम

**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने संथाल क्रांति के योद्धाओं को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा, आज हूल दिवस पर हम उन वीर आदिवासी भाइयों-बहनों को नमन करते हैं, जिन्होंने महान सिदो और कान्हू के नेतृत्व में औपनिवेशिक शासन के खिलाफ ऐतिहासिक संथाल हूल विद्रोह का बिगुल फूंका। यह जनक्रांति न केवल अपनी जमीन, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए थी, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण अध्याय भी बनी। इस विद्रोह में हजारों आदिवासी भाइयों-बहनों ने प्राणों की आहुति दी, इसने अन्याय के खिलाफ एकजुटता की मिसाल कायम की। उन वीर हुतात्माओं का साहस और बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

### सोना-चांदी के दाम में बढ़ोतरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 30 जून को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 102 रुपए बढ़कर 95,886 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 95,784 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 317 रुपए बढ़कर 1,05,510 प्रति किलोग्राम हो गई है। वहीं, 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए और सोने ने 99,454 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,724 रुपए बढ़कर 95,886 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 19,493 रुपए बढ़कर 1,05,510 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 452 अंक गिरकर 83,606 पर बंद, निफ्टी भी 121 अंक लुढ़का

## सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में दर्ज की गई गिरावट

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 30 जून को सेंसेक्स 452 अंक गिरकर 83,606 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 121 अंक की



गिरावट रही, यह 25,517 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 12 में तेजी और 18 में गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 3.10 प्रतिशत चढ़ा, BEL और SBI में भी 2 प्रतिशत तक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति के शेयरों में 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। दूसरी ओर निफ्टी के 50 शेयरों में से 19 में तेजी और 31 में गिरावट रही। NSE के सरकारी बैंकों के इंडेक्स में 2.66 प्रतिशत की तेजी रही। फार्मा, आईटी, मीडिया और हेल्थकेयर में भी 1 प्रतिशत की तेजी रही। (अनंत ज्ञान)

### ग्लोबल मार्केट में तेजी

**एशियाई** बाजारों में जापान का निक्केई 0.84 प्रतिशत ऊपर 40,487 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.52 प्रतिशत चढ़कर 3,072 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.87 प्रतिशत गिरकर 24,072 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.59 प्रतिशत ऊपर नीचे 3,444 पर बंद हुआ। 27 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 1.00 प्रतिशत चढ़कर 43,819 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.52 प्रतिशत ऊपर 20,273 पर और एसएंडपी 500 0.52 प्रतिशत चढ़कर 6,173 पर बंद हुए।

# देश में औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार घटी

एजेंसी, नई दिल्ली

देश की औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार मई 2025 में धीमी होकर सिर्फ 1.2 फीसदी रह गई है, जो कि पिछले 9 महीनों का सबसे निचला स्तर है। यह गिरावट मुख्य रूप से उत्पादन (मैन्युफैक्चरिंग), खनन (माइनिंग) और बिजली (पावर सेक्टर) के कमजोर प्रदर्शन के कारण हुई है। यह जानकारी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों से मिली। पिछले साल मई 2024 में औद्योगिक उत्पादन में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। इसकी तुलना में इस साल की बढ़ोतरी काफी कम है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर (उद्योग/उत्पादन क्षेत्र) की बढ़ोतरी घटकर 2.6 फीसदी रही, जबकि पिछले साल मई में यह 5.1 फीसदी थी। (अनंत ज्ञान)

# दलित लड़कियों को आतंकी बनाने के आरोप में 2 गिरफ्तार

एजेंसी, प्रयागराज

यूपी के प्रयागराज की नाबालिग दलित लड़की को केरल में आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने नाबालिग लड़की को अगवा किया। उसे प्रयागराज से केरल ले गए। जबरन धर्म परिवर्तन कराया। फिर उसे जिहाद के नाम से ट्रेनिंग देने लगे। इसी बीच पीड़ित वहां से भागकर केरल के एक रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां रेलवे पुलिस को उसने आपबीती सुनाई। केरल पुलिस ने प्रयागराज पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस नाबालिग को प्रयागराज लेकर आई। पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कैफ और उसकी साथी एक नाबालिग लड़की को अरेस्ट कर लिया। आरोपियों के गिरोह में कौन-कौन शामिल हैं? यह गिरोह अब तक कितने लोगों को शिकार बना चुका है? इसकी जांच के लिए पुलिस की 3 टीमें बनाई गई हैं। वहीं मामला आंतकी ट्रेनिंग से जुड़ा होने के कारण एटीएस की प्रयागराज यूनिट फूलपुर थाने पहुंची। एटीएस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आतंकी साजिश को लेकर जांच शुरू की है। बताया गया कि एटीएस पीड़ित नाबालिग दलित से भी पूछताछ करेगी। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद अमेरिकी कंपनियों पर टैक्स नहीं लगाएगा कनाडा

## कनाडा ने डिजिटल सर्विस टैक्स लगाने का फैसला वापस लिया

एजेंसी, वॉशिंगटन

कनाडा ने रविवार देर रात अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनियों पर डिजिटल सर्विस टैक्स लगाने का अपना फैसला वापस ले लिया है। कनाडाई सरकार 30 जून से अमेरिकी कंपनियों पर डिजिटल सर्विस टैक्स लगाने वाली थी। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक बयान में कहा कि वह और ट्रंप अब व्यापार वार्ता फिर से शुरू करने पर राजी हो गए हैं।

कनाडाई वित्त मंत्रालय के मुताबिक, कार्नी और ट्रंप के बीच 21 जुलाई तक व्यापार समझौते पर फिर से बातचीत शुरू हो सकती है। ट्रंप ने 27 जून को कनाडा को धमकी दी थी कि अगर उसने अमेरिकी कंपनियों पर टैक्स लगाया, तो वे कनाडा पर जल्द नया टैरिफ लगा देंगे। टंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, 'हम कनाडा को अगले 7 दिनों में बता देंगे कि उसे अमेरिका के साथ बिजनेस करने के लिए कितना टैरिफ देना होगा।' (अनंत ज्ञान)

### पिछले साल पास हुआ था डिजिटल सर्विस टैक्स

**कनाडा** की संसद में डिजिटल सर्विसेज टैक्स एक्ट पिछले साल 20 जून, 2024 को पास हुआ था। हालांकि, यह टैक्स एक साल बाद 30 जून, 2025 से लागू होना था। लागू होने से कुछ घंटे पहले ही कनाडा सरकार ने इस पर यू टर्न ले लिया। ट्रंप के टैरिफ को लेकर बातचीत से पीछे हटने के बाद कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा था कि वह कनाडा की जनता के हित में अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखना चाहते हैं।

## विरोध-प्रदर्शन

### हजारों प्रदर्शनकारियों ने सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड और अन्य शहरों में बंद कर दीं सड़कें

# सर्बिया में राष्ट्रपति के इस्तीफे के लिए सड़कों पर उतरे लोग

एजेंसी, बेलग्रेड

सर्बिया में राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के इस्तीफे और तुरंत चुनावों की मांग को लेकर कई शहरों में प्रदर्शन ने एक बार फिर से जोर पकड़ लिया है। रविवार रात से सोमवार सुबह तक हजारों प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बेलग्रेड और अन्य शहरों में सड़कें जाम कर दीं। प्रदर्शनकारियों ने बेलग्रेड में कई जगहों पर लोहे की बाड़ और कचरे के कंटेनर से सड़कों को ब्लॉक कर दिया। सावा नदी पर बने पुल पर भी गाड़ियों की आवाजाही रोक दी गई। नोवी सैड में प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ पोपुलिस्ट



सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी के ऑफिस पर अंडे फेंके। इससे पहले शनिवार रात बेलग्रेड में लगभग 1 लाख 40 हजार लोग सड़कों पर उतरे थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले और साउंड बम दागे और दर्जनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब इनकी रिहाई की मांग हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### थाईलैंड में पीएम शिनवात्रा के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी, बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में शनिवार को हजारों लोगों ने प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन कंबोडिया के साथ सीमा विवाद के बीच हुआ। मई में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक विवादित बॉर्डर इलाके को लेकर झड़प हुई थी। इसके बाद पाइतोंग्तार्न ने कंबोडिया के पूर्व पीएम हुन सेन से फोन पर बात की। इस बातचीत में शिनवात्रा ने सेना के जनरल बून्सिन पड़क्लांग की आलोचना की थी। इस बातचीत का बाद में ऑडियो लीक हो गया। जिसे लेकर शिनवात्रा को माफी मांगनी पड़ी। बैंकॉक पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने शिनवात्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर अपना विरोध तेज करने की कसम खाई है। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को विजय स्मारक पर अपनी रैली बाद यह शपथ ली।

## स्पोर्ट्स विंडो

### दुबई में आयोजित की जाएगी पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पहली विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) अगले साल फरवरी मार्च में दुबई में आयोजित की जाएगी जिसमें 30 देश भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस प्रतियोगिता को अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) से मान्यता हासिल है। यह फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता है जिसमें भारत सहित दुनिया भर के खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। लीग का संचालन करने वाली एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और संस्थापक संभव जैन ने कहा, ''कबड्डी न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक खेल समुदाय के लिए एक बड़े मंच का हकदार रहा है। डब्ल्यूएसकेएल के जरिए हमारा लक्ष्य दर्शकों को इस खेल से जोड़ना, अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को सामने लाना और ओलंपिक मान्यता की दिशा में निर्णायक कदम उठाना है।'' लीग में कुल आठ फ्रेंचाइजी टीम हिस्सा लेंगी। भारत सहित दक्षिण कोरिया, ईरान, थाईलैंड, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, कनाडा और अमेरिका जैसे देशों ने इसमें खेलने की पुष्टि कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### हॉकी का असली टूर्नामेंट क्वार्टर फाइनल से शुरू होगा : श्रीजेश

**एजेंसी, बेंगलुरू।** भारत के कोच पीआर श्रीजेश ने कहा कि नये प्रारूप में एफआईएच जूनियर विश्व कप खेलना रोमांचक होगा और असल टूर्नामेंट की शुरूआत क्वार्टर फाइनल से होगी। चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक जूनियर हॉकी विश्व कप खेला जाएगा। पहली बार विश्व कप में 24 टीमें भाग लेंगी जबकि पहले 12 टीमें होती थी। वर्ष 2001 से यह 16 टीमों का टूर्नामेंट होता आया है । नए प्रारूप में टीमों को छह पूल (ए से एफ) में बांटा जाएगा और हर पूल में चार टीमें होंगी। ग्रुप की विजेता छह टीमें और दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। भारत को पूल बी में पाकिस्तान, चिली और स्विटजरलैंड के साथ रखा गया है । श्रीजेश ने कहा ,'' हम मैच दर मैच रणनीति बनाएंगे। अधिक अंक लेने की कोशिश करेंगे ताकि क्वार्टर फाइनल में अच्छा स्थान मिले ।'' (अनंत ज्ञान)

### भारतीय महिला फुटबॉलर सौम्या की नाक की हड्डी में फ्रैक्चर के बाद सर्जरी

**एजेंसी, चियांग माई (थाईलैंड)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की मिडफील्डर सौम्या गुगुलोथ की तिमोर-लेस्ते के खिलाफ यहां खेले गए एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया जिसकी बाद में सर्जरी करानी पड़ी। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी फिलहाल टीम होटल में स्वास्थ्य लाभ कर रही है। भारत ने रविवार को ग्रुप मैच 4-0 से जीतकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को एक्स पर मेडिकल अपडेट में कहा, ''तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दूसरे हाफ के दौरान सौम्या गुगुलोथ की नाक की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया और कल रात (रविवार) उनकी सफल सर्जरी की गई। अब उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वह टीम होटल में लौट आई हैं।'' इस एकतरफा मुकाबले में भारत की तरफ से विंगर मनीषा कल्याण (12वें और 80वें मिनट) ने दो जबकि अंजू तमांग (58वें मिनट) और लिंडा कोम सेर्टो (86वें मिनट) ने एक एक गोल किया। सौम्या को गोल करने के दो मौके मिले थे लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा सकी। (अनंत ज्ञान)

### एलिस कैप्सी का बेहतरीन स्टाइल

**इंग्लैंड।** एलिस कैप्सी क्रिकेट जगत की उभरती हुई स्टार हैं जो अपनी युवा आकर्षण और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। उनकी प्राकृतिक सुंदरता और ऊर्जावान उपस्थिति उन्हें देखने लायक सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में से एक बनाती है।



### एवर्टन के स्ट्राइकर कैल्वर्ट-लेविन नौ साल बाद क्लब से होंगे विदा

**एजेंसी, लंदन।** एवर्टन फुटबॉल क्लब के स्टार स्ट्राइकर डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन ने रविवार को घोषणा की कि वह जून के अंत में अपना अनुबंध समाप्त होने के बाद क्लब को छोड़ देंगे। वह अब फ्री एजेंट के रूप में उपलब्ध होंगे। 28 वर्षीय कैल्वर्ट-लेविन ने नौ सीजन तक क्लब का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने कुल 274 मैचों में 71 गोल किए। उन्होंने यह फैसला सोशल मीडिया पर एक ओपन लेटर के ज़रिए साझा किया। उन्होंने लिखा,'एवर्टन फुटबॉल क्लब और एवर्टोनियंस को–पिछले नौ शानदार वर्षों के बाद मैंने अपने परिवार के साथ मिलकर करियर में एक नया अध्याय शुरू करने का कठिन निर्णय लिया है।' उन्होंने आगे लिखा, 'यह निर्णय लेना मेरे लिए आसान नहीं था। 19 साल की उम्र में जब मैंने इस क्लब में कदम रखा था, तभी से यह मेरा घर बन गया। इस क्लब ने मुझे निखारा, चुनौती दी और एक खिलाड़ी के साथ-साथ एक इंसान के रूप में भी तराशा।' उन्होंने लिखा, 'यह फैसला केवल मेरा नहीं है, बल्कि मेरे परिवार के साथ मिलकर लंबे विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। हमें लगता है कि अब एक नई चुनौती को अपनाने और खुद को आगे बढ़ाने का सही समय है। हालांकि इससे एवर्टन से मेरा जुड़ाव कभी कम नहीं होगा।' कैल्वर्ट-लेविन ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सीजन 2019-20 और 2020-21 में बिताए थे। हालांकि इसके बाद से वह चोटों से जूझते रहे और केवल 34 लीग मैचों में सात गोल ही कर सके। बीते सीजन में उन्होंने प्रीमियर लीग में 26 मैच खेले जिनमें से 19 बार वह शुरुआती एकादश में शामिल रहे। एवर्टन और उसके प्रशंसकों के लिए यह एक भावनात्मक विदाई होगी।(अनंत ज्ञान)

**दूसरा महिला टी20 मैच** स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत

**एजेंसी, ब्रिस्टल**

पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।



नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था।

मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई।

**इंग्लैंड की टीम वापसी के लिए बेताब, भारतीय टीम को रहना होगा सतर्क**

उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था जिन्होंने अपने पहले टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी–20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं। भारतीय खिलाड़ियों को बेंगलुरू में लंबे शिविर के बाद इंग्लैंड में जल्दी पहुंचने और कुछ अभ्यास मैचों में खेलने से लय हासिल करने में मदद मिली और पहले मैच में उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी प्रमुख तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्राकर के चोटिल होने के बावजूद बेहतर टीम नजर आ रही थी।

हरलीन देओल को तीसरे नंबर पर उतारने का फैसला भी सही साबित हुआ क्योंकि उन्होंने मंधाना के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी।

यह श्रृंखला निश्चित रूप से भारत की युवा खिलाड़ियों को अगले साल इंग्लैंड में होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों का जायजा लेने में मदद करेगी।

खेल के सबसे छोटे प्रारूप में हालांकि समीकरण बदलने में देर नहीं लगती और इसलिए भारतीय टीम को सतर्क रहना होगा क्योंकि इंग्लैंड की टीम वापसी करने के लिए बेताब होगी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : रात 11:00 बजे शुरू**

**संभावित टीमें**

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड।** नताली साइवर-ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स (विकेट कीपर), डैनी व्याट-हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, लिन्सी स्मिथ, इसी वोंग।

## आयुष ने बीडब्ल्यूएफ टूअर पर जीता पहला खिताब, तन्वी उपविजेता रही





**एजेंसी, आयोवा ( अमेरिका )**

उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता।

**विश्व टूअर पर भारत के खिताबी सूखे को किया खत्म**

आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूअर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21–18, 21–13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है।

यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर–वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11–21, 21–16, 10–21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।( अनंत ज्ञान)

## मेस्सी की इंटर मियामी को हराकर पीएसजी क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, अटलांटा**



जोआओ नेवेस ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए दो गोल किए जिससे चैंपियंस लीग के चैंपियन ने विश्व के महानतम खिलाड़ियों में से एक लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली इंटर मियामी को 4–0 से हराकर शान से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

मेस्सी उस टीम का सामना कर रहे हैं, जहां उन्होंने अपने शानदार करियर के अंतिम चरण में मेजर लीग सॉकर में जाने से पहले दो सत्र बिताए थे। अटलांटा के मर्सिडीज बेंज स्टेडियम में 65,574 दर्शकों के अपार समर्थन के बावजूद अर्जेंटीना का स्टार खिलाड़ी कुछ कमाल नहीं कर पाया और उनकी टीम को बड़ी पराजय का सामना करना पड़ा। नेवेस ने मैच के छठे मिनट में अपना पहला गोल दागा। पुर्तगाल के इस मिडफील्डर ने 39वें मिनट में एक और गोल किया। इंटर मियामी पहले हाफ के अंतिम चरण में पूरी तरह से बिखर गया और उसने आत्मघाती गोल कर दिया। अचरफ हकीमी ने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करके पीएसजी को मध्यांतर से पहले चार गोल की बढ़त दिला दी।

पीएसजी की इस जीत ने एक महीने पहले खेले गए चैंपियंस लीग के फाइनल की याद ताजा कर दी जब फ्रांस के इस क्लब ने इंटर मिलान को 5–0 से हराकर पहली बार यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। पीएसजी का मुकाबला शनिवार को अटलांटा में बायर्न म्यूनिख से होगा। जर्मन क्लब ने अंतिम 16 के एक अन्य मैच में ब्राजील के फ्लेमेंगो को 4–2 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## बायर्न म्यूनिख ने फ्लेमेंगो को 4–2 से हराया

**एजेंसी, मियामी गार्डन्स ( अमेरिका )**

इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन के दो गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने अच्छी शुरुआत का फायदा उठाते हुए रविवार को यहां क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 के मुकाबले में फ्लेमेंगो को 4–2 से हरा दिया। जर्मनी के प्रमुख फुटबॉल क्लब ने पहले 10 मिनट में ही 2–0 की बढ़त बना ली। इसके बाद उसने फ्लेमेंगो के वापसी के प्रयासों को विफल कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बायर्न म्यूनिख का सामना शनिवार को अटलांटा में चैम्पियंस लीग विजेता पेरिस सेंट–जर्मेन से होगा, जिसने लियोनेल मेस्सी की इंटर मियामी को 4–0 से हराया।

केन ने अपना पहला गोल मैच के नौवें मिनट में किया जिससे बायर्न दो गोल से आगे हो गया। फ्लेमेंगो को कई मौके मिले, लेकिन ब्राजीली क्लब उनका फायदा उठाने में विफल रहा। गेर्सन ने 32वें मिनट में फ्लेमेंगो की तरफ से पहला गोल किया लेकिन 41वें मिनट में लियोन गोरेत्ज्का ने बायर्न की दो गोल की बढ़त बहाल कर दी। दूसरे हाफ में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ब्राजील के क्लब को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन केन ने 73वें मिनट में मैच का दूसरा और टूर्नामेंट का तीसरा गोल करके जर्मनी के क्लब की जीत सुनिश्चित की।( अनंत ज्ञान)



## वाणी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में संयुक्त छठे, दीक्षा डागर आठवें स्थान पर रही

**एजेंसी, हैमबर्ग ( जर्मनी )**



भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने अमूंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में निराशाजनक तीसरे दौर के बाद शानदार वापसी करते हुए अंतिम दौर में दो अंडर 71 के स्कोर के साथ अपने अभियान को संयुक्त छठे स्थान के साथ खत्म किया। वाणी अक्टूबर 2022 के बाद एलईटी (लेडीज यूरोपीय टूर) पर पहली बार शीर्ष 10 में रही है।

**वाणी 2022 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में रही**

उन्होंने इससे पहले हीरो महिला इंडियन ओपन में संयुक्त आठवां स्थान हासिल किया था। मौजूदा सत्र में अपना तीसरा टूर्नामेंट खेल रहीं वाणी ने इस सप्ताह 72, 70, 76, 71 के स्कोर के साथ कुल तीन अंडर का स्कोर बनाया।

भारत की दीक्षा डागर भी संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में रही। दीक्षा ने चौथे दिन एक ओवर 74 का कार्ड खेला। शुरुआती दो दिनों में 69, 73 का कार्ड खेलने के बाद दीक्षा शीर्ष पांच में थी लेकिन तीसरे और चौथे दौर में 74, 74 के कार्ड के बाद वह संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी।

कट में प्रवेश करने वाली एक अन्य भारतीय अवनि प्रशांत पार 73 के कार्ड के साथ संयुक्त 26वें स्थान पर रही।

अवनि ने शुरुआती तीन दौर में 73, 74, 74 के कार्ड खेले थे। सिंगापुर की शैनन टैन अंतिम दिन तीन ओवर 76 का कार्ड खेलने के बावजूद एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रही। शैनन का एलईटी पर यह दूसरा खिताब है। शैनन (70,69,68,76) ने जर्मनी की हेलन ब्रीम (68, 70, 73, 73) को करीबी मुकाबले में पछाड़कर खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

## अजहर महमूद पाकिस्तान की टेस्ट टीम के अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त

**एजेंसी, लाहौर।** पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद को सोमवार को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया और वह अपने मौजूदा अनुबंध समाप्त होने तक इस पद पर बने रहेंगे। उनका मौजूदा अनुबंध अगले साल अप्रैल तक है।

महमूद ने पिछले साल अप्रैल में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ सभी प्रारूपों में सहायक कोच के रूप में दो साल का अनुबंध किया था। उनके साथ ऑस्ट्रेलिया के जेसन गिलेस्पी (टेस्ट) और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन (सीमित ओवर) मुख्य कोच के रूप में टीम के साथ थे। यह दोनों हालांकि बाद में अपने पद से हट गए थे।



पीसीबी ने एक बयान में कहा, ''पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज अजहर महमूद को पाकिस्तान की पुरुष टेस्ट टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया। अजहर अपने मौजूदा अनुबंध के समाप्त होने तक इस भूमिका में रहेंगे।'' पचास वर्षीय महमूद ने 1996 से 2007 के बीच पाकिस्तान के लिए 21 टेस्ट और 143 एकदिवसीय मैच खेले हैं और उनका अनुभव काफी अच्छा रहा है। (अनंत ज्ञान )

## खेल को बेहतर तरीके से समझने में मदद करेगा एसएलआई : श्रियंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा हाल ही में देश की पहली शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) की घोषणा के बाद शूटिंग खेल को लेकर देशभर में उत्साह का माहौल है। इस नई पहल को लेकर खेल जगत में चर्चाएं जोरों पर हैं।

भारतीय अंतरराष्ट्रीय शूटर श्रियंका साधांगी ने इस लीग के पहले संस्करण को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। हम सभी लंबे समय से चाहते थे कि एक शूटिंग लीग हो और अब देखना दिलचस्प होगा कि यह कैसे आगे बढ़ती है। यह सभी के लिए एक शानदार अवसर है। एसएलआई युवाओं को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।



श्रियंका मानती हैं कि यह लीग खिलाड़ियों को पहचान दिलाने और खेल को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, यह खेल और हमारे लिए एक बेहतरीन अवसर है। हमारे पास कई अच्छे, अंतरराष्ट्रीय स्तर के शूटर हैं जो इस लीग का हिस्सा बनने जा रहे हैं। भारतीय शूटिंग टीम का स्तर अब बहुत ऊंचा हो चुका है। मैं चाहती हूं कि उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान मिले। इस खेल में जितनी सटीकता, मेहनत और कौशल लगता है, वह लोगों को जानना चाहिए। उन्होंने कहा, एसएलआई लोगों को यह समझने में मदद करेगा कि खिलाड़ी कैसे तैयारी करते हैं, उनके ट्रेनिंग के तरीके क्या हैं और प्रतियोगिताओं का प्रारूप कैसा होता है। इस लीग से लोगों को खिलाड़ियों को गहराई से जानने का मौका मिलेगा और इससे खेल को नई पहचान मिलेगी।

30 वर्षीय श्रियंका ने यह भी बताया कि शूटिंग को आम दर्शकों के लिए ज्यादा रोचक कैसे बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, हम शूटर्स की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी बातें दिखा सकते हैं, क्योंकि लोग इससे जुड़ाव महसूस करते हैं। जैसे कि खिलाड़ी अपने खाली समय में क्या करते हैं या उनके जीवन की झलक दिखाना–इससे दर्शक जुड़ेंगे और प्रेरित भी होंगे।

अगर इसे रोचक और मनोरंजक ढंग से पेश किया जाए, तो यह लोगों को बहुत पसंद आएगा। खेलों के सामाजिक प्रभाव को लेकर उन्होंने कहा, अगर हम खेल को अपनी संस्कृति का हिस्सा बना पाएं तो समाज को इसका बहुत लाभ मिलेगा। युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगेगी। खेल व्यक्ति के चरित्र और व्यक्तित्व को निखारता है। यह समाज निर्माण का एक बेहतरीन माध्यम है। (अनंत ज्ञान)

**निराशा** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड पर भड़के फारुख इंजीनियर, कहा–

# पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर ईसीबी ने किया गलत

**एजेंसी, बर्मिंघम**

दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के करीबी मित्र फारुख इंजीनियर ने कहा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम बदलकर गलत किया तथा इस पूर्व कप्तान के नाम पर पदक देने का फैसला उनके जैसे प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया।



ईसीबी ने 2007 में भारत–इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के लिए पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत की थी, लेकिन पांच मैचों की वर्तमान श्रृंखला शुरू होने से पहले इसका नाम बदलकर एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले की सुनील गावस्कर जैसे क्रिकेटरों ने आलोचना की थी। इंजीनियर भी इस फैसले से निराश हैं लेकिन इसके साथ उन्हें यह भी लगता है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद हैं। तेंदुलकर ने ईसीबी से संपर्क किया, जिसके बाद घरेलू बोर्ड ने श्रृंखला जीतने वाली टीम के कप्तान को पटौदी पदक देने का फैसला किया। मैनचेस्टर में रहने वाले इंजीनियर ने पीटीआई से कहा, ''टाइगर पटौदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। मेरे बहुत अच्छे सहयोगी थे। हमने काफी टेस्ट मैच साथ में खेले। मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब 2007 में ट्रॉफी का नाम उनके नाम पर रखा गया।''

**सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियां निर्विवाद**

उन्होंने कहा, ''एक ओर जहां मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि पटौदी का नाम हटा दिया गया। मैं चाहता हूं कि टाइगर का नाम इस ट्रॉफी से जुड़ा रहता लेकिन इसके बजाय सचिन और एंडरसन के नाम पर इस ट्रॉफी का नाम रखने का फैसला किया गया जो खेल के दिग्गज हैं।'' इंजीनियर ने कहा, ''इसके (पटौदी पदक की शुरुआत) बारे में बाद में सोचा गया। उन्हें इसकी घोषणा शुरू में ही कर देनी चाहिए थी, इससे अधिक विश्वसनीयता होती, लेकिन कम से कम उन्होंने कुछ तो किया। उम्मीद है कि पटौदी नाम इसे हमेशा जुड़ा रहेगा।'' (अनंत ज्ञान)

**पटौदी परिवार का भारत इंग्लैंड क्रिकेट से गहरा नाता**

**पटौदी** परिवार का भारत-इंग्लैंड क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर दोनों ने भारत की कप्तानी की और दोनों ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला। दूसरी तरफ तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जबकि एंडरसन ने तेज गेंदबाज के रूप में पारंपरिक प्रारूप में सर्वाधिक विकेट लिए हैं। इंजीनियर ने कहा, ''तेंदुलकर और एंडरसन की उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इस कहानी के दो पहलू हैं। उन्होंने पदक का नाम पटौदी के नाम पर रखा है जो बहुत सोच-समझकर किया गया फैसला है। '' उन्होंने कहा, ''यह फैसला पटौदी के मुझे जैसे कई समर्थकों को खुश करने के लिए किया गया लेकिन आप उन्हें ट्रॉफी का नाम सचिन और एंडरसन के नाम पर रखने के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते। मुझे उम्मीद है कि वे शर्मिला टैगोर (मंसूर की पत्नी) और उनके बेटे सैफ अली खान को पदक प्रदान करने के लिए आमंत्रित करेंगे।''

## स्टीव स्मिथ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार

**एजेंसी, सेंट जॉर्ज ( ग्रेनाडा )**

ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपने दाएं हाथ की छोटी उंगली पर लगी चोट से उबरने के लिए बेसबॉल का सहारा लिया और अब वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। स्मिथ को इस महीने की शुरुआत में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान पहली स्लिप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का मुश्किल कैच लेने की कोशिश करते समय दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लग गई थी।



इस 36 वर्षीय पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अपने घाव को साफ करने, टांके लगाने और उंगली में पट्टी लगाने के बाद तुरंत लंदन छोड़ दिया। चोट के अपने आप ठीक होने का इंतजार करने के बजाय उन्होंने न्यूयॉर्क में ''बेसबॉल केज'' में जाने का फैसला किया, जहां उनका एक अपार्टमेंट है। चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 159 रन जीता था।

न्यूयॉर्क में उन्होंने सख्त क्रिकेट गेंद का सामना करने से पहले नेट पर टेनिस गेंद और अन्य हल्की गेंदों से अभ्यास शुरू किया। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने स्मिथ के हवाले से कहा, ''मेरे दोस्त ने मुझे इसके बारे में बताया, जो कि आदर्श था, क्योंकि वहां (न्यूयॉर्क में) मौसम काफी गर्म था। मैंने बेसबॉल केज में अभ्यास किया जल्दी ठीक होने में मदद मिली।( अनंत ज्ञान)